✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✶ पटना संस्करण

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 162 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, रविवार, 9 नवम्बर 2025 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



वाराणसी में वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखाने के पहले प्रधानमंत्री का अभिवादन करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

## संक्षिप्त समाचार

### वीवीपैट से निकली हजारों पर्चियां फेंकी हुई मिलीं, एआरओ निलंबित

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** सरायरंजन विधानसभा के शितलपट्टी गांव के पास हजारों वीवीपैट पर्चियां कूड़े में फेंकी हुई पाई गईं। चुनाव आयोग ने इस पर बड़ा एक्शन लिया है। डीएम को जांच करवाकर कार्रवाई का आदेश दिया है। संबंधित एआरओ को सस्पेंड कर दिया गया है। उनपर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। दो अन्य कर्मियों पर भी लापरवाही के आरोप में कार्रवाई की जा रही है। पहले चरण के तहत 6 नवंबर को सरायरंजन विधानसभा सीट पर मतदान हुआ था लेकिन 8 नवंबर की सुबह शितलपट्टी गांव में वीवीपैट से निकली हजारों पर्चियां कूड़े में फेंकी हुई मिलीं। वीवीपैट की पर्ची फेंकी मिलने के बाद हजारों की संख्या में लोग जुट गये और जमकर बवाल करने लगे।

### संदिग्ध हालात में मिला बुजुर्ग दंपति का शव

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के हिलसा थाना अंतर्गतकाजी बाजार मोहल्ले में शुक्रवार की रात एक बुजुर्ग दंपति की संदिग्ध हालत में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों में 75 वर्षीय मनोहर प्रसाद और उनकी 70 वर्षीय पत्नी सुशीला देवी शामिल हैं। मृतकों के परिवार और पड़ोसी घटना के बारे में किसी भी तरह की जानकारी देने को तैयार नहीं हैं। पड़ोसियों ने बताया कि दंपति पिछले चार-पांच दिनों से घर के अंदर ही थे। घटना का पता तब चला जब पटना में रहने वाले बेटे ने पड़ोसी से संपर्क किया और बताया कि उनके माता-पिता फोन नहीं उठा रहे हैं। पड़ोसियों ने घर के अंदर देखा तो पत्नी अर्धनग्न अवस्था में पति के साथ लिपटी हुई थीं।

# बिहार में एनडीए की जीत खोलेगी विकास व समृद्धि की राह : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सीतामढ़ी/बेतिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सीतामढ़ी की धरती मेरे लिए माता सीता का मायका है और अयोध्या में उनके दामाद, प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन चुका है। उन्होंने कहा कि अब माता के मायके पुनौरा धाम की भव्यता पूरी दुनिया देखेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार तीर्थस्थलों का विकास कर रही है जबकि कांग्रेस और राजद के लोग आस्था का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नामदार नेताओं ने छठ महापर्व को ड्रामा और नौटंकी कहा था। पीएम मोदी ने कहा कि छठ महापर्व हमारी बिहार की माताओं-बहनों की तपस्या और गौरव का पर्व है। जो लोग हमारी संस्कृति, परंपरा और छठ मैया का अपमान करते हैं उन्हें जनता जरूर सजा देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गन्ना किसानों के हित में सरकार गन्ने से इथेनॉल बनाने को बढ़ावा दे रही है ताकि किसानों की आमदनी बढ़े। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए जो वादा करते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। मोदी की गारंटी का मतलब है, गारंटी पूरी होने की गारंटी। प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि बिहार में दोबारा एनडीए सरकार बनने पर विकास की रफ्तार और तेज होगी और जनता के कल्याण के लिए और ज्यादा काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार विकास के साथ-साथ बिहार की संस्कृति और विरासत का भी सम्मान कर रही है। सीतामढ़ी क्षेत्र को रामायण सर्किट से जोड़ा जा रहा है और सीतामढ़ी से अयोध्या के लिए सीधी रेल सेवा इसी योजना का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेतिया में कहा कि बिहार में एनडीए की विजय विकास की एक बड़ी ताकत साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस चुनाव अभियान में उन्होंने बिहार के सपनों और संकल्पों पर व्यापक चर्चा की है। पीएम ने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार ने अब तक जो काम किया है और भविष्य में जो योजनाएं हैं, उसका रोडमैप हमने बिहार की जनता के सामने रखा है। उन्होंने कहा कि बिहार ने देश को सामाजिक न्याय की परिभाषा दी है। अब बिहार समृद्ध और विकसित भारत का नया उदाहरण बनेगा।

## प्रगति के भागीरथ हैं नरेंद्र मोदी, देश में बह रही विकास की गंगा : नित्यानंद राय

**- विनय कुमार**



**सिकंदरा (जमुई)।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि गरीबों के मसीहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रगति के भागीरथ हैं और उनके प्रयास से विकास की गंगा बिहार समेत देश के गांव-गांव, घर-घर, शहर-शहर तक पहुंची है। श्री राय ने आज बिहार के सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार हिंदुस्तानी आवम मोर्चा (हम) के प्रफुल्ल कुमार मांझी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उस विकास की गंगा को सफलतापूर्वक बिहार के जन-जन तक पहुंचाया है, जिसके श्रोत प्रधानमंत्री मोदी हैं। उन्होंने कहा कि अब बिहार में विकास की धारा रुकेगी नहीं और जंगल राज आएगा नहीं। उन्होंने कहा कि जंगल राज ने बिहार को बदनाम और बीमार बना दिया था लेकिन 20 वर्षों के एनडीए सरकार में बिहार में विकास तेजी से हुआ है। इस समय प्रदेश में लोगों को अपने बच्चों का भविष्य और क्षेत्र का विकास चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार के लोगों को कोई जातीय उन्माद नहीं चाहिए। यहां के नागरिकों को सड़क बिजली पानी अस्पताल स्कूल और प्रधानमंत्री की गरीब कल्याणकारी योजनाएं, मुफ्त अनाज, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना से घर, किसानों को सम्मान निधि और इलाज चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं का पूरे बिहार के लोगों पर असर है और (शेष पृष्ठ 10 पर)

## पद की गरिमा बनाए रखने में प्रधानमंत्री विफल : प्रियंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कटिहार।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कटिहार में आयोजित अपनी चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस वही संघर्ष कर रही है, जो महात्मा गांधी ने कभी अन्याय और विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ लड़ा था। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी देश के सभी सार्वजनिक उपक्रमों को अपने कुछ कॉरपोरेट मित्रों के हवाले कर रहे हैं जिससे आम जनता का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा (शेष पृष्ठ 10 पर)

## विकास करने वाले प्रत्याशी हैं प्रमोद सिंह : नीतीश

### रफीगंज में सीएम नीतीश कुमार ने की जदयू प्रत्याशी को जिताने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज( औरंगाबाद)।** शहर के कासमा रोड स्थित आरबीआर खेल मैदान में शनिवार सुबह एनडीए की चुनावी जनसभा हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार में चौतरफा विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निर्धारित समय पर हेलिकॉप्टर से सभा स्थल पहुंचे। रफीगंज विधानसभा से जदयू प्रत्याशी प्रमोद सिंह और गोह विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रणविजय सिंह ने उन्हें माला, अंगवस्त्र और देव के प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया। सभा की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में अपराध चरम सीमा पर था। शाम के बाद लोग भय के कारण घरों से बाहर नहीं निकलते थे। उन्होंने दावा किया कि केंद्र के सहयोग से राज्य में सभी वर्गों के लोगों को ध्यान में रखते हुए सभी क्षेत्रों में विकास किया गया है। बिहार अब एक विकसित राज्य बन चुका है और अगले पांच वर्षों में यह और अधिक ऊंचाइयों को हासिल करेगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण मिलने का भी जिक्र किया। उन्होंने (शेष पृष्ठ 10 पर)






# प्रथम चरण के चुनाव में मिलेगी महागठबंधन को बढ़त : पवन खेड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कार्यसमिति सदस्य और मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन पवन खेड़ा ने आज मौर्या होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में देश के गृह मंत्री अमित शाह पर अधिकारियों के साथ गुप्त बैठकें करने का आरोप लगाया।संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एआईसीसी के कार्यसमिति सदस्य और मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया महागठबंधन प्रथम चरण में स्पष्ट तौर पर 72 सीटों पर बढ़त बनाएगी। यह सभी बूथों और विधानसभाओं से आंकड़े इकट्ठे करने के बाद आपके सामने रख रहे हैं। महागठबंधन की बढ़त से भयभीत होकर एंडी के द्वारा रैलियों और जनसभाओं को अगले चरण में कम किया जा रहा है। इस परिणाम से भयभीत देश के गृह मंत्री अमित शाह घबड़ाए नजर आ रहे हैं इसलिए वे सीसीटीवी, लिफ्ट और ट्रैफिक बंद करके अधिकारियों के साथ गुप्त बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लाइन बंद करने के अलावे भय की स्थिति यह है कि सीसीटीवी कैमरा के ऊपर कागज चिपका कर कैसी बैठकें की जा रही है ये बताना चाहिए गृह मंत्री को कि आखिर उनकी क्या मजबूरी रही है जो उन्हें बैठकें करनी पड़ रही है। आखिर चुनाव के प्रथम चरण बीतने पर उनको कैसी बेचैनी हावी है कि साजिशें करनी पड़ रही है।

एआईसीसी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि प्रथम चरण में बिहार की जनता ने स्पष्ट तौर पर महागठबंधन का साथ निभाया और हमारे द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों पर वोट दिया है। यही स्थिति दूसरे चरण में भी बनी रहेगी और इसी से गृह मंत्री के रातों की नींद उड़ी है और भयभीत होकर लगातार बिहार में कैंप कर रहे हैं लेकिन यह स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं कि किन अधिकारियों के साथ ये बैठकें कर रहे हैं और वो भी सीसीटीवी बंद करके। संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे और बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय मौजूद रहे।

## आजादी के 75 साल बाद भी आपकी जिंदगी में कोई बदलाव नहीं : आजाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** हाई स्कूल चेनारी के प्रांगण में शनिवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी आपकी जिंदगी में कोई बदलाव नहीं आया है। आज भी आप बेबसी, लाचारी और फटेहाल जिंदगी जीने को मजबूर हैं। बेरोजगारी चरम पर है । आखिर कब तक आप अन्याय सहते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार जनता को अपने वोट के बिखराव को रोकना होगा। उन्होंने अपील की कि वोट के चोट को पहचानिए और इस बार प्रत्याशी अमित कुमार पासवान को विजयी बनाइए। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अमित पासवान गरीब का बेटा है जो बीते पांच वर्षों से जनता के दुख-सुख में साथ खड़ा रहा है। उन्होंने अन्य प्रत्याशियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कई उम्मीदवार टिकट पाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं, लेकिन जीडीए प्रत्याशी अमित पासवान आपका अपना बेटा है।

# चुनावों में हो रही धांधली पर प्रियंका गांधी का करारा प्रहार

## प्रियंका ने चुनाव आयुक्तों को दी कड़ी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि जनता भाजपा की असलियत पहचान गई है और उसके खिलाफ हो रही है, इसीलिए सत्ताधारी पार्टी ने चुनाव आयोग की मदद से वोट चोरी करनी शुरू कर दी है। बिहार विधानसभा के चुनाव प्रचार के दौरान कदवा, बरारी और पूर्णिया में आयोजित विशाल जनसभाओं में कांग्रेस महासचिव ने चुनावों में हो रही धांधली पर करारा प्रहार करते हुए वोट चोरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, दोनों अन्य चुनाव आयुक्तों विवेक जोशी और एसएस संधू को भी शामिल बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के इन तीनों अधिकारियों में शर्म नहीं बची है, ये लोकतंत्र की रक्षा का अपना दायित्व निभाने की बजाय जनता के अधिकार छीन रहे हैं। इन्होंने बिहार में भी 65 लाख वोट काट दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि देश इन्हें माफ नहीं करेगा। सेवानिवृत्ति के बाद भी समय आने पर इन्हें जवाब देना पड़ेगा क्योंकि ये लोकतंत्र के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। भीड़ से खचाखच भरे मैदानों में अपने तेज तर्रार भाषण में कांग्रेस महासचिव ने प्रधानमंत्री मोदी की भाषा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे कट्टा, दुनाली, हत्या, अपहरण, गोली, फिरौती, रंगदारी जैसी बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी अपने पद की गरिमा भी नहीं रख रहे हैं। भीड़ के वोट चोरी को लेकर आक्रोशित नारों के बीच प्रियंका गांधी ने सीधा प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि जनता उन्हें पहचान गई है। अब जनता उनके झूठ से गुमराह नहीं हो रही, ध्यान भटकाने और धर्म का नाम लेने से काम नहीं चल रहा। इसलिए वह वोट चोरी पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए नरेंद्र मोदी के उस साम्राज्य के खिलाफ लड़ रही है जो जनता को दबाने और फूट डालने का काम करता है। उन्होंने इस संघर्ष को अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई जैसा बताया। उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा बिहार में निकाली गई वोटर अधिकार यात्रा की अभूतपूर्व सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह यात्रा वोट चोरों से जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निकाली गई थी। बिहार की बदहाली के लिए 20 साल से सत्तारूढ़ जदयू-भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस महासचिव ने सवाल किया कि बिहार के शिक्षित नौजवान भी बेरोजगार क्यों है और दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर क्यों हैं।

# शेरघाटी विधानसभा के लिए डिस्पैचिंग सेंटर पूरी तरह तैयार, चुनावी व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र (226) में प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है। मतदान प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से डिस्पैचिंग सेंटर पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। यहां चुनाव कर्मियों, पुलिस बल और वाहन चालकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि मतदान सामग्री के वितरण और वापसी के लिए ब्लॉक-वार डिस्पैच व्यवस्था की गई है जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। चुनावी कार्य में लगे कर्मियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मेडिकल सेल, कोषांग काउंटर, पेयजल, निम्बू पानी, कैंटीन, सत्तू, चाय आदि की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि डिस्पैचिंग सेंटर पर विधि-व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। सुरक्षाबलों की तैनाती के साथ-साथ यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। ताकि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। सभी चुनावी दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने दावा किया है कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान कराने के लिए हर स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है।

# एनटीपीसी के 51वें स्थापना दिवस पर धूमधाम से मना स्वर्ण जयंती समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो






**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने पटना स्थित अपने परिसर में एनटीपीसी के 51वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती समारोह अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया। समारोह की शुरुआत क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहराने एवं उपस्थित कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के साथ सस्वर एनटीपीसी गीत गाने से हुई। मुख्य अतिथि श्री गोयल ने डीजीआर सुरक्षा जवानों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड की सलामी ली, उसका निरीक्षण किया तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। एनटीपीसी की अब तक की उपलब्धियों के सम्मान और इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने के लिए उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों एवं उनके परिजनों के साथ केक काटा। इससे पूर्व अपने संबोधन में श्री गोयल ने पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों, सीआईएसएफ, डीजीआर एवं संविदा कर्मियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एनटीपीसी के गौरवशाली इतिहास का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए पूर्वी क्षेत्र-1 की विभिन्न परियोजनाओं एवं स्टेशनों की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा मेधा प्रतियोगिता, पावर क्विज एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल, मैथ्यू ई. कोवूर, महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं), विश्वनाथ चन्दन, उप महाप्रबंधक (नैगम संचार), सुजाता लेडीज क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं तथा बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मी सपरिवार उपस्थित रहे। समारोह के दौरान एनटीपीसी इंजीनियरिंग ऑफिस, नोएडा से स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम का वेबकास्ट भी दिखाया गया जिसमें अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह का संबोधन प्रसारित हुआ। पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने इसे सपरिवार देखा।

अपने संबोधन में श्री सिंह ने एनटीपीसी की विकास यात्रा, तकनीकी नवाचारों और नई पहलों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने इन उपलब्धियों के लिए सभी कर्मचारियों के समर्पण और योगदान की सराहना की तथा निगम में जारी तकनीकी परिवर्तनों को सफल बनाने के लिए सभी के संयुक्त प्रयासों का उल्लेख किया।

# राजद गठबंधन को मौका मिला तो हर घर में नौकरी और युवाओं को रोजगार : तेजस्वी

## टिकारी के काबरगढ़ मैदान में उमड़ा जन-सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक काबरगढ़ मैदान में शनिवार की दोपहर चुनावी माहौल चरम पर था जब बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव हेलीकॉप्टर से पहुंचे। राजद प्रत्याशी अजय कुमार दांगी के समर्थन में आयोजित इस विशाल जनसभा में उमड़ी भीड़ ने चुनावी तापमान और बढ़ा दिया। तेजस्वी यादव ने अपने जोशीले संबोधन में कहा कि अगर जनता राजद गठबंधन को मौका देगी तो हर घर में नौकरी, युवाओं को रोजगार और बिहार में फैक्ट्रियां लगाने का काम सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आज भी बिहार के लोग रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं जिसे रोकने के लिए नई औद्योगिक नीति लाई जाएगी। तेजस्वी ने 'माई-बहिन मान योजना' की घोषणा करते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना राजद की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती हमेशा से बदलाव की प्रतीक रही है और अब युवाओं को अपने भविष्य के लिए लालटेन जलाने का समय आ गया है। उन्होंने किसानों के लिए बिजली फ्री करने को कहा। सभा की अध्यक्षता सुरेश यादव ने की तथा संचालन राजद प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार ने किया। मौके पर सांसद अभय कुशवाहा, जिलाध्यक्ष सुभाष यादव, पूर्व विधायक शिव बच्चन यादव, आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, जिला पार्षद सुरेश यादव, शरीफा देवी, रेणु कुमारी, चेयरमैन अजहर इमाम, मो. इंतेशाब, मुखिया संघ अध्यक्ष शिव कुमार चौहान, रवि कुमार, बंटी यादव, संध्या कुमारी, द्वारिका चंद्रवंशी, अशोक आजाद, पूर्व मुखिया अमित यादव, वीरेंद्र यादव सहित कई स्थानीय नेता मंच पर उपस्थित रहे।

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, गया ने बताया कि जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

# धार्मिक आयोजनों में महिलाओं की भागीदारी एकजुटता को मजबूत करती है : डॉ गीता जैन

## नारनौलीय अग्रवाल महिला संघ ने किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** नारनौलीय अग्रवाल महिला संघ द्वारा आज एक्जीविशन रोड, पटना के लव-कुश टावर स्थित आध्यात्मिक सत्संग समिति हॉल में भव्य सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन दोपहर तीन बजे से किया गया। इस अवसर पर गणेश वंदना एवं अग्रसेन महाराज की वंदना करते हुए सौ से अधिक महिलाओं ने श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ प्रारम्भ किया। कार्यक्रम में रामभक्ति का अद्भुत वातावरण बना और पूरा हाल 'श्रीराम जय राम जय जय राम' की जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक स्वर में यह सुंदर चौपाई गाई गई जिसने वातावरण को भाव-विभोर कर दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते हुए प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. गीता जैन ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में महिलाओं की भागीदारी समाज में संस्कार, संवेदना और एकजुटता को मजबूत करती है।

# जॉब ऑफर स्कैम गंभीर चिंता का विषय : शशि कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नौकरी तलाशने वालों के लिए बढ़ते जॉब ऑफर स्कैम एक गंभीर चिंता का विषय बन गए हैं। इनडीड इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर शशि कुमार के अनुसार नौकरी तलाशने में समय और प्रयास लगता है, लेकिन बढ़ते घोटाले इस प्रक्रिया को तनावपूर्ण और भ्रामक बना रहे हैं। घोटालेबाज आजकल खुद को नियोक्ता बताकर सोशल मीडिया या टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से संपर्क करते हैं और उच्च वेतन, लचीले समय व तुरंत नियुक्ति का लालच देकर लोगों को फंसाते हैं। वास्तविक नियोक्ता कभी भी सोशल मीडिया या टेक्स्ट मैसेज से उम्मीदवारों से संपर्क नहीं करते। सावधानी के मुख्य बिंदु : ईमेल की जांच करें – ऑफर भेजने वाले का ईमेल हमेशा कंपनी के आधिकारिक डोमेन से मेल खाना चाहिए। अज्ञात नंबर से आए कॉल या मैसेज का जवाब देने से पहले कंपनी की वेबसाइट पर संपर्क विवरण की पुष्टि करें। अविश्वसनीय वेतन या अस्पष्ट पद विवरण वाले ऑफर से सावधान रहें। वैध नौकरी की जानकारी हमेशा कंपनी की वेबसाइट या विश्वसनीय प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होती है। कभी भी संभावित नियोक्ता को कोई भुगतान न करें, न ही अपनी व्यक्तिगत जानकारी या बैंक डिटेल्स साझा करें। अनजान लिंक या ईमेल पर क्लिक करने से बचें। इनडीड के अनुसार नौकरी तलाशने वालों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्लेटफॉर्म नियमित रूप से सुरक्षा संबंधी रिमाइंडर, बैनर और ईमेल के माध्यम से जागरूकता फैलाता है।

# सासाराम से एनडीए प्रत्याशी जीती तो खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की होगी स्थापना : चिराग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** सासाराम विधानसभा क्षेत्र के तिलौथू में स्थानीय राधा संता महाविद्यालय में शनिवार को एनडीए समर्थित उम्मीदवार स्नेह लता कुशवाहा के पक्ष में केंद्रीय मंत्री व लोजपा आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने चुनाव प्रचार करने पहुंचे जहां एनडीए कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। चिराग पासवान हेलीकॉप्टर से उतरकर जैसे ही सभा स्थल पर पहुंचे वैसे ही एनडीए कार्यकर्ता एवं सभा स्थल पर मौजूद लोगों ने फूलमाला से भव्य स्वागत किया। इसके बाद महिला एवं युवाओं द्वारा चिराग पासवान जिंदाबाद, एनडीए जिंदाबाद जैसे नारों से सभा स्थल गूंज उठा। वही चिराग पासवान को स्टेज पर पहुंचते ही एनडीए कार्यकर्ताओं ने फूलमाला के साथ वह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सभा स्थल पर लोगों के जन सैलाब को देखते हुए चिराग ने कहा कि मैं धन्य हूं जहां लोगों ने मुझे भरपूर प्यार और आशीर्वाद दिया। आपलोग एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाते हैं तो यहां फूड प्रोसेसिंग उद्योग की स्थापना जरूर करूंगा क्योंकि मैं खुद केंद्र सरकार में फूड प्रोसेसिंग मंत्री हूं। अंत में एनडीए प्रत्याशी स्नेहलता कुशवाहा के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत बिहार स्टेट आइकॉन नीतू चंद्रा का डिहरी शहर में रोड शो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने हेतु स्टेट स्वीप आइकन एवं प्रसिद्ध फिल्म कलाकार नीतू चंद्रा द्वारा डिहरी शहर में रोड शो का आयोजन किया गया। इस दौरान वे लोगों के बीच पहुंचीं और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए 11 नवंबर को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। रोड शो के दौरान नीतू चंद्रा ने कहा कि 'एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। मजबूत लोकतंत्र के लिए जागरूक मतदाता की भूमिका सबसे खास होती है। आप सभी अपने परिवार, दोस्तों और आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करें।' सभी मतदाताओं से अपील की जाती है कि आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएं। 'आपका एक वोट, लोकतंत्र की ताकत। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं से विशेष रूप से आगे आकर मतदान में भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि देश और राज्य के भविष्य के निर्माण में सीधा योगदान है। कार्यक्रम के दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार, अपर निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार, अंचल पदाधिकारी अविनाश कुमार, एम ओ खुशबू कुमारी सहित कई पदाधिकारी जिप्सी वहां पर सवार मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर लोगों का अभिवादन करते हुए नजर आए।

# निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिला में आगामी 11 नवम्बर को होने वाले बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संचालन हेतु आज जिला पदाधिकारी उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक तथा सीएपीएफ नोडल अधिकारी मोहम्मद जफर हसन की उपस्थिति में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल (सीएपीएफ) के अधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी उदिता सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि जिले के सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों की पहचान कर ली गई है जहां सीएपीएफ की तैनाती प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। उन्होंने बलों को बूथ तक पहुंचने के मार्ग, एरिया डोमिनेशन, फ्लैग मार्च एवं गश्त की रणनीति से अवगत कराया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी तैनात बलों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन कार्य के दौरान अनुशासन, सतर्कता एवं निष्पक्षता का पूर्ण पालन करें। उन्होंने बताया कि सभी कंपनियों को आवश्यक जानकारी एवं संचार व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है जिससे मतदान दिवस पर किसी प्रकार की कठिनाई न हो। सामान्य प्रेक्षक ने उपस्थित अधिकारियों से संवाद करते हुए निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव कार्य संपादित करने की अपील की। उन्होंने बलों से कहा कि वे स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर मतदाताओं में विश्वास और सुरक्षा का माहौल बनाए रखें। बैठक में पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बिहार के भविष्य के लिए एनडीए प्रत्याशी का जीतना जरूरी : चिराग पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र से लोजपा 'रा' के प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह के पक्ष में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने स्थानीय जक्खी बिगहा स्थित ललन एक्सपोर्टिंग क्लब के प्रांगण में एक महती सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में एनडीए सरकार ने केंद्र और राज्य सरकार की लगभग सभी योजनाओं को धरातल पर उतार दिया है। योजनाओं का लाभ समाज के निचले स्तर तक मिल रहा है। आगामी 11 नवंबर को बिहार के भविष्य को सुनिश्चित करने की सोच के साथ आपको चुनाव करना है। आपको यह भी सुनिश्चित करना है कि यहां से जीत कर जाने वाले प्रत्याशी आपके विकास के लिए काम करें। आपकी समस्या के समाधान के लिए काम करें। आगामी 14 नवंबर को परिणाम के बाद बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। डिहरी विधानसभा के विकास के लिए जरूरी है कि युवा, कर्मठ जानकार, पढ़े-लिखे नेता का यहां से चुन कर जाना चाहिए।



श्री पासवान ने जनता से हेलीकॉप्टर छाप पर अपना मत देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव में स्पष्ट हो गया है कि फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। लोजपा आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आज डिहरी, सासाराम व चेनारी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि इस एनडीए की सरकार में आपका प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक सत्ताधारी पक्ष का विधायक होना चाहिए। मुख्य धारा के साथ जुड़े हुए विधायक होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए चिंता करें। यहां के एनडीए प्रत्याशी जीतेंगे तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बगल में बैठकर आपका विकास की बात कहेंगे। आपके लिए केंद्र सरकार की योजना लाने का काम करेंगे। मुझे गर्व है कि बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की जो सोच को मैं लेकर आगे चल रहा हूं। जात, पात, धर्म, मजहब से उठकर हर गरीब व्यक्ति दलित परिवार को मुख्य धारा के साथ जोड़ने की सोच के साथ कार्य कर रहा हूं। कुछ ऐसे राजनीतिक दल हैं जिन्होंने अपनी राजनीतिक रोटियां सीखने के लिए हम लोगों को जाति धर्म में बांटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक केंद्र और राज्य में कांग्रेस और राजद की सरकार रहने के बावजूद मुसलमान की बदहाल स्थिति रही जो आपको सिर्फ वोट बैंक समझते हैं उनको जवाब दीजिए। सभा को लोजपा 'रा' जिला अध्यक्ष कमलेश राय, संजय पासवान, दशरथ पासवान सहित लोजपा, नेता रालोमो नेता, भाजपा नेता सहित कई लोगों ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता तथा संचालन जदयू के प्रखंड अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा, जदयू, लोजपा आर, रालोसपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा में काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रत्याशी स्नेहलता कुशवाहा को दिया समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के द्वारा मगध सम्राट जरासंध महाराज के 528 वें जयंती सह महासभा का आयोजन युवा प्रदेश अध्यक्ष तुषार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा तथा सासाराम विधानसभा के राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी स्नेह लता कुशवाहा रही। तुषार चंद्रवंशी के नेतृत्व में सासाराम विधानसभा रालोसपा प्रत्याशी स्नेह लता को फूलों का माला पहनाकर स्वागत किया। सभा को कई वक्ताओं ने संबोधित किया और जरासंध जी महाराज के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक विकास के क्षेत्र में बदलाव के साथ मुख्य विषय पर जोर देते हुए एनडीए प्रत्याशी स्नेह लता को सिलेंडर छाप पर बटन दबाकर विजय बनाने की अपील किया गया। सभा का संचालन गुप्तेश्वर जी ने किया। मौके पर अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद्रवंशी, महासचिव प्रेम प्रकाश चंद्रवंशी, अधिवक्ता अजय चंद्रवंशी, पूर्व सैनिक रंजय चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, काशी कुमार चंद्रवंशी, इन्दू चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।









# चिराग पासवान की हुंकार, अगले पांच साल स्वर्णिम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को नवादा जिले के रजौली प्रखंड अंतर्गत अमावां गांव में एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान 11 नवंबर से पूर्व यह जनसभा एनडीए की ताकत दिखाने के लिहाज से महत्वपूर्ण थी। चिराग पासवान ने मतदाताओं से जोरदार अपील करते हुए कहा कि आने वाले पांच साल बिहार के लिए 'स्वर्णिम काल' होंगे, बशर्ते केंद्र और राज्य दोनों जगह एक ही गठबंधन यानी 'डबल इंजन' (एनडीए) की मजबूत सरकार बने।



***विकास के लिए 'डबल इंजन' अनिवार्य***

केंद्रीय मंत्री ने विकास की गति तेज करने के लिए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में समान विचारधारा वाली सरकार से ही बिहार अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ पाएगा। उन्होंने दावा किया कि 6 नवंबर को पहले चरण के मतदान के रुझानों से यह स्पष्ट हो गया है कि 14 नवंबर को मतगणना के बाद एनडीए की सरकार एक बार फिर बिहार में बनने जा रही है।

***लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशियों के लिए मांगा समर्थन***

चिराग पासवान ने रजौली विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी विमल राजवंशी और गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से विनीता मेहता को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन उम्मीदवारों का सदन में होना इसलिए जरूरी है ताकि वे सत्ताधारी पक्ष के अंग बनकर क्षेत्र की समस्याओं को सरकार तक पहुंचा सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि विपक्ष के नेता बहाने बनाकर 5 साल तक समस्याओं को टालते रहेंगे।

***गरीब कल्याण और एम-वाई समीकरण पर जोर***

चिराग पासवान ने एनडीए सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मोदी की उज्ज्वला, आयुष्मान कार्ड और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पेंशन वृद्धि और महिलाओं को उद्यमी बनने हेतु दी जा रही आर्थिक सहायता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनके पिताजी रामविलास पासवान की पहल पर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, जो अमीरी-गरीबी के बीच के भाई को दूर कर रहा है। उन्होंने महागठबंधन पर जात-पात और मजहब के नाम पर समाज को बांटने और सिर्फ एक ही परिवार तक मुख्यमंत्री पद सीमित रखने का आरोप लगाया। इसके विपरीत, चिराग ने अपना 'एम-वाई' समीकरण स्पष्ट किया, जिसमें 'एम' में महिला और 'वाई' में यूवा साथी हैं। उन्होंने दोहराया कि उनका लक्ष्य 'जात-पात धर्म से उठकर सबको एक साथ लेकर आगे बढ़ने' और 'बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट' की सोच के साथ राज्य को विकसित बनाना है। जनसभा में हजारों समर्थकों की भीड़ मौजूद रही और चिराग पासवान ने 11 नवंबर को दोनों उम्मीदवारों को वोट देकर विधानसभा भेजने का अनुरोध किया। इस दौरान मंच साझा करने वाले नेताओं में लोजपा (आर) के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना, पूर्व विधायक बनवारी राम, जिला परिषद सदस्य बसंती देवी, पूर्व मुखिया मुसाफिर चौधरी, मेसकौर जिला परिषद सदस्य सरोज राजवंशी,रजौली उत्तरी जिला परिषद सदस्य इंद्रदेव राम, लोजपा के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक मांझी, नरेश राजवंशी,कारु राम, पूर्व प्रमुख हरिश्चंद्र राजवंशी, सुरेंद्र राजवंशी, रुद्र प्रताप सिंह, गौरव शांडिल्य गगन, अनुग्रह सिंह, सुजीत कुमार, छोटू सिंह, मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार, संतोष वर्मा, रामविलास वर्मा, राजेश शर्मा, पूनम कुमारी, रणजीत सिंह, सुरेंद्र कुमार गोलू, सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं हजारों ग्रामीण उपस्थित थे।

# बस ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत के बाद ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। हरनौत थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एनएच-30ए पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही बस ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसा बीरमपुर गांव के पास हुआ। मृतक की पहचान छातियाना गांव निवासी देवन चौधरी (26) के रूप में की गई है। देवन किराना दुकान चलाकर परिवार का गुज़ारा कर रहे थे। आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर एनएच-30ए जाम कर दिया। लगभग एक घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस, सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल, वेना थाना प्रभारी और गोखुलपुर थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। डीएसपी ने परिजनों को मुआवजे का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेजा। डीएसपी संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि स्थानीय लोगों ने बस को पहचान लिया है। परिजनों के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बिहारशरीफ**। कतरीसराय थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा बिलारी मोड़ के पास हुआ। मृतक की पहचान वादी गांव निवासी किशोरी पासवान के पुत्र चंद्रदीप कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार चंद्रदीप कतरीसराय बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बिलारी मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि चंद्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग और परिजन उन्हें तुरंत पावापुरी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। कतरीसराय थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने महत्वपूर्ण औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# मतदान को लेकर फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष,भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस जवानों ने नारदीगंज बाजार में फ्लैग मार्च किया। इसके अलावा डोहरा, केसौरिया,मधुवन, मोतनाज़े, फलडु,धनियावां, बिक्कु, जफरा समेत अन्य गांवों में पुलिस ने फ्लैग मार्च कर भयमुक्त, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से मतदान करने की अपील की। थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक ने कहा नवादा जिले में आगामी 11 नवम्बर 2025 को विधानसभा चुनाव है। जिला प्रशासन शांतिपूर्ण तरीके, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने के लिए कटिबद्ध है। प्रशासनिक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। चुनाव में शांतिभंग करने वाले पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी।

# 384 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त सम्पन्न करने के लिए प्रशासन द्वारा कार्रवाई शुरु कर दिया गया है। प्रशासन कमर कस ली है। आगामी 11 नवम्बर 2025 को नवादा विधानसभा में चुनाव होने वाले हैं। थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक ने बताया कि विधानसभा चुनाव में हुड़दंग करनेवालों और शांति भंग होने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के अभी तक 384 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। वही चार लोगों पर सीसीए लगाया गया है। चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में चेक पोस्ट बनाया गया है। गया जी सीमा पर पेश, और नालंदा सीमा पर वनगंगा चौक पर चेक पोस्ट बनाया गया है। इसके अलावा करना गांव के समीप नाका बनाया गया है। जहां पर किसी भी समय चेकिंग किया जाएगा।

# रंगोली बनाकर छात्राओं ने मतदाता जागरुकता का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, गोंदापुर, नवादा में छात्राओं द्वारा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगोली बनाकर तथा हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्राओं को स्वीप कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि हर वोट मायने रखता है, मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य भी है। शिक्षकों ने छात्राओं को यह संदेश दिया कि युवा शक्ति ही मतदान शक्ति है तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मत का योगदान महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को यह भी प्रेरित किया गया कि वे अपने माता-पिता के नाम एक पत्र लिखें, जिसमें वे वोट के महत्व के बारे में बताएं और अपने परिजनों को मतदान अवश्य करने हेतु प्रेरित करें। इस पहल का उद्देश्य परिवार एवं समाज स्तर पर मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है।

# गायत्री परियोजना इंटर बालिका विद्यालय की छात्राओं ने वोट की महत्ता बताई

**एक वोट लोकतंत्र की नींव को करता है मजबूत**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गायत्री परियोजना इंटर बालिका विद्यालय, कौआकोल में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मतदाता जागरूकता से संबंधित नारों के माध्यम से लोगों से आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लेने की अपील की। रैली के दौरान छात्राओं ने संदेश दिया कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है और प्रत्येक मतदाता का एक वोट लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं सभी को निर्भय, निष्पक्ष और उत्साहपूर्वक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। यह रैली स्थानीय नागरिकों में मतदाता जागरूकता फैलाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई और लोगों ने भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का संकल्प व्यक्त किया।




# शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर डीएम ने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को दिया धन्यवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत विधानसभा वार सभी निर्वाची पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं शांतिपूर्ण संपादन हेतु सभी निर्वाची पदाधिकारियों,सभी मतदान कर्मियों, सेक्टर पदाधिकारियों, माइक्रो ऑब्जर्वरों, पुलिस पदाधिकारी /पुलिस बलों तथा निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारियों /कर्मियों को उन्होंने हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतंत्र का महापर्व है और प्रत्येक मतदान पदाधिकारियों कर्मियो ने अपने दायित्व, पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। सभी पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न किया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफलता के लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं। जिला पदाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी कर्मियों के समर्पण एवं सहयोग से नालन्दा जिला में मतदान कार्य सफलतापूर्वक एवं सुचारु रूप से संपन्न हुआ है साथ ही मतदान प्रतिशत में बेहतरीन प्रगति हुई है। विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के निमित्त नालन्दा जिलान्तर्गत अंतिम मतदान प्रतिशत निम्नवत है। जिसमें 171 - अस्थावां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष 55.06 , महिला 58.77 कुल 56.81 % रहा। 172 - बिहारशरीफ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष 55.15 , महिला 54.85 कुल 55.00 प्रतिशत रहा। 173 - राजगीर (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष 61.09, महिला -63.09 कुल 62.03 प्रतिशत रहा। 174 - इस्लामपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष -60.12 , महिला 63.65 कुल 61.77 प्रतिशत रहा। 175 - हिलसा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष 62.02 , महिला 64.51 कुल प्रतिशत 63.2 रहा। 176 - नालन्दा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष 60.37, महिला - 62.05 कुल 61.16 प्रतिशत रहा। 177 हरनौत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष 58.73 , महिला - 61.32 कुल 59.95 प्रतिशत रहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस प्रकार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 का कुल मतदान प्रतिशत पुरुषों 58.80 महिला 60.93 यानी कुल 59.81 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर सभी निर्वाची पदाधिकारी , स्थापना शाखा उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, आइटी प्रबंधक, डीआइओ आदि उपस्थित थे।

# 38 बिहार बटालियन एनसीसी ने नालंदा भागनावशेष में मनाया स्मरण उत्सव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। 38 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में शुक्रवार को नालंदा के ऐतिहासिक भागनावशेष स्थल पर वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्मरण उत्सव का आयोजन किया गया। यह वही देशभक्ति गीत है जिसकी रचना 1875 में अखंड नवमी (अक्षय नवमी) के दिन की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे राष्ट्रगान और वंदे मातरम के सामूहिक गान के साथ हुई। इस दौरान एनसीसी के 250 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम स्थल को तिरंगे के रंगों और राष्ट्रीय ध्वज से सजाया गया, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता 38 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बाहरी ने की। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रेरणा, साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण का स्वर है। उन्होंने कैडेट्स से देश सेवा, नेतृत्व और सामाजिक योगदान की भावना को जीवन मूल्यों में शामिल करने की अपील की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जयघोष के साथ हुआ। समारोह को सफल बनाने में कर्नल अजय कुमार (प्रशासनिक अधिकारी), सूबेदार मेजर लॉलिंद्र टिग्गा, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार रूपेश गुरुंग, ईएसएम हवलदार संजय कुमार, जीसीआई प्रीति कुमारी और एनएनओ विकास कुमार उपाध्याय शामिल रहे।

# पटना में 14 नवंबर को दिखेगा रियल-टाइम चुनावी नतीजा, त्रिस्तरीय सुरक्षा में खुलेगी इवीएम

## एन कॉलेज बना अभेद्य किला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद अब राजधानी पटना में परिणाम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पटना समेत 18 जिलों की 121 सीटों के लिए 14 नवंबर को मतगणना होगी। जिले की सभी 14 विधानसभा सीटों की गिनती एन कॉलेज में एक साथ की जाएगी।

***एन कॉलेज बना उच्च सुरक्षा वाला मतगणना केंद्र***

जिला प्रशासन ने एन कॉलेज परिसर को अभेद्य सुरक्षा घेरे में तब्दील कर दिया है। पूरे कैंपस में हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से 24×7 की जा रही है। बिना वैध पास के किसी व्यक्ति का अंदर प्रवेश वर्जित है। मतगणना केंद्र की सुरक्षा और पारदर्शिता को लेकर प्रशासन ने इस बार विशेष सख्ती बरती है।

***रियल-टाइम राउंड-वाइज रिजल्ट के लिए 14 एलसीडी स्क्रीन***

पारदर्शिता को उच्च स्तर पर ले जाते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग एलसीडी स्क्रीन लगाई गई हैं। इन 14 स्क्रीनों पर रियल-टाइम राउंड-वाइज रिजल्ट दिखाया जाएगा। प्रत्येक राजनीतिक दल के अधिकृत प्रतिनिधियों के लिए इन स्क्रीनों के सामने विशेष व्यवस्था की गई है, जहां से वे पूरी मतगणना प्रक्रिया पर नजर रख सकेंगे।

***त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू***

एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम के डबल लेयर सुरक्षा कवच के बाद मतगणना दिवस पर त्रिस्तरीय सुरक्षा लागू रहेगी।

***पहली परतः कंपनी कमांडो मतगणना हॉल के भीतर***

दूसरी परतः बिहार पुलिस मध्य घेरे में

तीसरी परतः पैरामिलिट्री फोर्स 100 ***मीटर की परिधि में तैनात***

एसएसपी ने स्पष्ट किया कि भारी सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ मतगणना बेहद सुरक्षित तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

**महिला सुरक्षा को दी गई विशेष प्राथमिकता**

मतगणना केंद्र के सभी प्रवेश द्वारों पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। महिला एजेंटों के लिए अलग काउंटर बनाए गए हैं। महिला सुरक्षा से जुड़े किसी भी मामले पर तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

# हर घर नौकरी और महिलाओं को 30 हजार देने का तेजस्वी ने किया वादा

**चुनावी सभा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। महागठबंधन के घोषित मुख्यमंत्री प्रत्याशी तथा बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनी तो बिहार के हर घर में एक सरकारी नौकरी के साथ ही मकर संक्रांति के अवसर पर महिलाओं को 30 हजार के साथ कई सुविधाएं उपलब्ध कराए जाएंगे। तेजस्वी शनिवार को नवादा के आइटीआइ मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवादा से महागठबंधन के राजद प्रत्याशी पूर्व विधायक कौशल यादव को माला पहनकर लोगों को उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके पूर्व तेजस्वी यादव गोविंदपुर में राजद के प्रत्याशी पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। तेजस्वी ने नवादा जिले के नेमदारगंज में नीतू सिंह को विजय बनाने की अपील की तथा सिरदला में पिंकी भारती को वोट देकर विजय बनाने की अपील की। पकरी वर्मा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि अनीता कुमारी को वोट देकर विजय बनाए। महागठबंधन सरकार बनने पर बिहार में विकास की गति को तेज की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनी तो मां बहन योजना के तहत महिलाओं को राशि देने के साथ ही हर घर में एक-एक नौकरी दिए जाएंगे। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन सरकार 200 यूनिट बिजली मुफ्त देगी। किसानों का बिजली बिल माफ होगा तथा परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की प्रतियोगिता परीक्षा फीस माफ कर दी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने वाले बेरोजगार युवक काफी परेशान रहते हैं, इसलिए उनकी फीस को माफ कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष तक आपने नीतीश कुमार को मौका दिया है। एक बार तेजस्वी को मौका देकर देखिए नया बिहार बनाकर छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे हेलीकॉप्टर को रोकने के लिए एनडीए के द्वारा एक साथ 30-30 हेलीकॉप्टर बिहार चुनाव में लगाया गया है लेकिन तेजस्वी अकेले सभी का नाक में दम कर रखा है। उन्होंने कहा कि इस बार महागठबंधन की सरकार बनी तो बिहार का कायाकल्प हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि नवादा के उम्मीदवार कौशल यादव, गोविंदपुर के प्रत्याशी पूर्णिमा यादव, वारसलीगंज के प्रत्याशी अनीता देवी, रजौली के प्रत्याशी पिंकी भारती तथा हिसुआ के कांग्रेस प्रत्याशी नीतू सिंह को भारी बहुमत से विजय बनाएं तभी महागठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में युवाओं की सरकार बनेगी , बेहतर कार्य बिहार में विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब महागठबंधन सरकार बनेगी तो बिहार से युवाओं को शिक्षा, दवाई, कमाई की बेहतर व्यवस्था कर दी जाएगी। किसी को भी नौकरी के लिए बिहार से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। तब बिहारी अपने आप को गौरवांवित महसूस करेंगे। आज बिहार में बेरोजगारी के कारण युवा तरसते हैं। वही जुमलेबाजी की सरकार में बैठे लोग मस्त नजर आ रहे हैं। नवादा विधानसभा के राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी कौशल यादव ने भी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। इस मौके पर राजद नेता श्रवण कुशवाहा, उदय यादव, पूर्व विधान पार्षद सलमान रागिब मुन्ना आदि मौजूद थे।



# विभिन्न विद्यालयों में निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली

**मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक पवित्र कर्तव्य**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के तहत आगामी 11 नवम्बर 2025 को होने वाले मतदान को लेकर मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक,छात्र छात्राओं ने हाथों में रंग-बिरंगी तख्तियां लेकर सारे काम छोड़ सबसे पहले वोट दो, पहले मतदान,फिर जलपान, लोकतंत्र का पर्व मनाएं, मतदान अवश्य कराएं- जैसे जोशीले नारों से पूरे गांव का माहौल मतदाता जागरूकता के संदेशों से गुंजायमान कर दिया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गांव के सड़कों से गुजरते हुए पुनः विद्यालय में आकर संपन्न हुई। प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार,मध्य विद्यालय कौआकोल में प्रधानाध्यापक इंद्रदेव दास,इंटर विद्यालय कौआकोल में प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा की देखरेख में आयोजित मतादाता जागरुकता रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक पवित्र कर्तव्य है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। साथ ही यह भी बताया जिस कि मतदाताओं को जाति, धर्म या प्रलोभन से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करना चाहिए, तभी हमारा लोकतंत्र सशक्त और स्थायी बन सकेगा। रैली के माध्यम से शिक्षकों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे 11 नवम्बर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।



## कम मतदान वाले क्षेत्रों में जिला आइकॉन ने मतदाताओं को किया जागरूक

**नवादा**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के केसौरी सामुदायिक भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिससे उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। जिला आइकॉन एक्टर राहुल वर्मा द्वारा केसौरी ग्राम में घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। उन्होंने गांववासियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 11 नवंबर को सभी भैया-भाभी, चाचा-चाची, दादा-दादी सहित हर पात्र मतदाता घर से निकलकर मतदान केंद्र पर अवश्य जाएं तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वोट लोकतंत्र को मजबूत करता है और यह हमारा अधिकार ही

# मशरूम उत्पादन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण 10 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। हरनौत स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) नालंदा में मशरूम उत्पादन पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 10 नवंबर से शुरू होगा। इसमें 30 प्रशिक्षु भाग ले सकेंगे। केवीके की वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. सीमा कुमारी ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सैद्धांतिक और प्रायोगिक दोनों तरीकों से मशरूम की वैज्ञानिक खेती सिखाई जाएगी। इसमें बीज निर्माण, कंपोस्ट तैयारी, रोग नियंत्रण, विपणन और आय बढ़ाने की तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मशरूम खेती कम लागत में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय है, जिसे ग्रामीण युवा, किसान और महिलाएं आसानी से अपना सकती हैं। इससे रोजगार व अतिरिक्त आय के अवसर भी बढ़ते हैं। प्रशिक्षण में शामिल होने के इच्छुक लोग केवीके कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# कांग्रेस के संविधान प्रेम पर प्रेम कुमार का हमला

## कहा-जनता जानती है कौन करता है संविधान का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गया विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार ने जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह विडंबना है कि जो पार्टी बार-बार संविधान की मर्यादाओं को रौंदती रही है, वही आज संविधान की रक्षा और सम्मान की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि भारतीय लोकतंत्र की असली ताकत जनता है और जनता ने हर बार उसके कर्मों का उचित जवाब दिया है। डॉ. कुमार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व गया को शर्मसार करने वाले लोगों को उम्मीदवार बना रहा है




जबकि यही पार्टी कभी आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचल चुकी है। उस दौर में जनता की आवाज दबाई गई और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता छीन ली गई। उन्होंने कहा कि जो लोग उस काले अध्याय के जिम्मेदार रहे हैं, आज वही लोग संविधान के नाम पर नौटंकी कर रहे हैं जबकि देश की जनता उनके दिखावटी संविधान प्रेम को अच्छी तरह पहचान चुकी है। डॉ. कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सच्चे अर्थों में संविधान की पूजा कर रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ रही है – यही संविधान की मूल भावना है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए सरकार ने महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति-जनजाति के अधिकारों की रक्षा और गरीबों-किसानों के कल्याण के लिए जो कदम उठाए हैं, वे संविधान के आदर्शों की सच्ची अभिव्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा दिखावे से नहीं, बल्कि उसके सिद्धांतों के पालन से होती है और आज देश में वही हो रहा है। कांग्रेस अब न विचारों में समृद्ध है, न नेतृत्व में सक्षम; इसलिए वह झूठे बयानों और भ्रामक प्रचार से जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि गया सहित पूरे बिहार की जनता एनडीए के साथ खड़ी है क्योंकि संविधान की सच्ची रक्षा भारतीय जनता पार्टी ही कर रही है।

# गया टाउन में प्रेम कुमार ने प्रबुद्धजनों से की मुलाकात

## कहा-यह चुनाव विकास और जनसेवा की निरंतरता का चुनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता मंत्री और गया टाउन विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को गया स्थित होटल आर्यावर्त में ब्रह्मर्षि चेतना विचार मंच द्वारा आयोजित प्रबुद्धजन बैठक में भाग लिया। बैठक का उद्देश्य गया टाउन विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव को लेकर रणनीति बनाना और समाज के प्रबुद्ध वर्ग से संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में एकजुटता जताते हुए गया टाउन से प्रेम कुमार को भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिए निरंतर काम किया है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से गया



सहित पूरे बिहार में सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव गयाजी के विकास और जनसेवा की निरंतरता बनाए रखने का चुनाव है। बैठक में डेल्हा, चाणक्यपुरी कॉलोनी, ए.पी. कॉलोनी, नूतन नगर, रंग बहादुर रोड, तूतवाड़ी, कुमार कॉलोनी, राज कॉलोनी सहित शहर के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए और प्रेम कुमार को समर्थन का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में प्रोफेसर नागेन्द्र, अधिवक्ता मुरारी, डॉ. रविन्द्र, राजाराम, प्रोफेसर उमेश, अधिवक्ता मुकेश शर्मा, पार्षद राहुल शर्मा और विक्की शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# मगध विश्वविद्यालय में प्रो. आर. पी. सिंह स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रो. आर. पी. सिंह स्मृति व्याख्यानमाला' के तहत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एस. एन. पी. दीन ने की जबकि संचालन सहायक प्रोफेसर राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. अनुरंजन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. आर. पी. सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। सहायक प्रोफेसर राकेश कुमार ने प्रो. सिंह के शैक्षणिक योगदानों का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने भूगोल विभाग को राष्ट्रीय पहचान दिलाई और अपने शोध कार्यों के माध्यम से विभाग की प्रतिष्ठा को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। विभागाध्यक्ष प्रो. उपेंद्र कुमार ने अतिथियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. अनुरंजन ने 'दरभंगा जिले में आजीविका के स्रोत के रूप में जलीय जैव संसाधन का महत्व' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि दरभंगा जिला जल-जैव संसाधनों, विशेषकर मखाना उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यहां के तालाब, आहर-पइन और झीलें मखाना की खेती के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती है जिससे हजारों परिवारों की आजीविका जुड़ी हुई है। महिलाओं की भागीदारी इस क्षेत्र को सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से और सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि जलीय जैव संसाधन न केवल रोजगार सृजन का माध्यम हैं, बल्कि सतत विकास और ग्रामीण समृद्धि के भी आधार स्तंभ हैं। इस अवसर पर आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र कुमार सहित विभाग के शिक्षक डॉ. मिनाक्षी, डॉ. लखभद्र सिंह, डॉ. मौशमी, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. पिंटू कुमार, डॉ. अविनाश, डॉ. हिमांशु एवं राकेश कुमार उपस्थित रहे। डॉ. नीरज कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शोधार्थियों की सक्रिय भागीदारी से यह कार्यक्रम शैक्षणिक रूप से अत्यंत सफल रहा।

# कानू समाज की वृहद बैठक में डॉ. प्रेम कुमार को समर्थन का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सिंगर स्थान पुलिस लाइन स्थित कानू समाज कार्यालय में शनिवार को समाज की एक वृहद और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से बड़ी संख्या में सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार ने की जबकि संचालन का दायित्व गोपी प्रसाद ने निभाया। बैठक में जिला सचिव रामप्रसाद साह, संजय कुमार, गोपीनाथ प्रसाद, प्रकाश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष कृष्णा बाबू, अयोध्या लाल, मन्नू, अर्जुन बाबू, चिंता देवी, पूजा देवी, बेबी सहित



समाज के कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में समाज की भूमिका तय करना था। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कानू समाज एनडीए उम्मीदवार और गया शहर के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार को पूर्ण समर्थन देगा। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने डॉ. प्रेम कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया और माला पहनाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि वे एक जनसेवी, सरल स्वभाव के और विकासोन्मुख सोच वाले नेता हैं जिन्होंने गया शहर में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। युवा नेता प्रकाश कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज को एकजुट होकर राज्य और शहर के विकास में योगदान देना चाहिए तथा एनडीए के प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना हर सदस्य का लक्ष्य होना चाहिए। बैठक का समापन एकता, सहयोग और राजनीतिक जागरूकता के संदेश के साथ हुआ। सदस्यों ने संकल्प लिया कि कानू समाज भविष्य में भी सदैव एकजुट रहकर विकास और प्रगति की दिशा में कार्य करेगा।

# क्षुब्ध मूल अति पिछड़ों ने जनसुराज को दिया समर्थन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरारू बाजार स्थित रेखा मैरेज हॉल में गुरूआ विधानसभा क्षेत्र के मूल अति पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित जातियों की एक आपात बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक पार्टी में सम्मिलित नेताओं एवं सैकड़ों मूल अतिपिछड़ा जातियों के लोगों ने भाग लिया। मूल अतिपिछड़ों के नेता एवं आयोजक सुजीत कुमार ने बताया कि गुरूआ विधानसभा चुनाव में मूल अतिपिछड़ों ने जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी संजीव श्याम सिंह को समर्थन करने का सामूहिक रूप से निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि नीतीश सरकार ने मूल अति पिछड़ा वर्ग में संपन्न जातियों को सम्मिलित कर पिछले दस वर्षों से हमारे हक की हकमारी की। हमलोग पिछले दस सालों से चुप इसलिए थे कि हमारे पास विकल्प नहीं था। गुरूआ के भाजपा उम्मीदवार द्वारा भी बयान दिया गया है कि मेरे द्वारा हीं संपन्न जाति को अति पिछड़ा में सम्मिलित करवाया गया है। ऐसे स्थिति में हमारे समाज के हकमारी करने वाले व्यक्ति को कैसे वोट दिया जा सकता है।

# मगध विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली आयोजित

## छात्रों ने दिया संदेश -'जागरूक मतदाता, सशक्त लोकतंत्र'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ, संस्कृत विभाग और स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम) कोषांग, जिला निर्वाचन कार्यालय गया के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर के निर्देशन में आयोजित हुआ। रैली में स्वीप



कोषांग की नोडल पदाधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, पदाधिकारी आरती कुमारी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक जयवंती सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. निभा सिंह और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रश्मि वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते हुए किया। रैली का उद्देश्य आगामी चुनावों के मद्देनजर नागरिकों, विशेषकर युवाओं और छात्रों के बीच मतदान के महत्व को रेखांकित करना था। यह रैली विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर परिसर के विभिन्न मार्गों से होते हुए संपन्न हुई। विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों और कर्मचारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए – 'मतदान हमारा अधिकार है', 'हर वोट देश की ताकत है', 'जागरूक मतदाता, सशक्त लोकतंत्र'। कार्यक्रम में एनईपी समन्वयक डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. ममता मेहरा, डॉ. एकता वर्मा, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. वंदना, डॉ. कविता कुमारी, डॉ. रवींद्र कुमार, डॉ. राम नारायण मिश्र और डॉ. बागेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली के आयोजन में संस्कृत विभाग के प्रो. मुनेश्वर प्रसाद और डॉ. उमेश राय, शिक्षा विभाग के डॉ. पी.के. धल तथा फिजियोथेरेपी विभाग के डॉ. रोहित कुमार का योगदान उल्लेखनीय रहा। इस रैली ने विश्वविद्यालय समुदाय में लोकतांत्रिक चेतना का संचार किया और यह संदेश दिया कि 'जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव है।'

# लालकृष्ण आडवाणी भारतीय राजनीति के आदर्श पुरुष : डॉ मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारत रत्न से सम्मानित लालकृष्ण आडवाणी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी भारतीय राजनीति के ऐसे आदर्श पुरुष हैं जिन्होंने न केवल भारतीय जनता पार्टी की नींव को सुदृढ़ बनाया, बल्कि राष्ट्रवाद, सुशासन और जनसेवा के मूल मंत्र को जन-जन तक पहुंचाया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की जोड़ी ने भाजपा संगठन को जिस परिश्रम, निष्ठा और वैचारिक दृढ़ता के साथ खड़ा किया, उसी का परिणाम है कि



आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है। आडवाणी जी का जीवन राजनीतिक मर्यादा, ईमानदारी और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अपने विचारों, कर्म और नेतृत्व के माध्यम से लाखों कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि आडवाणी जी ने 'राम जन्मभूमि आंदोलन' से लेकर सुशासन की राजनीति तक भारत के जनमानस में नई चेतना का संचार किया। वे एक सच्चे राष्ट्रनायक हैं जिनके विचार आज भी हर भाजपा कार्यकर्ता के मार्गदर्शक हैं। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने आडवाणी जी के दीर्घायु, स्वस्थ और सक्रिय जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा और उनका योगदान भारतीय राजनीति के स्वर्ण अक्षरों में सदैव अंकित रहेगा।

# चिराग पासवान ने राजद पर जम कर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी प्रखंड के सूर्यमंडल हाई स्कूल मैदान में शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के प्रत्याशी उदय कुमार सिंह के समर्थन में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा को संबोधित करते हुए लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में बिहार में



'जंगलराज' का माहौल था जहां अपराध, भ्रष्टाचार और अराजकता चरम पर थी। उन्होंने कहा कि उस दौर को जनता आज भी नहीं भूली है। चिराग पासवान ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज बिहार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सड़क, बिजली, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। पासवान ने जनता से अपील की कि वे राजद के पुराने शासनकाल को याद रखें और बिहार में शांति व विकास बनाए रखने के लिए एनडीए को एक बार फिर समर्थन दें।

# जनसुराज पार्टी कार्यालय में असामाजिक तत्वों ने किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** बाजार के बगडीहा मोड़ स्थित जनसुराज पार्टी के कार्यालय में शुक्रवार को देर शाम असामाजिक तत्वों ने हंगामा किया। इस संबंध में गुरूआ विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी संजीव श्याम सिंह (पूर्व एमएलसी) ने बताया कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर जी द्वारा मथुरापुर बाजार सहित गुरूआ बाजार में किये गये रोड शो से घबराकर विरोधी दलों के नेताओं ने जनसुराज पार्टी के कार्यालय में अपने गुर्गों से हंगामा करवाया है। जनसुराज के समर्थक एवं नेता इस तरह के हंगामा से घबराने वाले नहीं हैं। इसका जवाब जनता अवश्य देगी। ऐसा मेरा विश्वास है। इस संबंध में थाना में आवेदन दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि शनिवार को बाजार स्थित रेखा मैरेज हॉल में मूल अति पिछड़ा वर्गों का एक सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में मूल अति पिछड़ा वर्गों के दर्जनों नेताओं एवं सैकड़ों लोगों ने शिरकत किया और जनसुराज पार्टी को समर्थन करने का वादा किया।


**शपथ पत्र**

मैं दलदीप सिंह पिता-स्व. गणपत सिंह ग्राम+पो.-उमगा थाना-मदनपुर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार कार्ड सं.- 4437 9841 7971 में एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम दलदीप सिंह है एवं भारतीय जीवन बीमा निगम में मैंने पॉलिसी करवाया था जिसमें बौन्ड पेपर सं.-518527258 एवं 513685150 में मेरा नाम राजकिशोर प्रसाद सिंह अंकित है। मेरा मूल नाम दलदीप सिंह है तथा पुकारू नाम राज किशोर प्रसाद सिंह है। दलदीप सिंह एवं राजकिशोर प्रसाद सिंह दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मैं हूं। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 23577 दिनांक 31-10-25

शपथकर्ता
दलदीप सिंह



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–43 ऑफ 2025–26 / खुला / इंजीनियरिंग, डीडीयू।**
मंडल रेल प्रबंधक / इंजीनियरिंग / डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन (ई – निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : निविदा सं0–18–डीडीयू–व॰मं॰इंजी॰– II–25–26.** जोन सं. –18 सहायक इंजीनियर / डेहरी– ऑन–सोन के अधीन सभी सिविल कार्य पाइप लाइन, सैनेटरी, रोड कार्य और अन्य लकड़ी मरम्मत कार्य के क्षेत्रीय ठेके कि॰मी॰ 588.00 से कि॰मी॰ 516.00 में पड़ने वाले सभी रेल कर्मचारी आवास, समपार फाटकों एवं सर्विस बिल्डिंग के कार्य। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत : ₹** 45,05,760 / –, **(iii) धरोहर राशि : ₹** 90,100 / –, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 26.11.2025 को 12:00 बजे तक, **(v)** वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : **www.ireps.gov.in. नोट:**विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक,
पूर्व मध्य रेल, पं॰ दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1251/डीडीयू/ईजी./टी/25–26/36



**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान सभा
Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 79, गौड़ा बौराम | अफजल अली खाँ | ACJM-I Bisaul, जमालपुर थाना काण्ड सं०-61 / 10, | धारा-147, 148, 341, 323, 504 भा.द.वि. आर्म्स एक्ट, आर्म्स एक्ट | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 79, गौड़ा बौराम | अफजल अली खाँ | ACJM-II Bisaul, जमालपुर थाना काण्ड सं०-84 / 19 | धारा-341, 323, 504 / 34 भा.द.वि., स्वेच्छा से चोट पहुंचाना | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

संपादकीय

# रेल हादसे फिर उठा रहे हैं सुरक्षा पर सवाल

देश में आम लोगों के लिए रेल सेवाएं यातायात का प्रमुख साधन हैं। रोजाना लाखों लोग रेलगाड़ियों में सफर करते हैं। सरकार यह दावा करते हुए नहीं थकती कि रेलयात्रा को सुलभ एवं सुरक्षित बनाना उसकी प्राथमिकता में है। फिर क्या वजह है कि रेल हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है? कभी दो रेलगाड़ियों के टकराने से दुर्घटना हो जाती है, तो कभी कोई ट्रेन पटरी से उतर जाती है। वहीं, पैदल यात्रियों का ट्रेन की चपेट में आना, तो अब रोजमर्रा की घटनाएं हो गई हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को एक यात्री ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे बड़ा हादसा हो गया। इसके अगले दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में रेलगाड़ी से उतर कर पटरी पार कर रहीं महिलाएं दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गईं। इन दोनों हादसों में कई लोगों की जान चली गई। इससे रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर अब तक हुई रेल दुर्घटनाओं से सबक लेकर व्यवस्था में व्याप्त खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती है?

गौर करने की बात है कि एक तरफ देश में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है और दूसरी तरफ रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की हाल की एक रपट के मुताबिक, देश में वर्ष 2023 में रेलगाड़ियों के टकराने, पटरी से उतरने और पैदल यात्रियों के चपेट में आने से संबंधित चौबीस हजार से अधिक हादसे हुए हैं, जिनमें इक्कीस हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई।

वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में रेल हादसों में 6.7 फीसद की वृद्धि हुई है। हालांकि, सरकार की ओर से रेल सेवाओं को सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल सहित कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन इन्हें व्यावहारिक रूप में ढालने और धरातल पर लागू करने में विभिन्न स्तरों पर बरती जा रही लापरवाही भी रेल हादसों का एक बड़ा कारण है।

बिलासपुर में रेल हादसे की प्रारंभिक जांच रपट में यह सामने आया है कि चालक दल यात्री ट्रेन को लाल बत्ती पर नियंत्रित नहीं कर पाया, जिससे वह आगे जाकर एक मालगाड़ी के पिछले हिस्से से टकरा गई। यह जांच रपट पांच विशेषज्ञों ने तैयार की है, लेकिन इस पर केवल तीन ने ही हस्ताक्षर किए हैं और इसको लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में हुए हादसे को लेकर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कुछ यात्री एक ट्रेन से पटरी वाले हिस्से की ओर उतर गए और वे उसी वक्त सामने से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए।

यह दावा भी किया जा रहा है कि वहां ऊपरिगामी मार्ग बना हुआ है, लेकिन हादसे में जान गंवाने वाली महिला यात्रियों ने उसका इस्तेमाल नहीं किया। सवाल है कि ट्रेन से उतरने वाले यात्री इसी मार्ग का इस्तेमाल करें, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है? देशभर में रेलवे फाटकों पर भी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था न होने की वजह से पटरी पार करते समय आए दिन लोगों की जान चली जाती है। सरकार और रेलवे प्रशासन को सुरक्षा से जुड़ी इन व्यवस्थाओं पर गंभीरता से ध्यान देना होगा तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी होगी, तभी हादसों पर अंकुश लग पाएगा।

# जेपी के वैचारिक क्रांति के पक्षधर सीपी राधाकृष्णन

**लोकनायक जयप्रकाश नारायण अपने समय को नए तरह से परिभाषित करते रहे हैं। भारत के उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सिताबदियारा, सारण में बहुत अमूल्य बात लोकनायक के बारे में कही कि उन मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएँ जिनके लिए जेपी जीवनभर खड़े रहे और वह है सत्य, न्याय, अहिंसा और जनशक्ति। उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एक ऐसे समय में यह बात कही है जब देश में सत्य, न्याय, अहिंसा और जनशक्ति को संयोजित करके आज भारत विकसित राष्ट्र बनने का यत्न कर रहा है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भी खुद लोकनायक को स्मरण करते हुए अभिलेखागार के दुर्लभ झलक जो कि आपातकाल के दौरान लिखी गई लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुस्तक प्रिज़न डायरी थी, उसे साझा किया और कहा कि यह पुस्तक जयप्रकाश नारायण की पीड़ा और एकांत कारावास के दौरान लोकतंत्र में उनकी अटूट आस्था को दर्शाती है।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

लोकनायक जयप्रकाश नारायण को उद्धृत करते हुए, प्रधानमंत्री ने उनके मार्मिक शब्दों को कुछ इस प्रकार अभिव्यक्त किया कि भारतीय लोकतंत्र के ताबूत में ठोकी गई हर कील मेरे दिल में ठोकी गई कील के समान है। प्रधानमंत्री के इस उद्धरण को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में यदि मूल्यांकन किया जाए तो यह पता चलता है कि वह अपने भारत भाग्य के बारे में सही और गलत का आंकलन ठीक-ठीक करते हैं। भारत के उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उसी लोकनायक पर बहुत गहरे विचार सिताबदियारा में प्रकट किया। वह जयप्रकाश नारायण को वैचारिक क्रांति का अग्रदूत मानते हैं और आज के समय में भी उनकी वैचारिक उपस्थिति को महसूस करने को कहते हैं। भारत की जनशक्ति है यहाँ की डेढ़ अरब की आबादी। भारत की जशक्ति है डेढ़ अरब आबादी की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक उन्नति। भारत की इसी जनशक्ति से विकासित राष्ट बनाना है। ऐसे समय में जो उप राष्टपति सीपी राधाकृष्णन जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति का याद दिला रहे हैं और जो उनके आत्मोत्सर्ग की कहानियां सुना रहे हैं, उसके पीछे देश का हित जुड़ा हुआ है। उनका साफ मानना है कि लोकनायक जयप्रकाश जी को पूरा राष्ट्र उन्हें प्रेम से जेपी कह कर पुकारा लेकिन वह स्वतंत्रता सेनानी थे। वे हमारे लोकतंत्र के अंतरात्मा की आवाज़ थे। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1970 के दशक में उनके संपूर्ण क्रांति के आह्वान तक, उनका जीवन नैतिक साहस, सादगी और बलिदान का प्रतीक रहा। उनकी इस अभिव्यक्ति के पीछे जो उद्देश्य है उसे अगर भारतीय समाज समझ सके तो बेहतर भविष्य की ओर उन्मुख हो सकता है।




स्मरण आती है लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुस्तक सर्वोदय से समाजवाद उसमें उन्होंने कहा था कि मनुष्य, उसकी चेतन-शक्ति, समाज और संस्कृति जिसका उसने निर्माण किया है, यदि ये सब भूत-द्रव्य की, फिर यह द्वन्द्वात्मक दृष्टि से चाहे कितना ही सक्रिय क्यों न हो, अभिव्यक्ति मात्र है, तो मैं नहीं समझता कि क्यों किसी व्यक्ति को अच्छा बनने अर्थात् उदार, दयावान् और निःस्वर्थी बनने की कोशिश करनी चाहिए? जेपी दूसरा सवाल करते हैं कि तब किसी दुर्बल, दीन और दुखी के प्रति किसी को सहानुभूति क्यों होनी चाहिए? उनका एक और सवाल है कि मृत्यु के उपरान्त जो भूत-द्रव्य है, यह भूत-द्रव्य में विलीन हो जायगा। अतएव नैतिक व्यवहार के लिए उससे क्या प्रेरणा मिल सकती है? ये सवाल बहुत मामूली सवाल नहीं हैं। दरअसल, यह उस चेतना से सवाल है जो अपने आपको सबसे उन्नत बुद्धि वाला समझता है। जो अपने आपको सर्वदा दिग्विजयी मानता है। जेपी इस पर कहते हैं कि सत्ता या सम्पति की भोग-वासना या जनता से जयजयकार कराने अथवा अपने समकक्षियों से आदर पाने की आकांक्षा- उसके सामने काम करने के लिए ये ही प्रलोभन हो सकते हैं। किन्तु ऐसे प्रलोभनों का सही या गलत मूल्यांकन से कोई सम्बन्ध नहीं रह सकता। नैतिक आदर्शों का निःसंदेह एक इतिहास है, उनका एक सामाजिक हेतु है। किन्तु जब मनुष्य अपने परम्परागत आचार-व्यवहार के सिद्धातों में ही शंका करने लगता है और अपने से पूछता है कि मैं नैतिक नियमों के अनुसार आचरण क्यों करूँ, तो भौतिकवाद के पास उसके लिए कोई जवाब नहीं मिलता। समाज-सेवा, त्याग, स्वतंत्रता, समानता और अन्य सब आदर्शों को लेकर किसीने बहुत समय बिताया हो, किन्तु बाद में यदि वह अपने से पूछने लगे कि मैं इन आदर्शों को बिल्कुल ही स्वीकार क्यों करूँ और इनकी वजह से नाहक परेशानी और घाटा क्यों सहूँ तो भौतिकवादी तत्वज्ञान, द्वन्द्वात्मक या अन्यथा उसे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकता। वह कहते हैं कि मैं यह नहीं कहता कि त्तात्विक भौतिकवादियों में ऐसे व्यक्तियों के उदाहरण नहीं है, जिन्होंने उच्च आदर्शों के लिए महान् त्याग किए हैं। मैं इतना ही कहना चाहता हूँ कि उनका वह कार्य उनके तत्वज्ञान से मेल नहीं खाता। आज तात्विक विषय वस्तु से दूर होता आदमी किस दुनिया में खोता जा रहा है, समझ में नहीं आता। देश में दूरदर्शी समाज की एक बार पुनः उत्थान कैसे होगा, सवाल यह है। निःसंदेह उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जो जेपी पर, उनके संपूर्ण क्रांति पर, उनके समर्पण व दर्शन पर जो विमर्श खड़ा किया है वह आज समय की मांग है। जेपी पुनः पढ़े जाने चाहिए। जेपी को पुनः आत्मसात किया जाना चाहिए। जेपी को अपने सामने हर अच्छे कार्य करने से पहले रखना चाहिए नहीं तो समाज का जो तबका भौतिकता व द्वंद्वात्मक स्थितियों में फंसता जा रहा है और हिंसा की राजनीति जिसे ख़त्म कर देना चाहती है, वह हावी हो जाएगी।

सीपी राधाकृष्णन स्वयं लोकनायक के प्रशंसकों में सम्मिलित हैं। उन्होंने उन्हें जिया है। उन्हें आत्मसात किया है। उनकी अंतर्मन से नहीं अंतरआत्मा से इसीलिए जेपी के प्रति अनुराग है। उन्होंने सारण में कहा भी कि मेरे लिए यह व्यक्तिगत सम्मान की बात है कि मुझे संपूर्ण क्रांति आंदोलन से घनिष्ठ रूप से जुड़ने का अवसर मिला। उन्नीस वर्ष की आयु में, लोकनायक जी के आह्वान पर मैंने इस आंदोलन में कूदकर भाग लिया और कोयंबटूर में संपूर्ण क्रांति आंदोलन का जिला महासचिव बना। वे सदा जनशक्ति को राज्यशक्ति से ऊपर मानने वाले जननायक थे। आज भी हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों की मज़बूती उन्हीं मूल्यों पर टिकी है, जिनका लोकनायक ने जीवनभर पालन किया जिसके भीतर ऐसे मूल्य थे जिससे समाज अपने भविष्य के लिए आशा पाल सकता है और अपने वर्तमान को संवार सकता है। और वे मूल्य थे-पारदर्शिता, जवाबदेही, जनसेवा और सत्य के लिए खड़े होने का साहस।

देश को द्रुत गति से आज अगर विश्व प्रतिस्पर्धा में सम्मिलित करके आगे ले जाना है तो ऐसे मूल्यों को प्रत्येक भारतीय नागरिकों को अपनाना होगा। बहुधा, अपने समय से आगे की सोच रखने वाले ही ऐसे विचचार प्रकट करते हैं। लोकनायक ने जो विचार प्रकट किए और जिस क्रांतिकारी कदम से भारतीय जनता को विश्वास के साथ एकजुट किया वह उन दिनों वे ही कर सकते थे। वे अपने सुख के लिए कोई समझौता नहीं किए और न ही कभी सत्य से समझौता किए। सीपी राधाकृष्णन ने यूं ही नहीं कहा कि जब हम विकसित भारतञ्च2047 की ओर बढ़ रहे हैं, तो आइए, लोकनायक के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करें और एक ऐसा भारत बनाएं जो जीवंत, समावेशी और सशक्त हो।

सीपी राधाकृष्णन ने जिस श्रेष्ठ भाव से लोकनायक के स्मृतियों को ताजाकर भारतीय नागरिकों को जयप्रकाश नारायण के मूल्यों को आत्मसात करने को कहा है उसका आदर तभी होगा जब हम सच में भारतीय लोकतंत्र को सर्वदा पुनर्जीवित करने के लिए प्रतिरोध भी करेंगे और विकसित भारत बनाने के लिए समर्पित भी होंगे। वस्तुतः उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का भी उद्देश्य यही है कि देश विश्व में अपना लोकतांत्रिक कीर्तिमान स्थापित करे और हमारी नई पीढ़ी जेपी को आत्मसात करके देश निर्माण में आगे आएं।

अध्यात्म

## चाँदी के पात्र का सही मूल्य क्या?

बहुत समय पहले की बात है। किसी गाँव में एक बूढ़ा व्यक्ति रहता था। उसके दो बेटे थे। बूढ़ा वस्तुओं के उपयोग के मामले में कंजूस था और उन्हें बचा-बचा कर उपयोग किया करता था। उसके पास एक पुराना चांदी का पात्र था। वह उसकी सबसे मूल्यवान वस्तु थी। उसने उसे संभालकर संदूक में बंद कर रखता था। उसने सोच रखा था कि सही अवसर आने पर ही उसका उपयोग करेगा। एक दिन उसके यहाँ एक संत आये। जब उन्हें भोजन परोसा जाने लगा, तो एक क्षण को बूढ़े व्यक्ति के मन में विचार आया कि क्यों न संत को चांदी के पात्र में भोजन परोसूं? किंतु अगले ही क्षण उसने सोचा कि मेरा चांदी का पात्र बहुत कीमती है। गाँव-गाँव भटकने वाले इस संत के लिए उसे क्या निकालना? जब कोई राजसी व्यक्ति मेरे घर पधारेगा, तब यह पात्र निकालूंगा। यह सोचकर उसने पात्र नहीं निकाला। कुछ दिनों बाद उसके घर राजा का मंत्री भोजन करने आया। उस समय भी बूढ़े व्यक्ति ने सोचा कि चांदी का पात्र निकाल लूं। किंतु फिर उसे लगा कि ये तो राजा का मंत्री है। जब राजा स्वयं मेरे घर भोजन करने पधारेंगे, तब अपना कीमती पात्र निकालूंगा। कुछ दिनों के बाद स्वयं राजा उसके घर भोजन के लिए पधारे। राजा उसी समय पड़ोसी राज्य से युद्ध हार गए थे और उनके राज्य के कुछ हिस्से पर पड़ोसी राजा ने कब्जा कर लिया था। भोजन परोसते समय बूढ़े व्यक्ति ने सोचा कि अभी-अभी हुई पराजय से राजा का गौरव कम हो गया है। मेरे पात्र में किसी गौरवशाली व्यक्ति को ही भोजन करना चाहिए। इसलिए उसने चांदी का पात्र नहीं निकाला। इस तरह उसका पात्र बिना उपयोग के पड़ा रहा। एक दिन बूढ़े व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु के बाद उसके बेटे ने उसका संदूक खोला। उसमें उसे काला पड़ चुका चांदी का पात्र मिला। उसने वह पात्र अपनी पत्नी को दिखाया और पूछा- इसका क्या करें? पत्नी ने काले पड़ चुके पात्र को देखा और मुँह बनाते हुए बोली- अरे इसका क्या करना है। कितना गंदा पात्र है। इसे कुत्ते को भोजन देने के लिए निकाल लो। उस दिन के बाद से घर का पालतू कुत्ता उस चांदी के पात्र में भोजन करने लगा। जिस पात्र को बूढ़े व्यक्ति ने जीवन भर किसी विशेष व्यक्ति के लिए संभालकर रखा, अंततः उसकी ये गत हुई। किसी वस्तु का मूल्य तभी है, जब वह उपयोग में लाई जा सके। बिना उपयोग के बेकार पड़ी कीमती वस्तुओं का भी कोई मूल्य नहीं।

# लोकतंत्र को सशक्त बनाएंगी आदर्श युवा ग्रामसभाएं

**किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा आबादी होती है। यह सुखद है कि विश्व की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या भारत में है। आधे नागरिक 25 वर्ष से कम आयु के हैं। इसीलिए नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं, तभी से वे इस युवा ऊर्जा को नवाचार से जोड़ने के प्रयास में लगे हुए हैं। इसमें सफलता भी मिली है। इसी का नतीजा है कि देश दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। अब युवा जनसांख्यिकीय ताकत को पंचायतीराज में शिक्षित युवाओं के समावेशीकरण की दृष्टि से एक अनूठी नवाचारी पहल पंचायती राज मंत्रालय ने की है। इसमें जनजातीय कार्य मंत्रालय और शिक्षा विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है। इसके अंतर्गत 'आदर्श युवा ग्रामसभा' यानी मॉडल यूथ ग्रामसभा (एमवायजीएस) एक ऐसी पहल है, जो युवाओं में लोकतांत्रिक भागीदारी और नेतृत्व को प्रेरित करती है।**

**प्रमोद भार्गव**

ये युवा ग्रामों में जमीनी लोकतंत्र की भावना को न केवल मजबूती देंगे, अपितु त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में शामिल होकर नवीन डिजिटल माध्यमों से ग्राम पंचायत प्रशासन को पारदर्शी बनाने के साथ, उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का काम भी करेंगे। इस व्यवस्था को तीनों विभागों ने तालमेल बिठाकर 30 अक्टूबर 2025 को शुभारंभ भी कर दिया है।

त्रिस्तरीय पंचायती राज में सरपंच, जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष से कहीं ज्यादा संवैधानिक महत्व ग्राम सभाओं का है। हालांकि कमोबेश पूरे देश में ग्राम सभाओं को नजरअंदाज किया जाता है। कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी ग्राम सभाओं के कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रस्तावों को टाल देते हैं। ग्राम सभाओं की इस कानूनी बाध्यता को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए वेदांता जैसी खनिज उत्खनन की बहुराष्ट्रीय कंपनी और ओड़ीसा राज्य सरकार के मामले में 2013 में दिए गए एक फैसले से जानते हैं। शायद देश में ऐसा पहली बार हुआ था कि पंचायतराज और ग्रामसभा के अधिकारों की कितनी अहम् भूमिका ग्राम विकास में अतंर्निहित है। पंचायत और वनाधिकार कानून की यह न्यायिक व्याख्या ऐसी राज्य सरकारों के लिए एक सबक है, जो इन कानूनों को ताक पर रखकर मनमानी करती हैं। इस दृष्टि से ओड़ीसा की नियमगिरी की पहाड़ियों पर सर्वोच्च न्यायालय ने बॉक्साइट के उत्खनन की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। यहां गौरतलब है कि न्यायालय ने खुद व्यापार की कोई नई कानूनी संहिता नहीं रची थी, बल्कि अदालत ने पहले से ही प्रचलन में आए 'पंचायती राज अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम' (पेसा) और आदिवासी एवं अन्य वनवासी भूमि अधिकार अधिनियम ;वनाधिकार कानून में तय मानदण्डों के आधार पर ही अपना फैसला दिया था। अदालत ने केवल यह रेखांकित किया था कि इन कानूनों के तहत आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय खनिज संपदाओं के उपयोग के संबंध में ग्रामसभाएं पूरी तरह अधिकार संपन्न हैं और उनकी अनुमति के बिना कोई कंपनी या राज्य सरकार बेज़ा दखल नहीं दे सकती है। साथ ही, कार्यपालिका ग्रामसभा के निर्णय को मौके पर पालन कराने के लिए बाध्यकारी है। इस फैसले के बाद वेदांता समूह को मिले खनन के अधिकार पर ग्रहण लग गया था। इससे गांव में जमीन पर सामुदायिक हक किसका है, यह निर्धारित करने का निर्णय ग्राम सभाओं को मिल गया था। इससे पहले इसी आधार पर 2009 में अरावली पर्वत श्रृंखलाओं में खनन पर रोक लगा चुकी थी। ग्राम सभाओं के इसी महत्व को अंगीकार करते हुए कर्नाटक के बेल्लारी, तुमकुर और चित्रांगदा जिलों में लौह अयस्क उत्खनन के 50 पट्टे भी शीर्ष न्यायालय ने रद्द कर दिए थे। अदालत के इस लोकतांत्रिक एवं जनहितैषी कानून सम्मत फैसले से इस अवधारणा को शक्ति मिली थी कि जिन मूल निवासियों के संसाधनों पर परियोजनाएं स्थापित होनी हैं, उन्हें लगाने या न



लगाने का अधिकार पंचायत अधिनियम में दर्ज ग्राम सभाओं को है। ग्राम सभाएं निर्णय लेने को पूरी तरह स्वतंत्र हैं। चूंकि आदर्श युवा ग्राम सभाओं में ऐसे विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत गतिविधि आधारित और अनुभवजन्य शिक्षा पर बल देती है। इस प्रशिक्षण का लक्ष्य छात्रों में संवैधानिक मूल्यों, दायित्वों के प्रति सम्मान के साथ देश के प्रति भावनात्मक जुड़ाव विकसित करना है। इसीलिए इन आदर्श युवा ग्राम सभाओं में जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय और अन्य सरकारी विद्यालयों के नवीं एवं दसवीं के छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। क्योंकि यही संस्थान समाज के विविध वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अतएव इस पहल का दायरा सभी ग्रामीणों से लेकर जनजातीय समुदाओं तक फैला हुआ है। चूंकि संविधान के 73वें संशोधन ने पंचायती राज व्यवस्था में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के आरक्षण के साथ इन समुदायों की महिलाओं को भी आरक्षण की सुविधा प्राप्त है। इसीलिए ग्राम पंचायतों को भारत की विविधता का वास्तविक प्रतिबिंब माना जाता है।

निश्चित ही यह लोक-कल्याणकारी निर्णय ग्रामीण जनसमूहों में चेतना का आधार बनेगा और ग्राम विकास में ग्राम सभा की भूमिका मजबूत होगी। साथ ही इस ऐतिहासिक फैसले के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकारों और उद्योगपतियों को यह संदेश लेने की जरूरत है कि वे अब अपेक्षाकृत ज्यादा मानवीय और समावेशी विकास की पक्षधर दिखें ? तभी विकेंद्रीकृत पंचायती राज प्रणाली में कानून की सार्थकता सिद्ध होगी।

युवाओं द्वारा स्वप्न देखना स्वाभाविक लक्षण है। लेकिन प्रचार के जरिए देश में माहौल कुछ ऐसा बना दिया गया है कि सरकारी अथवा निजी क्षेत्र में नौकरी करना ही जीवन की सफलता है। परंतु यह प्रयोग प्रशिक्षित युवा वर्ग में निर्वाचन के जरिए पंचायती राज व्यवस्था में प्रशासनिक अधिकार प्राप्त कर लेने की उम्मीद जगाता है। यदि इन युवाओं को पर्याप्त अवसर मिलते हैं, तो उनमें पंचायती राज की कमियों को दूर करने की क्षमता तो दिखाई देगी ही, वे आलोचनात्मक सोच के माध्यम से चुनौतियों की पहचान कर उनके उचित समाधान के प्रति भी प्रतिबद्ध दिखाई देंगे। चूंकि ये शिक्षित होंगे, इसलिए समकालीन मुद्दों पर नई दृश्टि से विचार करेंगे और समाज को संवाद से प्रेरित करेंगे। अतएव कह सकते हैं कि युवा सरकारी नौकरी पाने की बजाय ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचार एवं स्वालंबन का बड़ा आधार बनेंगे।

पंचायती राज में इन युवाओं की भूमिका इसलिए भी अहम् रूप में रेखांकित होगी, क्योंकि अब वर्तमान नीतिगत तकनीकी उपायों और कृत्रिम बुद्धि कंप्यूटर से चलने वाले प्रशासन के जरूरी हिस्सा हो गए हैं। इनका सही इस्तेमाल निरीक्षण और अशिक्षित पंचायत प्रतिनिधि की बजाय सुशिक्षित एवं तकनीक का जानकार निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि कहीं ज्यादा कारगर एवं परिणाम मूलक उपयोग कर पाएंगे। अतएव आदर्श युवा ग्राम सभा एक रूपांतरणकारी दौर से गुजरेगी और इस स्थानीय शासन-प्रशासन व्यवस्था में लोकतांत्रिक मूल्य मजबूत होंगे। भारत जब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में चल पड़ा है, तब पंचायती राज की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करना जरूरी हो जाता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए सेहत पर थोड़ा ध्यान देने के लिए रहेगा और आप अपने घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं।

**वृषभ**
अपने कामों में थोड़ा समझदारी व बुद्धि का प्रयोग करके ही आगे बढ़ें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश करेगा।

**मिथुन**
आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका मान-सम्मान बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**कर्क**
आपको बिजनेस में भी छुटपुट लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि आपका ध्यान कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है।

**सिंह**
आपको कोई दूसरी नौकरी का ऑफर भी आ सकता है। आपका कोई शुभचिंतक आज आपसे किसी बात को लेकर बातचीत कर सकता है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा।

**तुला**
सामाजिक कार्यों में आप कोई भी काम थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करें, क्योंकि आपके शत्रु आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके सामने कुछ खर्च ऐसे आएंगे, जो मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है। आपको किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, जिसके लिए यात्राएं भी अधिक होगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा ना करें।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। करियर में आपका अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आपका बिजनेस भी पहले से बेहतर रहेगा।

**मीन**
दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बातचीत करने में व्यतीत करेंगे, जिससे पुराने गिले शिकवे भी दूर होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि अनुसंधान परिसर, पटना में सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' राष्ट्रीय गीत का गायन

**कृषि अनुसंधान परिसर, पटना में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की गूंज**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 07 नवंबर 2025 को अत्यंत गरिमामयी वातावरण में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास की उपस्थिति में सभी प्रभागों, अनुभागों, प्रकोष्ठों एवं इकाइयों के




अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा आईएआरआई पटना हब के छात्रों ने एक स्वर में 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन कर राष्ट्रभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत में निदेशक महोदय ने कहा कि 'वंदे मातरम' मात्र एक गीत नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए संस्थान की प्रगति में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया। इसी क्रम में संस्थान के कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र, राँची; कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ एवं कृषि विज्ञान केंद्र, बक्सर में भी 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन आयोजित किया गया।

### नवंबर के अंतिम सप्ताह तक पीपा पुल होगा चालू

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दियारा के लाइफ लाइन कह जाने वाले पीपा पुल नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक चालू किया जा सकता है. पीपा पुल निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है. पानापुर घाट की ओर गंगा के जलस्तर में तेज धारा के कारण पीपा पुल जोडने का काम रूका हुआ है. जलस्तर कम होने पर पीपा पुल जोडने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जायेगा. साथ ही पीपा पुल घाट पर सोन सोता में पानी है. जिससे होम पाइप देकर रास्ता बनाया जायेगा. इसको लेकर भी कार्य जल्द शुरू किया जायेगा. दोनों ओर पहुंच पथ का भी निर्माण कार्य कराया जायेगा. पुल चालू होने से दियारा के सात पंचायतों के करीब दो लाख आबादी इससे फायदा होगा.पुल चालू होने से दियारा के विकास कार्य में रफ्तार बढेगा. पुल चालू होने से दियारा के लोगों पैदल भी आवागमन करना शुरू हो जायेगा. पुल नही रहने से नासरीगंज स्टीमर और नाव के सहारे अपने रोजमर्रा का सामान लेने शहर आते जाते है. पीपा पुल नही रहने से सबसे ज्यादा गर्भवती महिलाओं, मरीजों और बच्चों को दिक्कत होती है. बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है. पानापुर घाट के ओर बीच गंगा में तेज धारा होने के कारण एंगल गिरने और पीपा जोडने में दिक्कत आ रही है. जलस्तर कम होने पर नवंबर के अंतिम सप्ताह तक पीपा पुल को चालू कर दिया जायेगा.

### वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर एकमा में सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम आयोजित

**एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा में शनिवार को राष्ट्र गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से सामूहिक राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अनूप कुमार एवं प्रो. हरीशंकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय कुमार मिश्र ने राष्ट्रगीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वंदे मातरम् भारत की राष्ट्रीय भावना और देशभक्ति को जागृत करता है। कॉलेज के सचिव ई. जयप्रकाश सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्रभक्ति व राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है तथा यह भारत की सांस्कृतिक अस्मिता का परिचायक है। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी क्रमशः प्रो. सुजीत कुमार, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. अमित कुमार, प्रो. कंचन भारती, संतोष कुमार, नागेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 71 वीं वाहिनी एस.एस.बी. द्वारा पकड़ा गया प्रतिबंधित यूरिया बैग बरामद

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 71 वीं वाहिनी स.सी.ब. मोतिहारी के कार्यक्षेत्र सीमा चौकी अगरवा के द्वारा आसूचना के आधार पर दिनांक शुक्रवार को लगभग एक नियमित नाका पार्टी सीमा चौकी अगरवा, ए समवाय अठमोहन, अंतरराष्ट्रीय स्तम्भ के पास, नाका ड्यूटी करने के लिए गई थी। नाका ड्यूटी करते समय, टीम ने कुछ व्यक्तियों को नेपाल की ओर जाते और अपनी मोटरसाइकिलों पर उर्वरक के बैग ले जाते देखा। नाका पार्टी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने उर्वरक के बैग 02 बाइकों के साथ फेंक दिए और नेपाल की ओर भाग गए।




आस-पास के इलाकों की तलाशी के बाद, पार्टी ने निम्नलिखित वस्तुएँ बरामद कीं और जब्त यूरिया बैग 75 प्रत्येक 45 किलोग्राम और दो बाइक ये सभी वस्तुएँ सीमा शुल्क कार्यालय में जमा कर दिया गया है।

# बीज को लेकर किसानों ने प्रखंड ई किसान भवन में किया हंगामा





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिले के मनेर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टाटा कॉलनी स्थित ई किसान भवन के परिसर में सैकड़ो किसानों ने कई दिनों से चना, मसूर व मटर के बीज नही मिलने से नाराज होकर जमकर हो हंगामा किया। किसानों ने कृषि पदाधिकारी से लेकर किसान सलाहकार तक का विरोध किया। हो हंगामा कर रहे किसानों ने जमकर विरोध जताते हुए मनमानी करने का आरोप भी लगाया है। हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को किसी तरह समझा बूझाकर मामले को शांत कराया। बताया जा रहा है कि पिछ्ले तीन से चार दिनों से मनेर के किसान मनेर प्रखंड स्थित ई. किसान भवन में मटर, मसूर और चना के लिए घंटो लाइन में लग रहे है। लेकिन उन्हें ओटीपी का बात कह कर वापस लौटा दिया जा रहा है। लगातार किस ओटीपी की समस्या को झेलते हुए वापस घंटे इंतजार कर अपने घर लौट जा रहे है। कई किसानों ने बताया कि बीज के लिए ओटीपी का झंझट है, जब तक किसान रजिस्ट्रेशन में जो नंबर जुड़ा है उसे पर ओटीपी नहीं आएगा तब तक उन्हें बीज नहीं मिलेगा और ओटीपी कई दिन से नहीं आ रहा है। बाजार के दरों से कम कीमत पर किसानों को एक किसान भवन में बीज उपलब्ध रहती है। जिसे लेकर इलाके के किसान बीज के लिए पहुंच रहे है। जिसे लेकर शनिवार को सैकड़ो की संख्या में महिला और पुरुष किसान फिर से बच के लिए पहुंचे थे। किसानों के मोबाइल पर ओटीपी नहीं आने के कारण फिर से किसानों को बीज नहीं मिल पा रही थी। जिसे लेकर मौजूद सैकड़ो की संख्या में किसानों ने जमकर ई किसान भवन परिसर में हो हंगामा करने लगे। इसके बाद किसान सलाहकार व कृषि पदाधिकारी के द्वारा एक किसान का मुख्य द्वार बंद करना पड़ा। किसानों ने मनमानी करने का आरोप कृषि के पदाधिकारी पर लगाई। किसान राकेश कुमार, बेबीमुनी देवी और सत्य राय ने बताया कि कई दिनों से बीज के लिए वह आ रहे हैं। लेकिन किसान भवन में ओटीपी मोबाइल पर नहीं आने की बात कह कर लौटा दिया जा रहा। हर रोज ओटीपी की समस्या बनी हुई है। रजिस्टर्ड मोबाइल पर ओटीपी नहीं गिरने के कारण किसानों को बीज वितरण नहीं किया जा रहा है। इस सबंध में कृषि पदाधिकारी है कहना है कि बीज भी उपलब्ध है, लोग सबसे पहले अपना चना, मसूर व मटर बीज लेना चाह रहे है। जिस कारण से हंगामा हो रहा है। जिसके कारण मजबूरन पुलिस को सूचना देकर बुलानी पड़ रही है।

# बिहार की जनता तय कर चुकी, अपराध नहीं विकास चाहिए : सीएम योगी

**मोतिहारी में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में की सभा, बोले-गुंडागर्दी करने वालों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए**





**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार अभियान के तहत शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मोतिहारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी प्रमोद कुमार के समर्थन में स्पोर्ट्स क्लब मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।जैसे ही योगी आदित्यनाथ मंच पर पहुंचे, भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से मैदान को गूंजा दिया। सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने महागठबंधन और आरजेडी पर तीखा हमला बोला। बिना नाम लिए उन्होंने मोतिहारी से महागठबंधन के प्रत्याशी बाहुबली देव गुप्ता पर निशाना साधते हुए कहा, अपराध और गुंडागर्दी के बल पर राजनीति करने वालों का समाज में कोई स्थान नहीं है।उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। बिहार की जनता को भी यह तय करना होगा कि विकास चाहिए या अपराध चाहिए। योगी ने आरोप लगाया कि महागठबंधन के प्रत्याशी पर 28 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, और शायद आईपीसी की कोई ऐसी धारा नहीं है जिसमें उन पर केस दर्ज न हो। सीएम योगी ने एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार और उत्तर प्रदेश दोनों में गरीबों को मुफ्त राशन, आवास, बिजली, शौचालय और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा, एनडीए सरकार ने जनता के जीवन में सुधार लाने का काम किया है। अब हमें इस विकास की यात्रा को आगे बढ़ाना है।योगी ने लोगों से अपील की कि वे मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी प्रमोद कुमार को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि विकास की यह रफ्तार थमे नही। जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी थी, जिसमें महिलाओं और युवाओं की उपस्थिति खास रही। योगी के भाषण के दौरान कई बार तालियों की गड़गड़ाहट और नारों से पूरा मैदान गूंज उठा। सभा को संबोधित करने वालों में पूर्व केंद्रीय कृषि एवम कल्याण किसान मंत्री राधा मोहन सिंह एवम एनडीए के कई नेता शामिल थे। मौके पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# दानापुर नगर में सार्वजनिक शौचालय नहीं, महिलाओं को खटखटाने पड़ते हैं घरों के दरवाजे

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा हर वर्ष सामुदायिक शौचालय व अतिरिक्त चलंत शौचालय बनाने के लिए करीब चार करोड का बजट पारित किया जाता है . इसके बाद परिषद क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण नही किया जाता है. रिहायशी इलाके तो क्या शहर चौक-चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय नहीं है. नगर परिषद द्वारा सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य करने के लिए कोई उचित पहल नही किया गया है. सार्वजनिक जगहों पर सार्वजनिक शौचालय नहीं है. नगर में रोजाना नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग खरीददारी करने आते है. ऐसे में महिलाओं को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है. नगर परिषद क्षेत्र में मात्र एक ही सार्वजनिक शौचालय है. जो रामजीचक बाटा के पास. बाकी कही भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है.लोगों खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ता है. सर्वाधिक परेशानी महिलाओं को होती है. अगर उन्हें शहर में तीन से चार घंटा रुकना पड़ जाए, तो बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है. मजबूरी में किसी के घर के दरवाजा खटखटाने पड़ते हैं. लेकिन इस समस्या के प्रति नगर परिषद के मुख्य पार्षद व ईओ उदासीन बने हैं.राजधानी के सटे होने के बाद शहर की सूरत तेजी से बदल रही है. मॉल संस्कृति विकसित हुई है पर विकास के इस दौर में नगर में जन सुविधाओं का घोर अभाव आज भी बना है. शहर में शौचालय की सर्वाधित आवश्यकता नगर के अति व्यस्त एरिया में शामिल, रूपसपुर नहर, गोला रोड, रामजयपाल मोड , आरपीएस मोड, सगुना मोड, खगौल रोड, तकियापर, शाहपुर व दाउदपुर आदि क्षेत्र में है. सबसे अधिक भीड़भाड़ वाला इलाका भी यही है. शहर के लोगों ने जरूरत के हिसाब से जगह जगह शौचालय बनवाने व उसकी देखरेख करने की मांग उठाई है. शहर की सूरत बदली है व आबादी बढ़ी है, तब यह शौचालय लोगों के लिए नहीं है. स्थानीय लोगों बताते हैं कि परिषद क्षेत्र में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. शहर की इस हालत का जिम्मेदार नगर परिषद ही है. अभी तक अपनी जिम्मेदारियों का एहसास नगर परिषद को नहीं हो पाया है. इस कारण शहर की सूरत बिगड़ती जा रही है.साथ ही परिषद परिसर में भी आम लोगों व दुकानदारों के लिए शौचालय नही है. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि बोर्ड की बैठक में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव रखा गया है और जमीन का चयन किया जा रहा है. स्थल चयन कर जल्द ही सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जायेगा.

**नगर परिषद द्वारा सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य करने के लिए कोई नहीं की गई उचित पहल**

# वाहन कोषांग के वरीय पदाधिकारी एडीएम द्वारा गाँधी मैदान में निर्वाचन कार्य में लगे वाहनों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था कराई गयी



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा में आम निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर वाहन कोषांग के वरीय पदाधिकारी एडीएम (लोक शिकायत) शैलेंद्र कुमार भारती के द्वारा मोतिहारी के गांधी मैदान में निर्वाचन कार्य के लिए वाहनों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था कराई गई है, जिसका निरीक्षण किया गया। अपर समाहर्ता के द्वारा वहां पर पकड़ी गई गाड़ियों की संख्या की जानकारी प्राप्त की गई और उसके लिए संधारित की जा रही लॉग बुक को देखा गया। वहां कार्य कर रहे कोषांग के कर्मियों को निर्देश दिया कि जो भी वाहन यहां आ रही है, उसका लॉक बुक नियमानुसार खोला जाए, इसमें कहीं कोई चूक नहीं होनी चाहिए। उनके द्वारा यहां पर संचालित जीविका दीदी की रसोई का भी निरीक्षण किया गया। दीदी की रसोई का संचालन कोषांग के माध्यम से पकड़े गए वाहनों के चालक, खलासी एवं अन्य लोगों के भोजन/नाश्ता के लिए कराई गई है। यहां पर खाना का दर जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित किया गया है। अपर समाहर्ता के द्वारा रसोई में काम करने वाली जीविका दीदी को निर्देश दिया गया कि खान की गुणवत्ता पर ध्यान देंगे एवं किसी को कोई परेशानी नहीं हो इस पर विशेष ध्यान देंगे। यहां पर वाहनों की पारदर्शी मॉनिटरिंग के लिए सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है जिसका भी अपर समाहर्ता के द्वारा निरीक्षण कर जायाजा लिया गया।

### पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भोपतपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार कोटवा थाना क्षेत्र के राजा बाबू पिता अली राज अंसारी को पुलिस ने विशुनपुर हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्टल,तीन जिंदा कारतूस और लाल रंग की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई। जांच के क्रम में जब्त मोबाइल की जांच करने पर कई आपत्तिजनक वीडियो और फोटो मिले हैं, जिनमें आरोपी को उसी पिस्टल से फायरिंग करते हुए देखा गया है।

# जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों ने चुनाव मतगणना कर्मियों को किया प्रशिक्षित



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन -2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उपरांत मतगणना कार्य हेतू जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी , पूर्वी चम्पारण ,मोतिहारी द्वारा स्थानीय सी एस डी ए भी पब्लिक स्कूल मोतिहारी के प्रांगण में चल रहे मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण पोस्टल बैलेट मतगणना कमरा संख्या 01 से 04 तक कमरा संख्याः-05 कमरा संख्याः- 33 एक्ट मतगणना कमरा संख्याः- 06 से 16 तक (एश्ट) केवल महिला मतगणना कर्मी कमरा संख्याः- 17 से 26 तक (एश्ट) केवल पुरुष मतगणना कर्मी कमरा संख्याः- 27 से 32 तक ऑब्जर्वर (एश्ट) में सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। जिले के कुशल एवं योग्य मास्टर ट्रेनरों की संगठित टीम द्वारा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों ,ई वी एम संचालन से जुड़ी हुई तकनीकी जानकारी प्रदान की गई । मास्टर ट्रेनरों द्वारा पोस्टल बैलट पेपर की गणना ,पोस्टल बैलट के रिजेक्ट करने का आधार, डाक मत पत्र को रिजेक्ट करने का अपर्याप्त आधार, ईटीपीबीएस के प्राप्त मतों की गणना, मतगणना का प्रथम चरण, मतगणना का द्वितीय चरण ,डाक मत पत्र एवं ई टी पी बी एस की गिनती पूरी होने के बाद की प्रक्रिया एवं ई वी एम में दर्ज मतों की गिनती ,मतगणना संबंधित विभिन्न प्रकार के बीवीपैट के प्रिंटेड पेपर स्लिप की गणना एवं ई वी एम तथा दूसरी प्रपत्रों की सीलिंग ,कंट्रोल यूनिट एवं बीवी पैट की सीलिंग चुनावी मतपत्र प्रपत्र जिसे सील करने की आवश्यकता है ,परिणाम की घोषणा चुनाव ,परिणाम का रिपोर्ट तैयार करके इस प्रकार से संबंधित विभिन्न तथ्यात्मक जानकारी प्रदान की गई । मौके पर जिला प्रशिक्षण प्रबंधन कोषांग के वरीय नोडल अधिकारी सह ए डी एम (जिला लोक शिकायत) श्री शैलेंद्र भारती, नोडल सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी राम जन्म पासवान, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजन कुमार गिरी ,वरीय मास्टर ट्रेनर नागेंद्र प्रसाद ,रमेश कुमार ,कमलेश कुमार सिंह,पूनम कुमारी, प्रणव कुमार, शैलेंद्र मिश्रा, उज्वल नाथ तिवारी, रामेश्वर राम ,रानी कुमारी, अंजना कुमारी ,रुमित रौशन, अभिनव आनंद, अरुण सिंह इत्यादि मौजूद थे।

# आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की आंख है रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी

**विश्व रेडियोलॉजी दिवस पर हेल्थ इंस्टिट्यूट में हुआ विशेष आयोजन, विद्यार्थियों ने लगाई प्रदर्शनी और झांकी**



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की आंख कहा जा सकता है, जिसने रोगों की पहचान और उपचार के क्षेत्र में क्रांति ला दी है. 'विश्व रेडियोलॉजी दिवस' के अवसर पर बेउर स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने रेडियोलॉजी के विकास पर आधारित आकर्षक झांकी और वैज्ञानिक प्रदर्शनी प्रस्तुत की.इस अवसर पर पूर्व छात्र शुभम कुमार सिंह और ओम प्रकाश सिंह को सम्मानित किया गया, जबकि सर्वाधिक उपस्थिति के लिए अनामिका कुमारी को पुरस्कृत किया गया. विद्यार्थियों ने रेडियोलॉजी विषय पर आधारित वैज्ञानिक प्रदर्शनी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया. समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक प्रमुख डा अनिल सुलभ ने कहा कि रेडियोलॉजी में बीते वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति हुई है. एक्स-रे से शुरू हुई इसकी यात्रा आज एमआरआई और अन्य आधुनिक तकनीकों तक पहुंच चुकी है. उन्होंने कहा कि रेडियोलॉजी के बिना आज रोगों का सही निदान और उपचार लगभग असंभव हो गया है. डा सुलभ ने बताया कि 8 नवम्बर 1895 को महान वैज्ञानिक विलियम सी. रोंटजन ने एक्स-रे की खोज की थी. इसी वजह से इस तिथि को 'विश्व रेडियोलॉजी दिवस' के रूप में मनाया जाता है. एक्स-रे की खोज ने चिकित्सा विज्ञान ही नहीं बल्कि जीवन के कई क्षेत्रों में नई दिशा दी, जिसका लाभ आज भी पूरी दुनिया को मिल रहा है. मुख्य अतिथि डा ऐश्वर्या सिंह, वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट ने कहा कि एक प्रशिक्षित रेडियो टेक्नोलॉजिस्ट पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है. यह खुशी की बात है कि इस संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है और छात्र तकनीकी रूप से दक्ष बन रहे हैं. उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के कारण अब रेडियो इमेज लेना अधिक सरल और सुरक्षित हो गया है. एमआरआई में बहुत कम रेडियेशन होता है और इससे रोगों की पहचान पहले से कहीं अधिक सटीकता से की जा सकती है. समारोह में डा सरोज कुमार, भारत भूषण (अध्यक्ष, बिहार पैरामेडिकल एसोसिएशन), प्रो मधुमाला और डा रूपाली भोवाल ने भी अपने विचार रखे. अतिथियों का स्वागत डा संतोष कुमार सिंह (अध्यक्ष, रेडियोलॉजी विभाग) ने किया तथा धन्यवाद-ज्ञापन अधिवक्ता अहसास मणिकान्त (अध्यक्ष, छात्र कल्याण परिषद) ने किया. कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ छात्राएँ मुस्कान कुमारी और अमन ने किया. समारोह में संस्थान के प्रशासी अधिकारी सूबेदार संजय कुमार, डा नवनीत कुमार, प्रो संजीत कुमार, प्रो चंद्रा आभा, डा आदित्य ओझा, प्रो देवराज और प्रो शालिनी कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे.

# सामान्य प्रेक्षक 11-सुगौली, हनीश छाबड़ा ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा में निर्वाचन 2025 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त 11- सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री हनीश छाबड़ा के द्वारा आज सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का भ्रमण कर स्थलीय जायजा लिया गया।सामान्य प्रेक्षक सर्वप्रथम अहिरोलिया पंचायत के महादलित बस्ती में मतदाताओं से मिले। मतदाताओं से मिलने के बाद उन्होंने सबसे पहले वोटर पर्ची की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मतदाताओं से यह पूछा कि किसी भी तरह की कोई समस्या हो, कोई डराता हो,धमकता हो, उसके संबंध में खुलकर बात करें। वहां पर मतदाताओं के द्वारा बताया गया कि मतदाता स्लिप का वितरण कर दिया गया है और यहां पर कोई समस्या नहीं है। यहां के सभी मतदाताओं ने 11 नवंबर को मतदान करने की बात कही । यहां से निकलने के बाद प्रेक्षक महोदय पाखनहीया के चलंत मतदान केंद्र संख्या 14 को देखा गया और वहां सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़वा एवं सेक्टर पदाधिकारी 02 से जरूरी जानकारी प्राप्त की गई। वहां पर उन्होंने युवा मतदाताओं से वातार्लाप किया एवं सभी युवाओं को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी युवा के कंधे पर देश के निर्माण की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसको लेकर आप अपने संगे-साथी, पड़ोसी अपने अभिभावक सभी को 11 नवंबर को मतदान के लिए प्रेरित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकतंत्र का करें सम्मान 11 नवंबर 2025 को करें मतदान : डाक अधीक्षक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. आशुतोष आदित्य डाक अधीक्षक ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने हेतु डाक विभाग ने भी विशेष पहल की है। इस पहल के अंतर्गत डाकिया पत्र वितरण के समय प्राप्तकताओं को मतदान के लिए जागरुक कर रहे हैं। डाकिया अपने साथ लोगों को स्लोगन दिखाकर उत्साहित कर रहे हैं ' दूसरी ओर पत्र पर स्टैंप लगाकर किये। लोकतंत्र का करें सम्मान 11 नवंबर 2025 को करें मतदान से जागरुक कर रहे हैं। डाक विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान की मॉनिटरिंग कल्याण कमलेश डाक निरीक्षक कर रहे हैं ' डाक विभाग की इस पहल की काफी सराहना हो रही है।

### शांतिपूर्ण मतदान को लेकर 72 घंटों के लिए भारत नेपाल सीमा सील



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल सहित कई जिलों मे होने वाले दूसरे चरण में होने वाले चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने भारत नेपाल सीमा को 8 नवंबर की सुबह से आगामी 11 नवंबर के शाम 6 बजे तक के लिए सील कर दिया है। हालांकि इस दौरान मानवीय सेवाएं जैसे एंबुलेंस वगैरह को इस बंदी से अलग रखा गया है। वोट देने के लिए आने वाले भारतीय नागरिको को अपना परिचय पत्र दिखाने पर पैदल भारत में प्रवेश करने दिया जा रहा है, उसी तरह भारत में गए नेपाली नागरिको को भी अपना परिचय पत्र दिखाने पर बॉर्डर से नेपाल में प्रवेश करने दिया जा रहा है। रक्सौल मे यह सीमा बंदी भारत नेपाल मैत्री पुल के अलावे पंटोका, सिवानटोला, मुशहरवा और सहदेवा और महादेवा क्षेत्रों में की गई है। रक्सौल में तैनात एसएसबी 47वीं के कमांडेंट संजय पांडे ने इस संबंध में पूछे जाने पर बताया कि बिहार मे शांतिपूर्ण चुनाव के मद्देनजर एसएसबी, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमें पूरी मुश्तैदी से इस क्षेत्र में सघन जांच और गश्त कर रहीं हैं। असमाजिक और आपराधिक तत्वों के भारत प्रवेश पर हमारी पैनी नजर रहेगी।

### सिकटा के लिए मै जान भी देने को तैयार : खुर्शीद

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता इनरवा के सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गिरि ने की। सभा को संबोधित करते हुए सिकटा विधानसभा क्षेत्र के निर्दलिय प्रत्याशी पूर्व मंत्री खुर्शीद आलम उर्फ फिरोज अहमद ने कहा दिल दिया है जान भी देंगे ऐ सिकटा के जनता तेरे लिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आपलोग एकबार मुझे सेवा करने का मौका दें। मैं चौतरफा विकास करूगां। आपलोगों की सेवा में हमेशा तत्पर रहा हूं और रहूंगा। ये चुनाव मैं नहीं बल्कि सिकटा का बेटा आपसबों की बीच का एक बेटा चुनाव लड रह है। उन्होंने लोगों से 11 नंवबर को मोती की माला पर बटन दबाकर विजयी बनाने की कपिल की। सभा को मनोज गिरि सत्येंद्र यादव आदि ने संबोधित किया।



### ईश्वर शांति विधि महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईश्वर शांति विधि महाविद्यालय झाखरा नौतन पश्चिम चम्पारण बिहार मे विधि संघ बेतिया के एक दिवसीय सेमिनार मे विधि महाविद्यालय के विधि सत्र के छात्र-छात्राओं के साथ बेतिया विधिज्ञ संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओ ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय के निदेशक ज्ञानेन्द्र शरण ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य विधि शिक्षा के महत्व एवं उसके व्यावहारिक उपयोग पर छात्रों को जागरूक करना था।सेमिनार का उद्घाटन बेतिया विधि संघ के अध्यक्ष एगेन्दं कुमार मिश्र,महाविद्यालय के संस्थापक सह वरिष्ठ अधिवक्ता रवि शरण,वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द्र पाठक व प्राचार्य प्रो.शबा खानम ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के सचिव सतेन्दं शरण,अधिवक्ता वेदप्रकाश दूबे,महाराज शुक्ल,प्रोफेसर बीएन द्विवेदी,रंजित कुमार दूबे,विनय कुमार तिवारी आदि अतिथि अधिवक्ताओं ने विधि के विभिन्न आयामों पर अपने विचार रखे। उन्होंने छात्रों को न्याय व्यवस्था में वकीलों की भूमिका,संविधान के मूल सिद्धांत और समाज में कानून की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान महाविद्यालय के शैलेन्द्र शरण,धीरेन्द्र शरण,प्रमोद सिंह,रजनीश कुमार मिश्र,नवल किशोर पाठक,मृत्युंजय तिवारी,सुनील कुमार पाण्डेय शिक्षकगण,छात्र व छात्राए एवं स्थानीय बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीनचन्द्र पाण्डेय व धन्यवाद प्राचार्य शबा खानम ने किया।



### कल्याणपुर के चुनाव पर्वेक्षक ने कई मतदान केंदों का निरीक्षण किया

**कोटवा में बने पिंक बूथों को देखा और आवश्यक निर्देश दिया**



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कल्याणपुर विधान सभा चुनाव को लेकर चुनाव पर्वेक्षक ने शनिवार को कल्याणपुर और कोटवा प्रखंडों में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिया। वही कोटवा प्रखंड मुख्यालय स्थित शिवधर अनूठा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महिलाओं के लिए बने पिंक बूथों को देखा और दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपलब्ध व्हील कुर्सी देख संतोष व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक हीरा मिश्रा को आवश्यक निर्देश दिया।बाद में चुनाव पर्वेक्षक गोरेला सुवर्ण पांडा दास ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में करने के लिए अच्छा काम हुआ है।डीएम साहेब और एसपी साहब अच्छा काम किया है।उन्होंने कहा कि शाम में लाइट कम हो जाता है।इसलिए उस समय लाइट के लिए कहा गया है।यहां 95 फीसद आर्म्स डिपॉजिट हो गया है। शेष बैंक और एटीएम की सुरक्षा में लगा हुआ है। मतदान केंद्रों पर भयमुक्त और शांतिपूर्ण सुरक्षित मतदान के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सीपीएफ लगाया जाएगा।कोई मतदान केंद्र बिना सीपीएफ के कोई बूथ नहीं छोड़ेंगे। समस्या वाले मतदान केंद्रों पर रूट मार्च और सीपीएफ ड्रिल होगा।शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान के लिए उन्होंने सभी जरूरी कदम उठाने की बात कही साथ ही राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों चुनाव नियमों के तहत प्रचार प्रसार की हिदायत दी।इस दौरान कोटवा बीडीओ निरंजन कुमार पाण्डेय,सीओ मोनिका आनंद सहित कई चुनाव कर्मी आदि मौजूद थे।

# 243 सीटों में से 200 से अधिक सीटें जीत रही एनडीए : सम्राट चौधरी

## उपमुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी लालबाबू प्रसाद गुप्ता के पक्ष में चुनावी जनसभा को किया संबोधित



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के बाराजयराम गांव स्थित खेल मैदान में शनिवार को चिरैया विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी सह निवर्तमान विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब बिहार में लालटेन का युग समाप्त हो चुका है। आज नीतीश कुमार के नेतृत्व में हर घर में मुफ्त बिजली मिल रही है। तेजस्वी यादव 20 माह में पहाड़ तोड़ने की बात करते हैं जबकि उनके माता-पिता ने 15 वर्षो के कार्यकाल में केवल 96 हजार नौकरियां दीं। जब लालू जी के बेटे तेजस्वी यादव डेढ़ वर्ष के थे तो वह डेढ़ करोड़ के मालिक बन गए थे। श्री चौधरी ने स्पष्ट किया कि लालटेनिया द्वारा झूठी अफवाह फैलाई जा रही है कि जीविका दीदियों को दिए गए दस हजार रुपए की राशि वापस ले ली जाएगी। वित्त मंत्री होने के नाते मैं यह गारंटी देता हूं कि कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ है जो आपसे यह पैसा वापस ले सकता है। आगे कहा कि अगर बिहार में एनडीए की सरकार बनी तो बारिश के कारण किसानों की हुई फसल क्षति का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं किसान सम्मान निधि में मिलने वाली सलाना छह हजार की राशि को बढ़ाकर नौ हजार रुपए किसानों के खाते में डाली जाएगी। मोदी जी ने 60 लाख लोगों को तो वही नीतीश जी ने 40 लाख लोगों को पक्का मकान दिया है। मेरी गारंटी है कि जिनको पक्का मकान नहीं मिला है उन्हें अगले पांच वर्षो में पक्का मकान दिया जाएगा। कहा कि विधानसभा की 243 सीटों में से एनडीए 200 से अधिक सीटें जीत रही है। नीतीश जी की सरकार ने महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया है। उन्होंने स्थानीय लोगों से वादा किया कि अगर आपलोग चिरैया से लालबाबू गुप्ता जी को जीता कर भेजते है तो बिहार सरकार उक्त खेल मैदान को स्टेडियम बनाएगी साथ ही हमलोग इन्हें प्रमोशन देने का काम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के चिरैया पूर्वी मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री राकेश यादव ने किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी, उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, योगी अखिलेश्वर दास, मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता, जयराम प्रसाद निषाद, राजीव रंजन कुशवाहा, संजय कुमार सिंह सूर्यनारायण प्रसाद, संजय प्रसाद, अनिल बैठा, चंदन पटेल, मिथलेश यादव, अनिल पांडे, छट्ठू ठाकुर समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बिहार में फिर बनेगी एनडीए की सरकार : सम्राट चौधरी

**लालटेन का मतलब लालू प्लस टेन**

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में एनडीए भारी बहुमत से सत्ता में लौटेगी.उक्त बाते ढाका विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी पवन जायसवाल के पक्ष में सीमावर्ती टोनवा हाई स्कूल के खेल मैदान में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जनसभा को संबोधित करते कहा.उन्होंने कहा कि लालू परिवार तीन दशकों से ललटेन लेकर घूम रहें है,अब ललटेन को कौन पूछता है.इसको कबाड़ी में फेक देना है. ललटेन का मतलब होता है लालू प्लस टेन.लालू जी महिलाओं की सम्मान की बात कहे थे तो उन्होंने अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया.युवाओं की सम्मान की बात कहे तो बेटे को उपमुख्यमंत्री बना दिया.बिहार की जनता भाड़ में जाए उन्हें अपने परिवार की चिंता है.उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने राज्य में 1 करोड़ 51 लाख महिलाओं को दस-दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी है.उन्होंने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के शासनकाल हो रही विकास के कार्यों एवं उपलब्धियों को दुहराया.उन्होंने ढाका से भाजपा प्रत्याशी पवन जायसवाल को फिर एक बार विजयी बनाने की अपील किया.इस कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ सच्चिदानंद कुशवाहा ने जबकि अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ने किया.मौके पर एनडीए के दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# तेजस्वी के बिना ई सुधार ना होई ए भाई लालू बिना चालू ई बिहार ना होई : खेसारी

## राजद प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण यादव के पक्ष में चुनावी जनसभा को भोजपुरी फिल्म अभिनेता खेसारी लाल यादव ने किया संबोधित



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भोजपुरी फिल्म अभिनेता सह राजद नेता खेसारी लाल यादव ने शनिवार को चिरैया विधानसभा क्षेत्र के जगन्नाथ साह हाई स्कूल के खेल मैदान में राजद प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने रोजी रोजगार की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार की तस्वीर बदलने के लिए शिक्षा और रोजगार की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार बदलनी जरूरी है। ताकि हमें रोजी रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश में जाने की जरूरत नहीं पड़े। बिहार के बच्चे को बिहार में ही रोजी-रोजगार मिले। ऐसी व्यवस्था बहाल करने के लिए यह सरकार बदलनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मेरे विरोधी मुझे सनातन विरोधी कहते है। मेरे एक भाई ने तो मुझे यदुमुल्ला तक कह दिया है। मंदिर-मस्जिद की राजनीति से बिहार का भविष्य नहीं बदलेगा। खेसारी ने 11 दिसंबर को राजद प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव चाचा जी को चुनाव चिह्न लालटेन, जो ईवीएम में क्रम संख्या एक पर है को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की है। उन्होंने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि मेरी तो एक ही बीबी है किसी को चार चार बीवियां है। फिल्मी अंदाज में खेसारी लाल यादव ने कहा कि बिहार बदलेंगे ना? ताकि आपके बच्चे आपसे सवाल नहीं पूछें? वे यह नहीं बोलें कि जब बिहार बदल रहा था तब आपने गलत को क्यों चुना? कार्यक्रम के अंत में खेसारी लाल यादव ने दावा किया कि पहले चरण के मतदान में महागठबंधन 100 सीटों पर जीत रही हैं। जो बच गया है वो 11 नवंबर को जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए बिहार में बदलाव होना चाहिए। राजद पार्टी का चुनावी भोजपुरी गीत ' तेजस्वी के बिना ई सुधार ना होई ए भाई लालू बिना चालू ई बिहार ना होई ' गाकर मैदान में बड़ी संख्या में पहुंचे युवाओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इससे पूर्व खेसारी लाल यादव के मंच पर पहुंचते ही उत्साही युवाओं की बेकाबू भीड़ मोबाइल से सेल्फी लेने के लिए बैरिकेटिंग को पार करते हुए मंच के ठीक नीचे पहुंच गए। युवाओं का जोश चरम पर था, सभी खेसारी को अपने कैमरे में कैद करने के लिए बेताब थे। लोगों ने खेसारी लाल यादव के भाषण पर खूब ताली, सीटी और नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया। मौके राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष बच्चा प्रसाद यादव, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद यादव, मुखिया सुमंत यादव, मनोज यादव, पैक्स अध्यक्ष हरेंद्र यादव, सुरेश यादव, शंभू यादव, नवल सिंह, संतोष सहनी, कैलाश ठाकुर, दिनेश प्रसाद, विजय यादव, पूर्व प्रमुख उमाशंकर प्रसाद, लालू यादव, वोसी अख्तर सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बिहार में नहीं चाहिए कट्टा की सरकार : नरेंद्र मोदी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बिहार में दूसरे चरण के मतदान में अब चंद दिन है। बिहार में विधानसभा चुनाव में मेरी अंतीम चुनावी सभा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेतिया में अपनी आखिरी चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के लोगों से एक वादा किया और एक लिया भी।सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर लगातार निशाना साधा। कहा, यदि कांग्रेस- राजद की सरकार आती है तो बन रही है। वे शनिवार को शहर से सटे कुड़िया कोठी फार्म के मैदान पर एनडीए की आयोजित प्रधानमंत्री की सभा में महती सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांवो में आज भी लोग लालू प्रसाद के कार्यकाल को नही भूले है। और आज भी याद कर रहे है और आज भी भय से अक्रांत है। उन्होंने कहा कि एनडीए के 20 साल के कार्यकाल को देंखे। उन्होंने कहाकि नीतीश कुमार ने बिहार के विकास में जो योगदान दिया उसकी लहर चारों ओर है। उन्होंने चंपारण की



कभी विकास नहीं होगा। पूर्व के उदाहरण देकर उन्होंने बताए कि जनता के विकास के जो पैसे आते हैं उनको कांग्रेस और राजद वाले केवल अपनी जेब भरने के लिए इस्तेमाल करते हैं।पीएम ने लोगों से वादा किया कि 14 नवंबर को मतगणना के बाद बनने वाली एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए वे खुद आएंगे। पीएम ने कहा कि मैं गरीब घर से हूं। गरीबी मैंने देखी है। इसके लिए मुझे पढ़ने की जरूरत नहीं होती।उन्होंने वर्तमान सरकार की ओर से जीएसटी पर दिए जा रहे छूट का उल्लेख करते हुए कहा कि जीएसटी कम होने के बाद लोगों को बचत हो रही है। बाइक की बिक्री लगातार बढ़ रही है। उन्होंने फोन सेवा की कम दर का भी उल्लेख किया।प्रधानमंत्री श्री मोदीने स्पष्ट रुप से कहा कि चंपारण के लोगो ने जंगलराज को नही भूला है। राजद रंगदार बनाने का काम करती है। जबकि एनडीए ने मेडिकल कॉलेज, इंजिनियरिंग कॉलेज, आईआईटी बनाने का काम किया है।वहीं सभा को संबोधित करते हुए जनता दल यूनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीयअध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रथम चरण के मतदान के बाद हम आकलन नही कर पा रहे है कि हम हार कहां से रहे है। मतदान का प्रतिशत स्पष्ट संकेत दे रहा है कि बिहार में एनडीए की प्रचंड बहुमत से सरकार जनता से एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में अपना सर्मथन देने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे ने कहा कि केंद्र में मोदी की सरकार एवं बिहार में नीतीश की सरकार ने सबका साथ सबका विकास किया। किसान , मजदूरो, नौजवानों सभी के लिए काम हुआ है। उन्होंने एनडीए के उम्मीदवारों के पक्ष में अपना मतदान करने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए सांसद डा. संजय जायसवाल ने कहा कि 2025 में एक बार फिर से नीतीश की सरकार बननी तय है। उन्होंने प्रथम चरण के मतदान में एनडीए के सरकार बनाने का दावा करते हुए कहा कि अब दूसरे चरण कीबारी है। और चंपारण इतिहास बनाता है। एक बार फिर इतिहास बनायेगा। उन्होने एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा को वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार के अलावे विधान पार्षद भीसम सहनी, चंपारण के विभिन्न क्षेत्रों के एनडीए प्रत्याशियों मंत्री रेणु देवी, राजू तिवारी, बिनय बिहारी, नारायण साह, नंदकिशोर राम, उमाकांत सिंह, बबलु गुप्ता, प्रमोद कुमार सिंहा, उमाकांत सिंह, संजय कुमार पांडेय समृद्ध वर्मा आदि ने भी संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा ने की। जबकि संचालन रुपक कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारत-नेपाल सीमा सील,11 नवंबर की शाम 6 बजे तक रहेगी प्रभावी, इमरजेंसी सेवाएं चालू

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारत-नेपाल सीमा को 72 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। यह कदम सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। यह व्यवस्था 8 नवंबर की सुबह से लागू हो गई है और 11 नवंबर की शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगी। सीमा मतदान समाप्त होने के बाद फिर से खोल दी जाएगी।जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या संदिग्ध आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। भारत-नेपाल मैत्री पुल सहित सहदेवा, महदेवा, मुशहरवा, पनटोका और सीवान, बरैला, झरौखर जैसी सभी प्रमुख चौकियों को सील कर दिया गया है।

**इमरजेंसी सेवाएं रहेगी चालू**

हालांकि, इस दौरान केवल आपातकालीन सेवाओं, जैसे एम्बुलेंस, को ही आवाजाही की अनुमति होगी। वहीं, नेपाल से आने वाले भारतीय नागरिकों को पहचान पत्र दिखाने पर भारत में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है।



**संदिग्ध गतिविधि रोकने के लिए चौकसी बढ़ी**

एसएसबी 47वीं बटालियन के कमांडेंट संजय पांडेय ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए सीमा पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। एसएसबी, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमें सीमावर्ती इलाकों में लगातार गश्त कर रही हैं ताकि कोई भी अवैध या असामाजिक तत्व चुनाव प्रक्रिया में बाधा न डाल सके।प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे चुनाव अवधि के दौरान लागू दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। यह कदम प्रदेश में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

### कोटवा पहुंची अर्धसैनिक बलों की चार कंपनियां, मतदान केंद्रों पर होगी तैनाती

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन ने अर्धसैनिक बलों की तैनाती शुरू कर दी है। इसे लेकर शनिवार को अर्धसैनिक बलों की चार कंपनियां कोटवा पहुंची जिन्हें राजकीय उच्च विद्यालय राजापुर मठिया,जागीर करिया, भोपतपुर, मठबनवारी विद्यालय में ठहराया गया है। बताया गया कि ये अर्धसैनिक बल आगामी मतदान प्रक्रिया के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और शांति पूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैनात की गई हैं। कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ कोटवा पुलिस और मजिस्ट्रेट की टीम भी क्षेत्र में लगातार गश्त कर रही है। अधिकारी मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान में भाग लेने की अपील कर रहे हैं। वहीं, बलों की तैनाती से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

### एसएसबी ने 800 बोतल नेपाली शराब की बरामद

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी 20वी बटालियन ने बरवाखुर्द बोर्डर के निकट छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब की बड़ी खेप को बरामद किया है.उक्त कारवाई गुप्त सूचना के आधार पर किया गया है.एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि पिलर संख्या 351/06 के के समीप कुछ अज्ञात कारोबारी पांच बोरा शराब की खेप सर पर लाद कर नेपाल से ला रहा था कि इसी बीच नाका पार्टी को बॉर्डर पर देखते ही शराब को फेंककर सभी नेपाल की ओर भाग निकले. जब्त शराब में 240 बोतल रिलैक्स 598 बोत्तल रहर ब्रांड नामक शराब बरामद किया गया है.कारोबारी को चिंहित किया जा रहा है।

# एकमा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 110 लोगों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार के समीप दुर्गा स्थान के समीप स्थित न्यू लाइफ क्लिनिक परिसर में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जानकी एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट, हंसराजपुर, एकमा के तत्वावधान में तथा समाजसेवी डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 110 लोगों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, अस्थमा, सीओपीडी, हीमोग्लोबिन, हड्डी, नसों के दर्द व मौसमी बीमारियों से संबंधित जांच की गई। साथ ही मरीजों को इन रोगों से बचाव के उपाय भी बताए गए। आर्थिक रूप से कमजोर और असमर्थ लोगों को मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया। इस सामाजिक कार्यक्रम में डॉ. एसडीपी यादव, डॉ. पी. कुमार, डॉ. आर. कुमार, डॉ. के. डी. यादव, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. रविन्द्र कुमार सहित रंजीत कुमार सिंह, प्रशांत शेखर, राकेश कुमार, पियुष कुमार व प्रमोद कुमार मिश्र का सराहनीय सहयोग रहा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी चिकित्सकों, सहयोगियों व दूर-दराज से पहुंचे मरीजों को कोटिशः धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो : उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला स्वीप कोषांग पूर्वी चंपारण एवं आईसीडीएस के सौजन्य से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज संध्या पहर समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सहित अन्य महिलाओं ने भाग लिया। कैंडल मार्च का नेतृत्व उप विकास आयुक्त मोतिहारी डॉ. प्रदीप कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए डॉक्टर कुंदन कुमार, जयराम चौरसिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस सेट पोषण के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कैंडल मार्च समाहरणालय मोतिहारी से निकलकर कचहरी चौक होते हुए बलुआ ओवरफ्लाई के नीचे गोलंबर तक गया एवं पुनः दूसरी तरफ से वापस आया।

# 2025 में एनडीए सरकार फिर से : मनोज तिवारी

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बेलसंडी हाई स्कूल के प्रांगण में शनिवार दोपहर करीब एक बजे आयोजित भव्य जनसभा में भाजपा नेता एवं सांसद मनोज तिवारी ने 2025 में एक बार फिर पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए सरकार बनने का दावा किया। मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने अपने परिचित अंदाज में कहा, हाँ, हम बिहारी हैं जी, थोड़े संस्कारी हैं जी। 2025 में भी एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी जी। उनके इस वक्तव्य पर उपस्थित लोगों ने तालियों और नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। तिवारी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास कार्य रुकने नहीं चाहिए, इसलिए जनता को एनडीए के पक्ष में मतदान कर सहयोग देना चाहिए। चिलचिलाती धूप में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों का धन्यवाद करते हुए उन्होंने 11 नवंबर को कमल के निशान पर वोट करने की अपील की। मंच पर मौजूद उनकी पत्नी सुरभि तिवारी को भी उन्होंने संबोधन के लिए आमंत्रित किया। सुरभि तिवारी ने जनता से एनडीए को मजबूत बनाने और विकास की गति को तेज रखने के लिए समर्थन मांगा। जनसभा में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी उपस्थित रहे। उन्होंने रामनगर विधानसभा के थरूहट क्षेत्र के मतदाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी नंदकिशोर राम के पक्ष में वोट देने की अपील की। मौर्य ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिन्हें आगे बढ़ाने के लिए जनता का सहयोग आवश्यक है। सभा में गर्मी के बावजूद भारी भीड़ देखी गई, जिसे नेताओं ने जनता के विश्वास का प्रतीक बताया। अपने भाषण में तिवारी ने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि लालू यादव का बेटा यदि मुख्यमंत्री बना तो जनता झूठे वादों का शिकार होगी। उन्होंने दावा किया कि बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए केवल एनडीए ही प्रतिबद्ध है। सभा की अध्यक्षता वाल्मीकि प्रसाद ने तथा संचालन निरंजन पंजियार ने किया। मौके पर ई.शैलेन्द्र गढ़वाल, सचितानंद चौबे, विक्रमा चौधरी, निशीकांत गिरी, सुनील गढ़वाल, राजेश गढ़वाल, मंजु देवी, जितेंद्र प्रसाद, सूरज सहनी, माधुरी देवी, लोकेश राम, गुड्डू राम, अवध बिहारी खोजवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभा के दौरान सुपौली धमौरा पंचायत की प्रतिभाशाली बालिका ईशानी कुमारी के नृत्य प्रदर्शन से प्रभावित होकर मनोज तिवारी ने उसे रास्ट्रीय स्तर पर नृत्य काला एकादमी मे शामिल कराने कि बात कही ईशानी कुमारी के माता और पिता को मंच पर बुलाकर बधाई दी।

**विकास कार्य रुकने नहीं चाहिए, इसलिए जनता को एनडीए के पक्ष में मतदान कर सहयोग देना चाहिए**

# बीस साल में बिहार बदहाली से विकास की राह पर लौटा : नीतीश कुमार

## एनडीए के शासनकाल में बिहार को पिछड़े और बीमारू राज्य से बाहर निकालकर विकसित राज्य बनाया गया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज प्रखंड मुख्यालय में आयोजित एक महती चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में आज से 20 वर्ष पूर्व 24 नवम्बर 2005 को जब पहली बार हमारी सरकार बनी थी तो उस समय प्रदेश का बहुत बुरा हाल था। कानून व्यवस्था का यह आलम था कि शाम ढलने के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। पढ़ाई की व्यवस्था बिल्कुल चौपट हो चुकी थी शाम ढलते ही गांव तो दूर शहर में भी अंधेरा कायम हो जाता था और बिजली का तो कहीं अता पता भी नहीं था। लेकिन अब आज देखिए किसी प्रकार का कोई डर भय है? सभी जगह प्रेम और भाईचारा का माहौल है। उक्त बातें बताते हुए उन्होंने आगे कहा कि इस तरह हमने बिहार में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास का एक खाका पेश किया। उन्होंने सभा में उपस्थित महिलाओं और युवाओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए एक बार फिर एनडीए के सरकार को बनाने में आप लोगों के सहयोग और समर्थन मांगने आया हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव वर्ष 2025 के चुनावी प्रचार के दौरान हुलासगंज में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार को विकसित करने के अपने प्रयासों का उल्लेख किया और कहा कि बिहार एक बार फिर विकसित बिहार बन चुका है, जहां अब न डर है न भय है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली जैसी सुविधाओं के क्षेत्र में किए गए कार्यों को भी जनता के सामने रखा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि बिहार के सभी घरों के एक सदस्य को रोजगार के लिए 10 हजार रुपए दिए गए हैं। उन्होंने एनडीए के प्रत्याशियों के समर्थन में मतदाताओं से वोट देने की अपील की। जहानाबाद जिले में तीनों विधानसभा सीटों में कांटे के मुकाबले को देखते हुए दोनों गठबंधन की ओर से स्टार प्रचारक अलग अलग सभा करते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में चुनाव प्रचार के दौरान नीतीश कुमार समेत कई बड़े नेताओं की ताबड़तोड़ रैलियां हो रही हैं। नीतीश कुमार ने हुलासगंज की सभा में बिहार को आगे बढ़ाने और रोजगार तथा विकास की बात प्रमुखता से कही। इस चुनावी दौर में उनके भाषणों में विकास कार्यों और सामाजिक समरसता की बातें प्रमुख हैं, और वे अपने अनुभव और पिछले कार्यकाल के आधार पर फिर से मुख्यमंत्री बनने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने घोसी विधान सभा के एनडीए के प्रत्याशी ऋतुराज कुमार तथा मखदुमपुर के लोजपा रामविलास के प्रत्याशी रानी कुमारी को विजयी बनाने की लोगों से अपील की।

# नीतीश-मोदी को जिताइए, वरना लौट आएगा 'पुराना दौर : गिरिराज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। दूसरे चरण में 11 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले शनिवार को एनडीए के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जहानाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा।जहानाबाद में गिरिराज सिंह ने महागठबंधन पर बोला हमला, कहा- नीतीश- मोदी को जिताइए, वरना फिर से बिहार में पुराना दौर आएगा। गिरिराज सिंह ने कहा कि जहानाबाद की जनता केवल अपने प्रत्याशी को नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जीत दिला रही है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि अगर जनता से थोड़ी भी गलती हुई, तो राज्य में एक बार फिर आरजेडी राज का पुराना भयावह दौर लौट आएगा। उन्होंने कहा, "आपको याद है न, पहले किस तरह लोगों को डराया और धमकाया जाता था, वैसा ही माहौल फिर आ सकता है।"

कार्यक्रम के दौरान प्रशांत किशोर पर तंज कसते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि "वो मैनेजर क्या करेगा, बस वोट काटने आया है।" वहीं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को "मुंह की खाएंगे", मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने वालों को जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 तक बिहार में क्या स्थिति थी, यह सबको पता है! जबकि नीतीश कुमार ने अपने शासन काल में राज्य में कानून का राज स्थापित किए हैं और आगे भी यह व्यवस्था कायम रहेगी।केंद्रीय मंत्री ने जनता से अपील किया कि बिहार के विकास और सुशासन के लिए एनडीए को वोट दें ताकि प्रदेश में स्थिरता और प्रगति बनी रहे।

# विवाहिता की मौत, इलाके में सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** पौथू थाना क्षेत्र के अलपा गांव में शनिवार को एक 38 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान रूपा देवी, पत्नी देवेंद्र कुमार, बहू सुदेश्वर सिंह उर्फ सुदेश्वर मास्टर, के रूप में हुई है। सुबह रूपा देवी के मायके वालों को फोन कर ससुराल पक्ष ने बताया कि उसने फांसी लगा ली है और उसकी स्थिति गंभीर है, जिसके बाद उसे इलाज के लिए पचरुखिया लाया गया है। सूचना मिलते ही परिजन पचरुखिया बाजार पहुंचे, लेकिन वहां एक निजी क्लिनिक के सामने वाहन में ही रूपा का शव रखा मिला। पुलिस को आते देख ससुराल पक्ष के लोग मौके से फरार हो गए। मृतका के भाई प्रेम कुमार प्रसाद ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 21 वर्ष पूर्व रूपा की शादी देवेंद्र प्रकाश सिंह से हुई थी। देवेंद्र बाहर काम करता था और पिछले वर्ष उसने दूसरी शादी कर ली थी। जब यह बात परिवार तक पहुंची, तो देवेंद्र ने इनकार किया, लेकिन इसके बाद उसने रूपा को लगातार प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। प्रेम कुमार का आरोप है कि रूपा को रास्ते से हटाने के लिए उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पौथु थाना के एसआई प्रेम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, वाहन को जब्त किया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया गला दबाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही परिस्थितियों का स्पष्ट पता चलेगा। वहीं ससुराल पक्ष का दावा है कि रूपा देवी लंबे समय से बीमार थीं और बीमारी के कारण उनकी मौत हुई है। घटना के बाद पचरुखिया बाजार स्थित अस्पताल के पास भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

# शत-प्रतिशत मतदान की पहल, मतदाताओं से जिला प्रशासन का सीधा संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र स्वीप कोषांग, जहानाबाद के द्वारा निरंतर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 216 जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 338 एवं 339 (शाहपुर) में अपर समाहर्ता सह वरीय नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग राजीव कुमार ने मतदाताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें 11 नवंबर 2025 को अपने नामित मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी के संदेश को साझा करते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए आमंत्रण पत्र भी प्रदान किया। साथ ही जिला स्वीप आइकॉन सह डीपीओ, नमामि गंगे अमित कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि वे अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें तथा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें, जिससे शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के बच्चों से भी संपर्क स्थापित किया गया, जिन्हें अपने परिवार एवं समुदाय में मतदान के महत्व का संदेश प्रसारित करने हेतु प्रेरित किया गया।

# अभिराम सिंह के रोड शो में उमड़ी हजारों समर्थकों की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का प्रचार रविवार की शाम समाप्त हो जायेगा। इस बीच शनिवार को जहानाबाद शहर जन सुराज की पीली लहर में डूब गया। जहानाबाद विधानसभा सीट से जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी शिक्षाविद् अभिराम सिंह के नेतृत्व में निकले भव्य रोड शो ने पूरे शहर की यातायात व्यवस्था में ठहराव ला दिया। देखा जाए तो जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी अभिराम सिंह की ओर से सुबह से ही रोड शो की तैयारियां शुरू हो गई थीं। सड़क किनारे पीले झंडे लिए लोग स्वागत में खड़े थे। रोड शो की शुरुआत शहर के उत्तरी छोर से डोभी- पटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-22 पर लोदीपुर के पास से हुई। रोड शो ऊंटा मोड़, रेलवे स्टेशन रोड, अरवल मोड़, अस्पताल मोड़, कोर्ट एरिया, आंबेडकर चौक, कारगिल चौक होते हुए इरकी तक गया। उसके बाद फोर लेन होते हुए राजाबाजार और अरवल मोड़, फिदा हुसैन रोड, मलहचक होते हुए एरोड्रम प्रतिभानगर में जाकर सम्पन्न हो गया। सजी-धजी खुली गाड़ी में सवार अभिराम सिंह के साथ मुन्ना हुसैन, शिक्षाविद डॉ नवल किशोर भी रोड शो में काफिले के साथ शामिल थे। रोड शो के दौरान प्रत्याशी अभिराम सिंह सड़क के किनारे के भवनों की छतों पर मौजूद लोगों को हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आए। रास्ते में हजारों युवा, किसान और बुजुर्ग हाथों में जन सुराज के झंडे लहराते अभिराम सिंह के समर्थन में नारा बुलंद कर रहे थे। इस दौरान रोड शो के काफिले पर जगह-जगह फूलों की बारिश हुई। समर्थकों ने अभिराम सिंह और जन सुराज जिंदाबाद के नारे लगाकर माहौल को जोशीला बना दिया। उनके साथ जन सुराज के स्थानीय नेता, कार्यकर्ता और युवा ब्रिगेड के सदस्य शामिल रहे। रोड शो में विशेष रूप से महिलाओं और छात्रों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने सबको चौंकाया – कई युवतियां हाथों में पोस्टर लिए खड़ी थीं, जिन पर लिखा थाः "शिक्षा क्रांति लाओ, अभिराम भैया को जिताओ!"

# प्रमंडल कराटे प्रतियोगिता में चमके औरंगाबाद के खिलाड़ी, छह पदकों के साथ जिला हुआ गौरवान्वित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रमंडल स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में औरंगाबाद की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जिले से चयनित 8 खिलाड़ियों में से 6 खिलाड़ियों ने पदक अपने नाम कर लिए, जिससे खेल प्रेमियों में उत्साह की लहर है। गर्ल्स हाई स्कूल की अंशु कुमारी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हसपुरा की सोनी कुमारी ने सिल्वर और ज्योति कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन रंभा कुमारी ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के बाद औरंगाबाद कराटे टीम ने प्रमंडल स्तर पर आठ खिलाड़ियों के साथ भागीदारी की थी। इनमें से छह खिलाड़ी पदक जीतकर लौटीं, जो जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। पदक विजेताओं में अंशु कुमारी (गर्ल्स हाई स्कूल, औरंगाबाद) — गोल्ड

सोनी कुमारी (कस्तूरबा विद्यालय, हसपुरा) — सिल्वर

ज्योति कुमारी (कस्तूरबा विद्यालय, हसपुरा) — ब्रॉन्ज

निभा कुमारी (कस्तूरबा विद्यालय, कुटुंबा) — सिल्वर

अंकित कुमार (टाउन इंटर स्कूल) — गोल्ड

अभिषेक कुमार (टाउन इंटर स्कूल) — सिल्वर


प्रमंडल स्तरीय खेल समारोह 1 से 7 नवंबर तक खेल भवन में आयोजित किया गया था, जिसमें कराटे प्रतियोगिता का आयोजन अंतिम दिन हुआ। जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि पहली बार प्रमंडल स्तर पर कराटे में शामिल हुए औरंगाबाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक रवि शंकर (टाउन इंटर कॉलेज), चंदन

# एक दीया लोकतंत्र के नाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर शनिवार को जहानाबाद समाहरणालय परिसर मे पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर "मतदान दीपोत्सव" का आयोजन किया गया। मतदान दीपोत्सव जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिस प्रकार हम किसी खुशी के अवसर पर अपने दीप जला कर उत्सव मनाते है उसी प्रकार आज 09 नवम्बर, 2025 को मतदान दिवस के पूर्व अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम तेज नारायण राय के नेतृत्व मे मतदान दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान दीपोत्सव के अवसर पर मतदान करने तथा अपने आस पास के मतदाताओं को मतदान मे शामिल कराने के लिए शपथ दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम मे आँगनबाडी सेविका एवं सहायिका द्वारा रंगोली बनाया गया। मतदान दीपोत्सव मे अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम तेज नारायण राय, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग नम कुमारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी पूनम कुमारी, नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग विजेता रंजन, वरीय उप समाहर्ता होमा इरफ़ान, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रचना, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अकांक्षा कुमारी, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जहानाबाद, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, काको, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी के साथ साथ अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी दीपोत्सव में शामिल होकर दीप प्रज्वलित किए।

# 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान के लिए जहानाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं से की खास अपील




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होना है। इसको लेकर जहानाबाद की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से खास अपील की है। उन्होंने मतदाताओं से बढ़-चढकर मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने का सबसे बड़ा माध्यम मतदान है, इसलिए हर मतदाता मतदान के दिन अपने-अपने मतदान केंद्र पर अवश्य पहुंचे और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में मतदान प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी समेत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा चुकी हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह के भय, भ्रम या अफवाह में ना आएं। हर मतदाता निर्भय होकर मतदान करें। इस दौरान उन्होंने चुनाव की तैयारियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं, बुजुर्गों, दिव्यांग मतदाताओं और महिला मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की है, ताकि सभी लोग बिना किसी परेशानी के मतदान कर सकें। जिलाधिकारी ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि आपका प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है, इससे आने वाले 5 वर्ष का भविष्य तय होगा। उन्होंने कहा कि 11 नवंबर को एक भी वोट व्यर्थ न जाने दें। लोकतंत्र को मजबूत और राज्य को बेहतर दिशा देने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर वोट अवश्य करें।

# आज़ाद समाज पार्टी की चुनावी सभा में चंद्रशेखर का सरकार पर तीखा प्रहार

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाज़ार स्थित बड़ी फ़ील्ड में शनिवार को आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की चुनावी सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने की, जबकि संचालन सौरभ अंबेडकर ने किया। सभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आज़ाद ने राजनीतिक दलों पर तीखा हमला बोला और कहा कि आज़ाद समाज पार्टी गरीब, कमजोर, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों की आवाज़ है। चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दलितों को सम्मान नहीं देना चाहते और विपक्ष की स्थिति भी अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने कमजोर वर्गों को बोलने और आगे बढ़ने का अधिकार दिया, लेकिन बिहार की राजनीति में बड़े दल अभी भी उन्हीं वर्गों को उपेक्षित कर रहे हैं। उन्होंने नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ने जनता से वादे तो बहुत किए, परंतु राज्य की स्थिति नहीं बदली। "कोई तीस हज़ार देने की बात करता है, कोई नौकरी बाँटने का सपना दिखाता है—ये सब झूठे वादे हैं। इन छलावों में मतदाता नहीं फँसें," आज़ाद ने कहा। उन्होंने लोगों से अपील की कि बाहरी नेताओं के वादों से दूर रहें और अपनी ताकत जीडीए गठबंधन के प्रत्याशी मोहम्मद एकलाख ख़ान के समर्थन में लगाएं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सपनों को पूरा करने के लिए गरीबों और वंचितों को अपनी राजनीतिक शक्ति का एहसास कराना होगा। सभा में दिल्ली प्रदेश के बालकराम बौद्ध, पूर्व विधायक एम.एल. तोमर, शाहीद आलम, सुल्तान अहमद, शोभा देवी, रानी देवी, पुरुषोत्तम पासवान और अर्जुन अंबेडकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद का भव्य स्वागत किया और उन्हें विशाल माला पहनाकर सम्मानित किया।

# औरंगाबाद जिले के छह विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन की होगी जीत : पूर्व मंत्री



नवबिहार टाइम्स संवादाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विधानसभा के रफीगंज प्रखंड में राजद प्रत्याशी डॉ गुलाम शाहिद के समर्थन में विधानसभा प्रभारी सह पूर्व बिहार सरकार मंत्री डॉ सुरेश पासवान ने राजद के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। विधानसभा प्रभारी सुरेश पासवान ने कहा कि इस बार औरंगाबाद जिले के छह विधानसभा में महागठबंधन की खाते में जा रहे हैं, और भारी बहुमत से तेजस्वी की सरकार बन रही है। सरकार बनते ही कुछ ही महीनों में बेरोजगारी खत्म करेंगे, पलायन को रोकेंगे, सभी घरों में एक-एक नौकरी देंगे। क्योंकि तेजस्वी जो बोलते हैं करके दिखाते हैं, क्योंकि 17 महीने में पांच लाख लोगों को रोजगार दिया। मेरा फिगर में राजद प्रत्याशी डॉ गुलाम शाहिद भारी बहुमत से बिजई होंगे। इसमे में पूर्व प्रमुख सह जिला सचिव मनोज यादव, कुटुंबा प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा,माहिद खान, जिला महासचिव नंदकुमार सिंह यादव, सुरेश पासवान, उपेंद्र नाथ गुप्ता, पप्पू यादव, उमेश पासवान, दीपक कुमार, सुनील पासवान शामिल हुए।

## स्वयंसेवक को मतदाताओं को सहयोग करने हेतु दिया प्रशिक्षण

**जहानाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर भारत स्काउट- गाइड एवं नेहरू युवा के स्वयंसेवकों को डॉ इंद्रजीत कुमार ने दिव्यांगता की 21 श्रेणियां बताते हुए मतदान केंद्र पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग करने के लिए ग्राम कांप्लेक्स भवन जहानाबाद के सभागार में प्रशिक्षण दिया। मौके पर उपस्थित जिला संगठन आयुक्त, हरिशंकर कुमार ने बताया कि तीनों विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी मैनेज बूथ, वूमेन मैनेज बूथ, यूथ मैनेज बूथ के साथ अन्य मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग करेंगे। प्रशिक्षण के अंत में, जिला मुख्य आयुक्त श्री कुमार त्रिपुरारी ने सभी स्वयंसेवकों को मतदाताओं के साथ विनम्रता और संवेदनशीलता से सहयोग करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन दिया।

# तेजस्वी ने सूबेदार दास के पक्ष में मांगा वोट, हर घर नौकरी का किया वादा

## चुनावी सभा





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के ढोंढा स्कूल के खेल मैदान में राजद नेता तेजस्वी यादव पहुंचे जहां महागठबंधन समर्थित उम्मीदवार सूबेदार दास के पक्ष में वोट मांगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि यदि हमारी सरकार बनी तो हर घर में नौकरी दूंगा तथा पढ़ाई, दवाई, और कार्रवाई की सरकार होगी। उन्होंने कहा कि जब मेरी सरकार बनी थी तो मैने रोजगार देने का काम किया था। उन्होंने अपने समर्थको को 11 तारिक को महागठबंधन के उमीदवार के पक्ष में वोट डालने की अपील की। मौके पर बड़ी संख्या में महागठबंधन के समर्थक मौजूद थे। इसके बाद सड़क मार्ग से तेजस्वी दूसरे कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो गए। इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया था।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: PRADEEP RAM
AT PO-BAGHELI, WARD NO-9, P.S-JADIA, SUPAUL

Name of political party: Jan Suraaj Party
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election:General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency:44-TRIVENIGANJ (SC)

I PRADEEP RAM(name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM V SUPAUL | CaseNo-75/2019 DATED-01.05.2019 | PENDING | Section(s)147,149,152,153,341,342,332,353, 188,290,291,504,506 IPC |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# अज्ञात वाहन ने युवक को मारी ठोकर, मौत

## आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** सलेमपुर-सरैंया पथ के सारसिवान में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से 58 वर्षीय विजय यादव की घटना स्थल पर मौत हो गई। मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पदमिनिया गांव निवासी रामरुप यादव का पुत्र है। वह सारसिवान में पशु का खटाल चलाता था। पशुओ को चारा देने के लिए जा रहा था। तभी शनिवार सुबह करीब 5 बजे सारसिवान बाजार पर अमित जेनरल स्टोर के समीप अज्ञात वाहन ने उसे रौंददे हुए सरैंया के तरफ भाग गया। बाद में घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग जुटे। स्थानीय चिकित्सक के पास ले गये। इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर ग्रामीण उग्र हो गये। सड़क पर पेड़ की डाली काटकर आवागमन बाधित कर दिया। यहा तक की आगजनी भी की। जाम करीब 5 घंटे तक रहा। सुबह 6:30 बजे से 11 बजे तक रहा। सड़क जाम की सूचना पर धोबहा थाना पुलिस, बड़हरा के बीडीओ मोहित भारद्वाज, राजद प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी सरोज यादव पहुचें। बीडीओ ने लोगो को समझाबुझाकर लोगो को शांत कराया। 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। वही राजद प्रत्याशी अशोक सिंह उर्फ रामबाबु सिंह ने 10 हजार नगद राशि मृतक के परिजनो को दी। घटना स्थल धोबहा थाना क्षेत्र का है। धोबहा पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा। मौत की खबर सुनकर पत्नी इसरानी देवी का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक के पांच संतान है। चार की शादी हो चुकी है। इस घटना के बाद पदमिनिया गांव में मातम पसरा हुआ था।

# आपसी विवाद में मारपीट, पांच गिरफ्तार

## दोनों पक्षों की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव में आपसी घरेलू विवाद में जमकर मारपीट हो गयी। जिसमें दोनो पक्षों के तीन लोग घायल हो गये। घटना को लेकर दोनो पक्ष ने थाना में काउंटर एफआईआर दर्ज कराया है। एक पक्ष के स्व शिवदयाल सिंह के पुत्र तपिस सिंह ने चार व्यक्तियों को नामजद आरोपित किया है। आरोप लगाया कि पिछले शुक्रवार को लगभग 3 बजे बीरेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, उनके पुत्र दीपक सिंह व दीपू सिंह हाथ में रॉड लेकर और मेरे पुत्र रोहित और मुझपर हमला कर दिये, जिससे मेरा सिर फट गया। छुड़ाने गये टिंकु सिंह को भी सभी ने मारपीट कर अधमरा कर दिया। माता जी के साथ गाली गलौज करते हुए, सिकरी व मोबाईल बउची उर्फ शुभम सिंह ने छिन लिया। दूसरे पक्ष के बीरेंद्र सिंह की पत्नी लक्ष्मीणा देवी ने मामला दर्ज कराया। आरोप है कि टॉपिक सिंह एवं उनका बेटा टिंकू सिंह और रोहित सिंह दोनों पिता पुत्र और कविता देवी तपित सिंह अपने हाथ में धारदार हथियार लिए हमारे पति परिवार पर हमला कर दिया। जिससे हमारे पति घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। पुलिस ने आवेदन मिलते दोनो पक्ष के पांच नामजदों को गिरफ्तार कर लिया। एक पक्ष के तपित सिंह व उनका पुत्र रोहित कुमार उर्फ रोहित सिंह है। दुसरे पक्ष के हरेंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह व दीपक सिंह शामिल है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### प्रगति के भागीरथ...

इनकी वजह से बिहार के तीन करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। श्री राय ने कहा कि एनडीए के घोषणा पत्र में इस बार बिहार के समग्र विकास पर विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि यह घोषणा पत्र सिर्फ वादों का नहीं बल्कि विकास, रोजगार और सुशासन के ठोस संकल्पों का दस्तावेज़ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने की दिशा में एनडीए की सरकार पहले ही कई कदम उठा चुकी है और अब घोषणा पत्र के माध्यम से अगले पांच वर्षों के लिए विकसित बिहार की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की रफ्तार और तेज़ होगी। केंद्र और राज्य के तालमेल से गांव से लेकर शहर तक हर तबके को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य है। श्री राय ने यह भी कहा कि घोषणा पत्र में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं का समावेश किया गया है ताकि आत्मनिर्भर बिहार का सपना साकार हो सके।

### विकास करने वाले...


शीघ्र ही एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने तथा हर एक महिला को रोजगार उपलब्ध कराने का वादा किया। उन्होंने यह भी कहा कि राजधानी पटना के लिए चारों ओर से कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। मुख्यमंत्री ने एनडीए प्रत्याशी प्रमोद सिंह और रणविजय सिंह को विजयी बनाने की अपील की। मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि पूरे बिहार में एनडीए के पक्ष में लहर चल रही है और राज्य में अब कोई विरोधी पार्टी नहीं बची है। प्रत्याशी प्रमोद सिंह ने कहा कि वे पिछले 15 वर्षों से क्षेत्र का विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में लोग अब स्वतंत्र होकर घूम रहे हैं और महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता, दीनानाथ विश्वकर्मा, लोजपा जिलाध्यक्ष सोनू सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू सहित अन्य नेताओं ने भी रफीगंज के विकास के लिए प्रमोद सिंह को विजयी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वनाथ सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, अमरेश चौधरी, संजय अम्बेडकर, मंटू शर्मा, विपिन सिंह, निखिल सिंह, मुन्ना सिंह, शुभम सिंह सहित एनडीए के पांचों घटक दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पद की गरिमा...

कि प्रधानमंत्री जनता की संपत्ति को कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को सौंप रहे हैं जबकि देश के आम लोग इसका भाड़ा चुका रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी अपने पद की गरिमा बनाए रखने में विफल हैं। उन्होंने आलोचना की कि प्रधानमंत्री 'कट्टा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो लोगों को भड़काने के लिए है। प्रियंका गांधी ने जोर देकर कहा कि देश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को संयम और मर्यादा का पालन करना चाहिए। इस रैली के दौरान प्रियंका गांधी ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जनता से कांग्रेस को समर्थन देने की अपील भी की।

# काउंटिंग को लेकर मास्टर ट्रेनरों को दी गई ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** विधान सभा आम निर्वाचन के अंतर्गत मतगणना की सभी तैयारियों को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से शनिवार को बीपी प्लस टू स्कूल में मास्टर ट्रेनरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से चयनित 21 मास्टर ट्रेनरों को मतगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं की गहन जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट के गणना प्रक्रिया, मतगणना टेबलों की संरचना, परिणाम पत्रक भरने की विधि, नियंत्रण इकाई के डेटा सत्यापन, माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका, मतगणना केंद्रों में आचार संहिता का पालन तथा सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी सभी आवश्यक प्रक्रियाओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कड़ी होती है। अतः सभी मास्टर ट्रेनर गणना कार्य पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं सटीकता के साथ संपन्न कराने के लिए कर्मियों को प्रक्षिशण देगे। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण के आधार पर दिनांक 10 नवम्बर से मतगणना में प्रतिनियोजित सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि मतगणना दिवस के पूर्व प्रत्येक कर्मी अपने कार्य एवं जिम्मेदारी से पूर्णतः अवगत हो सके। प्रशिक्षण में वरीय उप समाहर्ता आमिर अहमद, जिला स्तरीय मास्टर डा. सुदर्शन कुमार, कुमार कृष्णा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# विद्यालयों में आयोजित हुई सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड के प्राथमिक, मध्य व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। विद्यालय के फोकल शिक्षक ने बच्चों को नाव दुर्घटना को भी आपदा बताते हुए इससे बचाव की जानकारी दी गयी। प्रत्येक शनिवार को आपदा से बचाने के लिए बच्चों को अलग अलग थीम पर जानकारी दी जाती है। वार्षिक कैलेंडर के अनुसार नवम्बर माह के दूसरे सप्ताह में नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में बच्चों को जानकारी दी गयी। मध्य विद्यालय महेशवाड़ा, पहसारा बभनगामा, कन्या पहसारा, छतौना, डफरपुर पूर्वी, पश्चिम, रजाकपुर, ररिऔना, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकमुजफ्फर, हसनपुर बागर, बगरस विष्णुपुर, सैदपुर विष्णुपुर आदि विद्यालयों के फोकल शिक्षकों ने नाव की सवारी की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला। मध्य विद्यालय नावकोठी के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने बताया कि वर्षा ऋतु में नदियों, तालाबों और गड्ढों में पानी का जल स्तर बढ़ा रहता है, जिसमें खासतौर से बच्चों के डूबने की संभावना बनी रहती है। नदियों, तालाबों में जहां पानी की बहुतायत हो वहां नाव का सहारा लेना चाहिए। नाव की सवारी से ही सुरक्षित यात्रा संभव है। उन्होंने कहा कि सफेद पट्टी वाले नाव, रजिस्टर्ड नाव, जीवन रक्षक सामग्री वाले नाव पर ही सवारी किया जाय। जर्जर तथा ओवर लोडेड नाव पर कभी भी नहीं चढ़ना चाहिए। पानी में डूब रहे व्यक्ति को पानी से कैसे बचाया जाय और डूबे हुए व्यक्ति को प्रथमिक उपचार का भी मक ड्रिल कराया गया। घटना के बाद जितनी जल्दी हो सके, अस्पताल पहुंचाना चाहिए। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के फोकल शिक्षक प्रधानाध्यापक शंभू महतो, अभय झा, हर्षवर्धन कुमार, अशोक कुमार शर्मा, कंचन कुमारी, इन्दु कुमारी, संजीत महतो, रणधीर कुमार सहित अन्य सहायक शिक्षक मौजूद थे।

# नाव दुर्घटना से बचाव के सिखाए गए गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव की जानकारी दी गई। चेतना सत्र के दौरान फोकल शिक्षक ने बच्चों को नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि बरसात में उफनायी नदियों में नाव डूबने की दुर्घटना में बहुमूल्य जिंदगियां चली जाती है। इन्हें रोका जा सकता है, यदि हम नाव दुर्घटना से बचने का उपाय कर ले। नाव चलने से पहले देख लें कि लदान क्षमता दर्शाने वाला सफेदपट्टी का निशान डूबा तो नहीं है, ओवर लोडेड तो नहीं है। यदि ऐसा है तो तुरंत उतर जाएं। जब बारिश हो रही हो तो नाव की यात्रा न करें। छोटे बच्चों को अकेले नाव की यात्रा न करने दे, जर्जर टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें यह जानलेवा हो सकता है। नाव पर मवेशी आदि नहीं ले जाना चाहिए। नाव पर चढ़ते उतरते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। इसके अलावे पानी में डूबने से होने वाले खतरे के बचाव को लेकर बोलते हुए उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति पानी में डूब जाय तो तत्काल उसे पूरी सावधानी के साथ पानी से बाहर निकालें व प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल पहुंचाए। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, रईस उद्दीन, विश्वनाथ, शिक्षक नितेश, अजनीश, अमर शंकर, सुमन, अनिल, शानू, श्वेता, पूनम, संगीता, ऋतु आदि मौजूद थे।

### खसरा-रूबेला अभियान की सफलता को लेकर बैठक

**नावकोठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार को आशा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि खसरा रूबैला विशेष अभियान की शुरुआत 17 नवम्बर से शुरू हो रही है। यह अभियान दो दिसम्बर तक चलेगी। इस अभियान में एम आर फर्स्ट एवं एम आर सेकेण्ड से वंचित बच्चों को शत प्रतिशत प्रतिरक्षित करने का लक्ष्य है। इसके पूर्व आशा कार्यकर्ताओं को सर्वे कर वंचित बच्चों की पहचान अनिवार्य है। बीसीएम उषा कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को मूर्त्त रूप देने में आशा कार्यकर्ताओं की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिए प्रत्येक सोमवार को शिविर आयोजित किया जाता है। इस शिविर में अधिकाधिक महिलाओं को लाभान्वित करने की बात कही। दैनिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। ड्यू लिस्ट के अनुसार शत प्रतिशत बच्चों व गर्भवती महिलाओं को प्रतिरक्षित कराने की बात हुई। संस्थागत प्रसव पर जोर दिया गया। बैठक में बीसीएम उषा कुमारी, लेखापाल राजीव कुमार,बीएम ईए संदीप चन्द्र, आशा फैसिलिटेटर रुक्मिणी, लक्ष्मी, संगीता, कंचन, अंजू के अलावा शबनम, मुन्नी, रेखा, ऋचा बिहारी, सुलेखा सिन्हा, सुनैना, खुशबू, मनीता आदि मौजूद थे।

# त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में है स्ट्रांग रूम

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लखीसराय।** जिले में विधानसभा निर्वाचन 2025 के तहत मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न होने के बाद राजकीय पॉलिटेक्निक, लखीसराय स्थित स्ट्रांग रूम परिसर को सभी वैधानिक और निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं का पूर्णतः पालन करते हुए सील कर दिया गया है। यह कार्य केंद्रीय प्रेक्षक, अभ्यर्थियों एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में डबल लॉक सिस्टम के अंतर्गत संपन्न हुआ। पूरी सीलिंग प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित माहौल में सम्पन्न किया गया, जिसका वीडियोग्राफिक रिकॉर्ड भी सुरक्षित रखा गया है। सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती और पारदर्शिता की समीक्षा हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं प्रतिदिन स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर रहे हैं। उनके द्वारा भ्रमण के दौरान सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, सीसीटीवी प्रणाली, कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली तथा अभ्यर्थियों की उपस्थिति की गहन समीक्षा की जाती है। आज के निरीक्षण में 167 सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र एवं 168 लखीसराय विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्ट्रांग रूम के प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि समस्त प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और विश्वसनीय है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा में सुनिश्चित की गई है। परिसर में अर्धसैनिक बल, बिहार पुलिस तथा जिला प्रशासन की टीम लगातार चौकसी कर रही है। स्ट्रांग रूम की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अनाधिकृत गतिविधि की संभावना शून्य हो जाती है। अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों की पारदर्शी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए परिसर के बाहरी घेरे में उनके लिए निर्धारित क्षेत्र बनाया गया है, जहाँ उन्हें सीसीटीवी फुटेज का लाइव डिस्प्ले देखने की सुविधा दी गई है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रत्येक राजनीतिक दल और प्रत्याशी को स्ट्रांग रूम की गतिविधियों पर प्रत्यक्ष निगरानी का अवसर मिल सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लखीसराय जिला प्रशासन निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता और विश्वास बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी मतगणना तक स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था इसी तरह चाक-चौबंद बनी रहेगी।

# जनता दरबार में लोगों की सुनी गईं शिकायतें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें दो नये मामले सुनवाई हेतु दर्ज किये गए। पूर्व से लंबित एक भी मामला का निष्पादन नहीं हुआ। दर्ज मामले में हसनपुर बागर के ही मोहम्मद महबूब बनाम मोहम्मद अफगान, एवं मोहम्मद अफरोज बना मोहम्मद मनोवर के बीच रास्ता विवाद से संबंधित मामला है।जनता दरबार में कुल अब 14 मामले लंबित है। वृंदावन के अमरेश कुमार व राजा रामेश्वर सिंह, पहसारा के रमेश सहनी व नरेश सहनी, महेशवाड़ा के द्रोपदी ठाकुर व राजकुमार मिश्र, समसा के समसा के ज्योति देवी व अर्जुन साह, हसनपुर बागर के विपत महतो व सकल महतो आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख निर्धारित की गयी। मौके पर राजस्व कर्मचारी जफर इकबाल, एसआई विपिन कुमार ओझा, नरेंद्र कुमार, अमरजीत कुमार तथा अन्य फरियादी मौजूद थे।

### जदयू के वरिष्ठ कार्यकर्ता का निधन

**नावकोठी।** समसा निवासी 74 वर्षीय जदयू के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश महतो का निधन शुक्रवार की रात हो गया। वे जदयू के वफादार कार्यकर्ता थे। जिनका प्रखंड में संगठनात्मक ढांचा दुरूस्त करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे पूर्व पंसस मनोज महतो के पिताजी थे। उनके निधन पर जदयू कार्यकर्ताओं में शोक की लहर छा गयी। प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया केशरी नन्दन मिश्र, धर्मवीर कुमार, पूर्व सरपंच विजय नन्दन महतो, सुभाकर मिश्र, श्रीधर पाठक, अर्चना कुमारी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा व फूल माला देकर श्रद्धांजलि दी।

### युवक ने दी जान

**बलिया।** थाना क्षेत्र के मथुरापुर वार्ड नंबर 6 में गुरुवार की रात्रि एक युवक ने लीची गाछी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक थाना क्षेत्र के मथुरापुर निवासी रामनाथ चौधरी का 30 वर्षीय पुत्र सुबोध कुमार बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार की सुबह बेगूसराय भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि मृतक हाल ही में परदेश से आया था। जो गुरुवार को अपना मतदान कर घर लौटा था। जहां परिजनों के साथ आपसी विवाद होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है एवं पुलिस टीम द्वारा सभी पहलुओं पर छानबीन कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। परिजनों द्वारा आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# गीत-संगीत के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सी.बी.सी.), पटना एवं स्वीप कोषांग, औरंगाबाद द्वारा जिले के कुटुंबा तथा ओबरा विधानसभा में गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पांचवे दिन शनिवार को केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना में पंजीकृत सांस्कृतिक दल पल्लवी आर्ट्स सोसायटी, मधुबनी के कलाकारों ने कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र (222) के सिकारिया पश्चिम भाग में तथा भारती कला मंच, बक्सर द्वारा ओबरा विधानसभा क्षेत्र (220) के पंचायत भवन, शमशेरनगर, दाउदनगर में मनमोहक गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन प्रस्तुत कर भारी संख्या में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कलाकारों ने अपने गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित स्थानीय लोगों खासकर युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजन एवं पहली बार मतदान करने वालों को मतदान के महत्व को समझाते हुए आगामी 11 नवम्बर को अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर अत्यधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। कलाकारों द्वारा जानकारी दी गई कि अगर किसी मतदाता का मतदाता सूची में नाम है लेकिन मतदाता पहचान पत्र नहीं है ऐसे व्यक्ति भी मतदान केंद्र पर फोटोयुक्त पहचान पत्रों जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र आदि ले जाकर मतदान दे सकते हैं। साथ ही उन्होंने जनता के प्रश्नों जैसे हम मतदान क्यों करें? हमारे एक वोट देने से क्या होगा? आदि सवालों का विस्तार से उत्तर दिया एवं बताया कि हमारा एक मत हमारी आने वाली पांच वर्ष का भविष्य निर्धारित कर सकती है।

# बिहार में फिर बनेगी डबल इंजन की सरकार : नन्दी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के विशुनपुर इसरौर पंचायत, चट्टी बाजार, सरगांवा और केतकी बाजार क्षेत्र में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उपस्थित जनता जनार्दन से भाजपा प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण को भारी मतों के साथ विजयी बनाने की अपील की। मंत्री नन्दी ने कहा कि तेजस्वी यादव को औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के साथ ही पूरे बिहार की जनता इस बार सबक सिखाएगी। इस बार प्रचंड बहुमत से भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी और बहुमत के साथ बिहार में फिर एक बार डबल इंजन की सरकार बनेगी। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा उसे करके दिखाया। देश को दुनिया की सर्वोच्च बड़ी शक्ति बनाने में पिछले 11 वर्षों से बिना थके, बिना रूके और एक भी दिन की छुट्टी लिए बगैर देश के 140 करोड़ लोगों को समृद्धशाली और आत्मनिर्भर बनाने के अभियान में जुटे हुए हैं। 11 साल में भारत की चमक और दमक को पूरी दुनिया ने महसूस किया है। उन्होंने कहा कि देश भर की माताओं के स्वास्थ्य और सुविधाओं को प्रमुखता से समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घर-घर शौचालय के साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर पहुंचाने का कार्य किया। 2014 के पहले जहां देश में जगह-जगह बम विस्फोट और आतंकी घटनाएं होती थी वहीं आज देश के दुश्मनों को उनके घर में घुस कर सबक सिखाया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर ने न सिर्फ देश के दुश्मनों को बल्कि पूरे विश्व को बता दिया कि यह नया भारत है। जो हमला करने वालों को घर में घुस कर हमला करता है उसे जवाब देता है।


बिहार सरकार

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, औरंगाबाद

(जिला नियंत्रण कक्ष कोषांग)

**विधान सभा आम निर्वाचन 2025**

**आम सूचना**

विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए औरंगाबद जिला अंतर्गत नियंत्रण कक्ष में निर्वाचन से संबंधित शिकायत दर्ज कराने/जानकारी प्राप्त करने/सूचनाओं के आदान–प्रदान/शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत है, जिसका दूरभाश संख्या निम्नवत है–

**जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर – 06186 – 222163**

**जिला नियंत्रण कक्ष का टॉल फ्री नम्बर – 1800–345–1633**

**हेल्प लाईन नम्बर – 1950 (c Vigil) Election ID Help Line**

**जिला नियंत्रण कक्ष, औरंगाबाद में सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु विधान सभावार एक–एक मुख्य दूरभाष के साथ अलग–अलग दो Hunting Line कार्यरत रहेंगे। जो निम्न प्रकार है–**

| क्र० | विधान सभा क्षेत्र का नाम | दूरभाष संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | Principal number | Auxiliary number (Hunting Line) |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 219 – गोह | 06186- 222365 | 1. 06186 – 222366 2. 06186 – 222367 |
| 2 | 220 – ओबरा | 06186- 222368 | 1. 06186 – 222369 2. 06186 – 222371 |
| 3 | 221 – नबीनगर | 06186- 222372 | 1. 06186 – 222373 2. 06186 – 222374 |
| 4 | 222 – कुटुम्बा (अ०जा०) | 06186- 222375 | 1. 06186 – 222376 2. 06186 – 222377 |
| 5 | 223 – औरंगाबाद | 06186- 222378 | 1. 06186 – 222379 2. 06186 – 222380 |
| 6 | 224 – रफीगंज | 06186- 222381 | 1. 06186 – 222382 2. 06186 – 222383 |

**इसके अतिरिक्त प्रत्येक विधान सभा में नियंत्रण कक्ष स्थापित रहेंगे जिसमें मुख्य दूरभाष नम्बर निम्न प्रकार है**

| क्र० | विधान सभा क्षेत्र का नाम | दूरभाष संख्या |
|---|---|---|
| | | Principal number |
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 219– गोह | 06328- 221207 |
| 2 | 220 – ओबरा | 06328- 228012 |
| 3 | 221 – नबीनगर | 06332- 227081 |
| 4 | 222 – कुटुम्बा (अ०जा०) | 06332- 227079 |
| 5 | 223 – औरंगाबाद | 06186- 222314 |
| 6 | 224 – रफीगंज | 06327- 233020 |

वरीय पदाधिकारी,
जिला नियंत्रण कक्ष–सह–
हेल्प लाईन कोषांग, औरंगाबाद

PR. No.017446( Election ) 2025-26

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी प्राप्त की जा सकती है।

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# मसौढ़ी और धनरूआ में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पारंपरिक तरीके से हुई गोद भराई की रस्म

## गोद भराई दिवस का आयोजन, गर्भवतियों को दिए गए उपहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर आइसीडीएस की ओर से गोद भराई दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को उपहार के रूप में पोषण की पोटली भी दी गयी. इसमें गुड़, चना, हरी पत्तेदार सब्जियां, आयरन की गोली, पोषाहार व फल आदि शामिल हैं। महिलाओं को उपहार स्वरूप पोषण की थाली भी दी गयी, जिसमें सतरंगी थाली व अनेक प्रकार के पौष्टिक पदार्थ शामिल हैं. आंगनबाड़ी केंद्रों पर पारंपरिक तरीकों से गीत गा कर गर्भवती महिलाओं को चुनरी ओढ़ाकर और टीका लगाकर महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी की गयी। गर्भवती महिलाओं को अच्छे सेहत के लिए पोषण की आवश्यकता व महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। गोद भराई रस्म में पोषक क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं अन्य महिलाओं ने भाग लिया। सेविकाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं के सम्मान में उसे चुनरी ओढ़ा उसे तिलक लगा और गर्भस्थ शिशु की बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गोद में पोषण संबंधी फल, फल सेव, संतरा, बेदाना, दूध, अंडा देकर गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को आयरन की गोली खाने की सलाह दी आंगनबाड़ी केंद्र पर गोद भराई रस्म के साथ पुरे गांव में जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही पोषक क्षेत्र की गर्भवती महिला रिंकू देवी का गोद भराई रस्म अदा किया। धनरूआ सीडीपीओ जीनत कौसर ने कहा जैसे ही महिलाओं को गर्भधारण की पुष्टि हो जाय वे निकटतम स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक के निगरानी में रहें तथा नियमित रूप से चेक-अप कराएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण से लेकर बच्चे के जन्म तक बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। आखिरी महीनों में शरीर को अधिक पोषक तत्वों की जरूरत होती है। इस दौरान आहार में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट के साथ वसा की भी मात्रा का होना जरूरी होता है। इसके अलावा सीडीपीओ जीनत कौसर ने बताया की महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, मातृ शिशु सुरक्षा कार्ड, प्रसव पूर्व देखभाल, एनीमिया की रोकथाम व पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी गई।



# बैगलेस डे पर छात्र-छात्राओं को बस्ते के बोझ से राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सभी सरकारी स्कूलों में हर महीने के अंतिम शनिवार को 'बैगलेस डे' मनाया गया। इस दिन बच्चे बिना बैग के स्कूल जाते है और खेल, कला, कृषि जैसी गतिविधियों में भाग लेंते हैं। यह नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चों को बोझमुक्त और व्यवहारिक शिक्षा देने की पहल है। बहरहाल शनिवार को मसौढी के उत्क्रमित मध्य विध्यालय भैसवां, एवं उत्क्रमित मध्य विध्यालय भदौरा समेत कई स्कूलों में बच्चों के बिच कई गतिविधियां कराई गई जिसमें चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सौर जल हीटर बनाने में सप्तम वर्ग की छात्रा सृष्टि भारती एवं मिसाइल बनाने में अष्टम वर्ग की छात्रा तनीषा कुमारी एवं छात्रा द्वारा चित्रांकन एवं कला प्रदर्शनी में मीनाक्षी गुप्ता, स्नेहा कुमारी, वैष्णवी कुमारी, जाह्नवी कुमारी, अनामिका कुमारी एवं अनुष्का कुमारी सभी कक्षा 3 की छात्राओं ने भाग लिया।

शिक्षक मो. नेयाज अहमद एवं प्रधानाध्यापक मो. मंजर शादाब ने बताया की बैगलेस डे का मतलब है ऐसा दिन जब छात्र अपने भारी-भरकम बस्तों के बिना स्कूल आते है। इस दिन उन्हें किताबों और कॉपियों की जरूरत नहीं होगी. इसके बजाय, स्कूलों में बच्चों को खेल, कला, कृषि, व्यवसायिक शिक्षा जैसी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। यह पहल छात्रों की रचनात्मकता, संवाद क्षमता और जीवन कौशल बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। इसके अलावा इसमें ड्राइंग, पेंटिंग, स्थानीय लोकगीत-नृत्य, लघु नाटिका और मिट्टी के खिलौने बनाना जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, छात्रों को आस-पास के औद्योगिक और प्राकृतिक स्थलों के भ्रमण पर भी ले जाया जाता है।




# खोया हुआ मोबाइल पाकर खुश हुआ निरंजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ऑपरेशन मुस्कान




मसौढ़ी। 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत लहसुना पुलिस ने खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटा दिया है, जिससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। इस अभियान का उद्देश्य चोरी या गुम हुए मोबाइल को ढूंढकर उनके मालिकों को वापस करना है। हाल ही में, मसौढी अनुमंडल के विभिन्न थानों की पुलिस ने फोन वापस किए हैं। ऐसे में शनिवार को लहसुना पुलिस ने आपेरशन मुस्कान के तहत एक चपौर निवासी निरंजन कुमार पिता बच्चु राय का गुम हुआ मोबाइल दिया गया था। थानाध्यक्ष खुशबू खातुन ने बताया कि मोबाइल गुम होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने उक्त मोबाइल को बरामद करने के बाद शिकायत कर्ता को वापस लौटा दिया। इधर मोबाइल पाने पर मोबाइल मालिक ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

# कौन तोड़ेगा चकाई का चक्रव्यूह, त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

विनय कुमार

**चकाई (जमुई)।** बिहार के चकाई विधानसभा क्षेत्र जमुई लोकसभा सीट के तहत छह विधानसभा सीटों में से एक है जहां हर चुनाव में जनता का मिजाज अलग दिखता है और चुनावी कहानी नई होती है। 1962 में बनी इस विधानसभा सीट की सियासत कभी किसी एक दल की लकीर में नहीं बंधी। यही कारण है कि चकाई विधानसभा क्षेत्र की राजनीति बिहार की उन चुनिंदा सीटों में शुमार है जहां के मतदाता की निष्ठा किसी एक पार्टी के प्रति स्थाई नहीं हैं। अब तक हुए 15 विधानसभा चुनावों में इस क्षेत्र पर कई पार्टियों और निर्दलीयों का कब्जा देखने को मिला है। समाजवादी पार्टी और संयुक्त समाजवादी पार्टी ने शुरुआती तीन चुनाव जीते हैं जबकि भाजपा और निर्दलीय उम्मीदवारों ने यहां हैट्रिक लगायी है।

कांग्रेस ने दो और जनता दल, लोक जनशक्ति पार्टी, राजद और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने यहां एक एक बार अपनी जीत दर्ज की है। इस चुनावी परिणामों से यह साफ है कि इस सीट पर पार्टी नहीं, प्रत्याशी की छवि और जनता से जुड़ाव ही जीत की असली गारंटी है। झारखंड की सीमा से सटी यह सीट भौगोलिक रुप से जितनी कठिन है राजनीति रुप से भी उतना ही पेचीदा है। पिछले चुनावों की तरह ही इस बार भी यहां मुकाबला दिलचस्प है और राज्य की यह हॉट सीट बनी हुआ है। यहां इस बार त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बन रहे हैं। एक ओर जहां मौजूदा विधायक और बिहार सरकार में विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिहं है जो इस बार एनडीए के आधिकारिक उम्मीदवार हैं जो पिछले चुनाव में निर्दलीय यहां से जीतने में सफल हुए थे। वहीं राजद की ओर से सावित्री देवी फिर से किस्मत आजमा रही हैं जो पिछले चुनाव में महज कुछ वोटों से सुमित कुमार सिंह से पराजित हो गई थी। इन दोनों के बीच के इस चुनावी जंग को पूर्व एमएलसी संजय प्रसाद ने निर्दलीय ताल ठोक कर त्रिकोणीय बना दिया है। वैसे इस क्षेत्र से कुल 10 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

इस क्षेत्र में जातीय समीकरण भी दिखता रहा है। यादव और मस्लिम समुदाय के सबसे अधिक वोटर हैं ऐसे में उनका प्रभाव निश्चित तौर पर दिखता है। पिछले कुछ चुनावों में इस इलाके में सड़कों के निर्माण के साथ बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है लेकिन बेरोजगारी और पलायन की स्थिति अब भी यहां कायम है जो इस बार यहां चुनावी मुद्दा बनता दिख रहा है। चकाई में 11 नवंबर को मतदान होगा। करीब सवा तीन लाख मतदाता अपने प्रत्याशी का चयन करेंगे लेकिन मुकाबला हर बार की तरफ इस बार भी यहां दिलचस्प होगा क्योंकि यह बात तो साफ है कि यहां के मतदाता सोच समझकर मतदान करते हैं और यह पिछले हर चुनावों में देखने को मिला है। चकाई का चक्रव्यूह इस बार कौन तोड़ने में सफल होगा यह 14 नवंबर को मतगणना के दिन साफ हो जाएगा।

# नाबालिग प्रेमी जोड़े का मिला शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मेहसारी पंचायत में नाबालिग प्रेमी जोड़े का शव मिला है। अब यह मामला हत्या का है या फिर आत्महत्या का, पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक दोनों प्रेमी जोड़े एक ही गांव के रहने वाले थे। दरअसल शनिवार की सुबह मेहसारी पंचायत वार्ड संख्या-8 में एक प्रेमी जोड़े का शव मिला। मॉर्निंग वॉक के दौरान कुछ लोगों की नजर शवों पर पड़ी। इसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। धीरे-धीरे वहां बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर उजियापुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। मृत लड़के की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के केराई वार्ड 11 निवासी अक्षय सिंह के पुत्र पंकज कुमार (17-18 वर्ष) के रूप में हुई। वहीं लड़की की पहचान भी उसी गांव की 16 वर्षीय किशोरी के रूप में की गई है। घटना की खबर मिलते ही लड़के के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के बड़े भाई की मानें तो उसका भाई शुक्रवार की शाम घर से निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। सुबह ग्रामीणों के माध्यम से दोनों के शव मिलने की सूचना मिली तो वे घटनास्थल पर पहुंचे। यह आत्महत्या नहीं लगती बल्कि हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। स्थानीय लोगों की मानें तो मृत किशोरी का घर किशोर के घर से करीब एक किलोमीटर के दूरी पर है। किशोरी के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह अपने चाचा-चाची के साथ रहती थी।

# भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर करने की कर रही कोशिश : अखिलेश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधुबनी।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख सह यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को मधुबनी जिले के बिस्फी विधानसभा क्षेत्र के शिवौल में महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी आसिफ अहमद के समर्थन में चुनावी सभा कर एनडीए पर तीखा हमला किया। अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार बिहार में एक और एक मिलकर ग्यारह होगा, और भाजपा नौ दो ग्यारह। उन्होंने कहा कि जनता तीस साल के शासन का हिसाब मांगने निकली है, बीस साल बिहार में और दस साल दिल्ली में, लेकिन आम आदमी की जेब खाली है और नौजवान बेरोज़गार। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ वोट का नहीं, बल्कि राशन और अधिकार बचाने का चुनाव है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि बीजेपी अपनी सी टीम के रूप में चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है और सत्ता के दुरुपयोग से लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि एनडीए सरकार ने महंगाई, बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया। उन्होंने मज़ाकिया ढंग से कहा, सरकार की मुनाफाखोरी इतनी बढ़ गई है कि बिहार में अब पारले-जी बिस्किट भी छोटी हो गयी है, क्योंकि हर चीज़ में चोरी हो रही है। किसानों की हालत पर चिंता जताते हुए अखिलेश ने कहा कि बिहार की उपजाऊ मिट्टी में इतना दम है कि यहां के किसान पूरे देश का पेट भर सकते हैं, लेकिन एनडीए सरकार ने उद्योगों को जानबूझकर बिहार से बाहर भेज दिया, ताकि यहां के नौजवान आगे न बढ़ सके। मौके पर राज्यसभा सदस्य डा. फैयाज अहमद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अली असरफ फातमी, विष्णूदेव यादव, जयजयराम यादव, मनोज यादव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जिले में सात कुख्यात साइबर अपराधी गिरफ्तार

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने जिले के बांका थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव में एक मकान में छापामारी कर सात कुख्यात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर इसमें उपयोगी भारी संख्या में सामग्री को बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र कुमार वर्मा ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। श्री बर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस ने आज सदर थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव के एक मकान में छापामारी कर सात कुख्यात साइबर अपराधियों कटोरिया थाना क्षेत्र के बड़बासिनी गांव के वैद्यनाथ कुमार यादव, विकास कुमार, पिपराडीह गांव के दिलीप कुमार यादव, मनीष कुमार यादव, मोठाबारी गांव के चन्द्रशेखर यादव, दूधिजारना गांव के प्रदीप कुमार यादव तथा झारखंड राज्य के देवघर जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र के वेलेंटिकर गांव के चंदन कुमार यादव को विभिन्न समानों के साथ गिरफ्तार किया है।

# परती जमीन से ट्रैक्टर ले जाने पर कुदाल से मारपीट कर किया जख्मी, दो पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी थाना क्षेत्र की गोपालपुर मठिया गांव में खेत में जुताई करने जा रहे हैं एक किसान के साथ कुदाल से मारपीट कर जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में संतोष कुमार पिता महेंद्र प्रसाद ने गांव के ही दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज आवेदन मे लिखा है की जब हम अपने खेत में जुताई करने के लिए जा रहे थे तो हमारे बगल के खेत में परती जमीन थी उसी परती जमीन से अपना ट्रैक्टर ले गए थे, इसी कारण सुरेंद्र प्रसाद उर्फ बाबा और उसकी पत्नी कलावती देवी ने हमारे ट्रैक्टर को रोककर गालियां देने लगे जिसे बीच में हमारी पत्नी बिच बचाव मे आई तो कि सुरेंद्र ने कुदाल उठा कर मार दिया जिसे सर फट गया है और जान मारने की धमकी दी है कि मेरे परती खेत से कैसे ट्रैक्टर ले गए, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

बिहार सरकार

## निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

**बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के द्वितीय चरण के मतदान के अवसर पर सवैतनिक अवकाश से संबंधित आवश्यक सूचना**

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के द्वितीय चरण के 122 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों 1–वाल्मीकिनगर, 2–रामनगर (अ०जा०), 3–नरकटियागंज, 4–बगहा, 5–लौरिया, 6–नौतन, 7–चनपटिया, 8–बेतिया, 9–सिकटा, 10–रक्सौल, 11–सुगौली, 12–नरकटिया, 13–हरसिद्धि (अ०जा०), 14–गोविन्दगंज, 15–केसरिया, 16–कल्याणपुर, 17–पिपरा, 18–मधुबन, 19–मोतिहारी, 20–चिरैया, 21–ढाका, 22–शिवहर, 23–रीगा, 24–बथनाहा (अ०जा०), 25–परिहार, 26–सुरसंड, 27–बाजपट्टी, 28–सीतामढ़ी, 29–रून्नीसैदपुर, 30–बेलसंड, 31–हरलाखी, 32–बेनीपट्टी, 33–खजौली, 34–बाबूबरही, 35–बिस्फी, 36–मधुबनी, 37–राजनगर (अ०जा०), 38–झंझारपुर, 39–फुलपरास, 40–लौकहा, 41–निर्मली, 42–पिपरा, 43–सुपौल, 44–त्रिवेणीगंज (अ०जा०), 45–छातापुर, 46–नरपतगंज, 47–रानीगंज (अ०जा०), 48–फारबिसगंज, 49–अररिया, 50–जोकीहाट, 51–सिकटी, 52–बहादुरगंज, 53–ठाकुरगंज, 54–किशनगंज, 55–कोचाधामन, 56–अमौर, 57–बायसी, 58–कसबा, 59–बनमनखी (अ०जा०), 60–रूपौली, 61–धमदाहा, 62–पूर्णियाँ, 63–कटिहार, 64–कदवा, 65–बलरामपुर, 66–प्राणपुर, 67–मनिहारी (अ०ज०जा०), 68–बरारी, 69–कोढ़ा (अ०जा०), 152–बिहपुर, 153–गोपालपुर, 154–पीरपैंती (अ०जा०), 155–कहलगांव, 156–भागलपुर, 157–सुलतानगंज, 158–नाथनगर, 159–अमरपुर, 160–धोरैया (अ०जा०), 161–बाँका, 162–कटोरिया (अ०ज०जा०), 163–बेलहर, 203–रामगढ़, 204–मोहनिया (अ०जा०), 205–भभुआ, 206–चैनपुर, 207–चेनारी (अ०जा०), 208–सासाराम, 209–करगहर, 210–दिनारा, 211–नोखा, 212–डिहरी, 213–काराकाट, 214–अरवल, 215–कुर्था, 216–जहानाबाद, 217–घोसी, 218–मखदुमपुर (अ०जा०), 219–गोह, 220–ओबरा, 221–नवीनगर, 222–कुटुम्बा (अ०जा०), 223–औरंगाबाद, 224–रफीगंज, 225–गुरूआ, 226–शेरघाटी, 227–इमामगंज (अ०जा०), 228–बाराचट्टी (अ०जा०), 229–बोधगया (अ०जा०), 230–गया टाउन, 231–टिकारी, 232–बेलागंज, 233–अतरी, 234–वजीरगंज, 235–रजौली (अ०जा०), 236–हिसुआ, 237–नवादा, 238–गोविन्दपुर, 239–वारिसलीगंज, 240–सिकन्दरा (अ०जा०), 241–जमुई, 242–झाझा एवं 243–चकाई का मतदान **दिनांक 11.11.2025 (मंगलवार)** को निर्धारित है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) में निहित प्रावधानों के आलोक में किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोक सभा या किसी राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन उपर्युक्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में **दिनांक 11.11.2025 (मंगलवार) को सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जायेगा।**

(अमित कुमार पाण्डेय)
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

PR. No.017443( Election ) 2025-26

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी प्राप्त की जा सकती है।

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# औरंगाबाद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में किया गया मशीनों का प्रथम पूरक रैण्डमाईजेशन

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रथम पूरक रैंडमाइजेशन के माध्यम से प्रथम स्तरीय जाँच में सही पाये गये ईवीएम मशीन को सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए यादृच्छिक रूप से आवंटित किया जाता है। प्रथम पूरक रैंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल के माध्यम से सम्पन्न होता है। इससे संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर कमीशनिंग के दौरान खराब ईवीएम मशीन की क्षतिपूर्ति हेतु जिला में प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए चिन्हित ईवीएम मशीन का कराने के उपरांत एवं पूर्व से मशीनों का प्रथम पूरक रैण्डमाईजेशन औरंगाबाद में सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए किया गया।

बिहार सरकार

## निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

**बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर निर्वाचकों की पहचान के संबंध में आयोग के आदेश से संबंधित आवश्यक सूचना**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्वाचकों को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र के आधार पर अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार हैः–

(i) आधार कार्ड,
(ii) मनरेगा जॉब कार्ड,
(iii) बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक,
(iv) श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड/आयुश्मान भारत हैल्थ कार्ड,
(v) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(vi) पैन कार्ड,
(vii) एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
(viii) भारतीय पासपोर्ट,
(ix) फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
(x) केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,
(xi) सांसदों/विधायकों/विधान परिशद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और
(xii) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

निर्वाचक फोटो पहचान पत्र के संबंध में, लेखन अशुद्धि, वर्तनी की अशुद्धि इत्यादि को नजरअंदाज कर देना चाहिए बशर्ते निर्वाचक की पहचान निर्वाचक फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधान सभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किए जाएंगें बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहाँ वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

उपर्युक्त वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों के होते हुए भी, प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

(अमित कुमार पाण्डेय)
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

PR. No. 017441 (Election) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें

# बिहार में एनडीए की सरकार बननी तय : चिराग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/गोह।** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने शनिवार को औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के फेसर स्थित बसडीहा खेल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह के पक्ष में समर्थन मांगते हुए जनता से अपील की कि बिहार में स्थिर और विकासोन्मुखी सरकार के लिए एनडीए उम्मीदवार को वोट दें। सभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य और देश में विकास की धारा बह रही है। बिहार के गांव-गांव तक सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी योजनाओं का लाभ पहुंचा है। अब हमें इस रफ्तार को और आगे बढ़ाना है। चिराग पासवान ने जनता से अपील की कि वे जाति और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर विकास के मुद्दों पर मतदान करें। उन्होंने कहा कि आज बिहार बदल रहा है और युवा अब अवसर चाहता है, न कि बहाना। हमारा संकल्प है कि बिहार में रोजगार सृजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हर घर तक पहुंचें। सभा में उन्होंने अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान के सपनों को भी याद किया और कहा कि लोजपा (रामविलास) उसी विरासत को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी हर वर्ग के सम्मान और समान अधिकार के



लिए संघर्षरत है। सभा के अंत में चिराग पासवान ने लोगों से बड़ी संख्या में मतदान केंद्र तक पहुंचने की अपील की और कहा कि हर वोट बिहार के भविष्य का फैसला करेगा। एनडीए को जिताइए, विकास और सम्मान की सरकार बनाइए। मंच पर एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह, कार्यक्रम प्रभारी रौशन कुमार सिंह, बिजेंद्र चंद्रवंशी, धर्मेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, सोनू सिंह सोलंकी, जितेंद्र पासवान, विक्रम सिंह, पूजा सिंह, इंदु सिंह, नीतू सिंह, रॉकी राज, सोनम भारती, अनिल कुशवाहा, रवि कुमार सिंह, रामलखन कुमार सिंह और पवन सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। **गोह संवाददाता के अनुसार** शनिवार को गोह के गांधी मैदान में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से एनडीए की एक भव्य जनसभा आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जनसमर्थन का आह्वान किया। कार्यक्रम में हजारों की भीड़ उमड़ी और पूरा मैदान जयकारों से गूंज उठा। मंच पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूलों की मालाओं से चिराग पासवान का स्वागत किया। मंच के सामने खचाखच भरे मैदान में चिराग पासवान जिंदाबाद और मोदी-चिराग एक विचार के नारे लगातार गूंजते रहे। अपने संबोधन में चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति कर रहा है, और अब बिहार में भी विकास की नई गंगा बहाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है- गरीबों को घर, युवाओं को रोजगार और किसानों को सुरक्षा देने की दिशा में जो योजनाएं लागू की गई हैं, वे जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार के विकास को गति देने के लिए एनडीए की सरकार का दोबारा सत्ता में आना जरूरी है। उन्होंने जनता से एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. रणविजय कुमार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. रणविजय कुमार ने कहा कि गोह के विकास की गति तभी तेज होगी जब केंद्र और राज्य में एनडीए की सरकार साथ होगी। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद एनडीए को मिलेगा तो क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

# नबीनगर सीट पर एनडीए और महागठबंधन के बीच टक्कर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** विधानसभा चुनाव में नबीनगर सीट पर अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन के बीच मुकाबला है। हालांकि यहां से जन सुराज की अर्चना चंद्र और निर्दलीय प्रत्याशी लव सिंह इस मुकाबले को त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय कर सकते हैं। राजद के समर्थक माने जाने वाले मतदाताओं ने एकजुट होकर महागठबंधन के प्रत्याशी आमोद चंद्रवंशी को समर्थन देने की बात कही है। जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार चेतन आनंद का चुनाव प्रचार जारी है। इस बार जदयू ने गत विधानसभा चुनाव में राजद के टिकट पर जीते चेतन आनंद को उम्मीदवार बनाया है जिनका बाहरी होने के कारण क्षेत्र में भारी विरोध है। राष्ट्रीय जनता दल ने यहां से स्थानीय उम्मीदवार अमोद चंद्रवंशी को मैदान में उतारा है। ऐसे में राजद समर्थकों में खासा उत्साह है। स्थानीय मतदाताओं का कहना है कि वे पहले से जदयू को वोट देते आए हैं लेकिन इस बार बाहरी उम्मीदवार दिए जाने के कारण वे अपने ही क्षेत्र के उम्मीदवार को प्राथमिकता दे रहे हैं। कई मतदाताओं ने यह भी याद दिलाया कि चेतन आनंद की माता लवली आनंद 1996 में इसी क्षेत्र से चुनाव जीतकर विधायक बनी थीं लेकिन उसके बाद उन्होंने क्षेत्र से दूरी बना ली थी। कुल मिलाकर यहां मुकाबला रोचक है।

# बैलेट बिटिया अभियान के तहत डोर-टू-डोर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में व्यापक डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस पहल में विकास मित्रों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों तथा टोला सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए मतदान के महत्व को रेखांकित किया और सभी से 11 नवम्बर 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। अभियान के दौरान बैलट बिटिया स्टीकर और बैज घरों, दीवारों तथा सड़कों के आसपास लगाए गए ताकि जब लोग अपने घरों से बाहर निकलें, तो उन्हें मतदान की तिथि और उसके महत्व की याद रहे। यह अपील नागरिकों में मतदान के प्रति निरंतर जागरूकता और उत्साह का माहौल बना रही है। ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं ने सामूहिक रूप से मेरा वोट, मेरा अधिकार का नारा बुलंद करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक भागीदारी की प्रेरणा दी। यह जन-जागरूकता अभियान जिला निर्वाचन कार्यालय, औरंगाबाद के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग विशेषकर महिलाओं, प्रथम मतदाताओं और वंचित समुदायों तक मतदान का संदेश पहुँचाना और एक सशक्त लोकतांत्रिक वातावरण का निर्माण करना रहा।

# निर्वाचन प्रक्रिया की सतत निगरानी करेगा नियंत्रण कक्ष : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधान सभा चुनाव के सफल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला नियंत्रण कक्ष से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्यों के सुचारू संचालन हेतु की गई तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष निर्वाचन प्रक्रिया की सतत निगरानी करेगा। इसके अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक नियंत्रण दल गठित किए गए हैं। प्रत्येक दल में पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर त्वरित निगरानी रखी जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्वाचन के दिन मतदान केंद्रों से प्राप्त मतदान प्रगति प्रतिवेदन,



किसी भी आकस्मिक घटना, पोलिंग पार्टियों के मतदान केंद्र पर समय से पहुंचने की स्थिति तथा मतदान समाप्ति के उपरांत इवीएम की सुरक्षित ढुलाई और वज्रगृह तक पहुंच सुनिश्चित करने की समस्त जानकारी नियंत्रण कक्ष को नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नियंत्रण कक्ष कोषांग द्वारा जारी हेल्पलाइन एवं दूरभाष संख्याओं पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों, सूचनाओं या आपात परिस्थितियों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक सूचना पर संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्रवाई कर जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या बाधा उत्पन्न न हो। बैठक के अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन दिवस पर नियंत्रण कक्ष पूर्णतः सक्रिय रहे तथा प्राप्त प्रत्येक सूचना का त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक निर्णय लिया जाए ताकि जिले में निर्वाचन कार्य निर्बाध, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# शराब का सेवन करने के आरोप में 25 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के आलोक में जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उदेश्य से मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा निरंतर सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। 7 नवम्बर को जिला अन्तर्गत की गई छापामारी के तहत कुल 6 व्यक्तियों को शराब बेचने तथा 25 व्यक्तियों को शराब के सेवन करने के आरोप में गिरफ्तार करते हुए कुल 768.700 ली अवैध देशी शराब एवं 26.250 ली अवैध विदेशी शराब तथा 9000 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया साथ ही तीन बाइक को भी जब्त किया गया। अवैध शराब के विरूद्ध की गई छापामारी के तहत शराब बेचने के आरोप में मदनपुर थाना अन्तर्गत आजाद बिगहा से एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब एवं एक मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। अम्बा थाना अन्तर्गत झखरी गांव के समीप सड़क किनारे झाड़ी से अवैध अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। दाउदनगर थाना अन्तर्गत ठाकुर बिगहा नहर के पास से दाक व्यक्तियों को अवैध देशी शराब एवं एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। नवीनगर थाना कोईरीडीह चेकपोस्ट से 1 व्यक्ति को अवैध विदेशी शराब एवं एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। मुफ्फसिल थाना अन्तर्गत बहुआरा से एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# औरंगाबाद में 1200 मीटर तक पिंक रैली का आयोजन

## स्टेट स्वीप आइकॉन नीतू चंद्रा ने मतदान के लिए लोगों को दिलाई शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के कुटुंबा प्रखंड में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से 1200 मीटर तक पिंक रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्टेट स्वीप आइकॉन फिल्म अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। रैली का शुभारंभ प्रखंड कार्यालय परिसर से किया गया जो अंबा मुख्य चौक होते हुए प्लस टू उच्च विद्यालय चिल्हकी, अंबा के खेल मैदान में संपन्न हुई। इस दौरान डीएम श्रीकांत शास्त्री भी मौजूद रहे। आम जनता से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्राओं ने भाग




लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में मतदान से संबंधित स्लोगन वाली तख्तियां लेकर 'पहले मतदान, फिर जलपान' और '11 नवंबर को जरूर करें मतदान' जैसे नारे लगाए। पूरा माहौल लोकतंत्र के रंग में रंगा दिखाई दिया। अपने संबोधन में स्वीप आइकॉन नीतू चंद्रा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान सबसे बड़ा अधिकार और जिम्मेदारी है। आगामी 11 नवंबर को अपने-अपने बूथ पर अवश्य जाएं और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं तो फिर मतदान में भी पीछे न रहें। आपका एक वोट बदलाव की दिशा तय कर सकता है। वहीं डीएम श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जहां-जहां स्वीप आइकॉन नीतू चंद्रा ने प्रचार-प्रसार किया है, वहां मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज होने की संभावना है। उम्मीद है कि कुटुंबा और अंबा क्षेत्र में भी इस बार मतदान प्रतिशत नया रिकॉर्ड बनाएगा। रैली के दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक कर 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करना था। अंत में नीतू चंद्रा और डीएम ने सामूहिक रूप से मतदाता शपथ दिलाई और सभी को जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोकतंत्र के इस पर्व में भाग लेने का संकल्प दिलाया।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बारून थाना अंतर्गत गैमन पुल पर तेज रफ्तार ट्रक ने 28 वर्षीय युवक को रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान बारून थाना क्षेत्र के ही मस्तूल बारून गांव निवासी पुरुषोत्तम पांडेय के पुत्र अमित पांडेय के रूप में की गयी है। घटना की सूचना पर बारून थानाध्यक्ष रंजीत कुमार दल बल के साथ वहां पहुंचे और घटना की छानबीन की। उन्होंने बताया कि परिजनों से जरूरी पूछताछ के बाद शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया।

# वोटिंग एलइडी वैन निकाल किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला प्रशासन, औरंगाबाद द्वारा मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से आज वोटिंग एलइडी वैन को जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण हेतु रवाना किया गया। यह वैन ओबरा विधानसभा क्षेत्र (संख्या-220) के अंतर्गत आज जिनोरिया एवं तरारी गांवों में पहुंची जहां ग्रामीणों को 11 नवम्बर को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। वैन के एलइडी स्क्रीन पर



मतदान से जुड़ी लघु फिल्में, संदेश एवं प्रेरक अपीलें प्रदर्शित की गईं, जिनसे ग्रामीणों में लोकतंत्र के इस महापर्व के प्रति उत्साह और सहभागिता का संचार हुआ। गांव-गांव घूमती यह वोटिंग वैन लोगों को यह संदेश दे रही है कि हर वोट है जरूरी लोकतंत्र की मज़बूत डोर हमारी भागीदारी से ही है मजबूत। इस पहल के माध्यम से जिला प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाए।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# रफीगंज, ओबरा व गोह विस के अभ्यर्थियों की लेखा जांच संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मनोनीत व्यय प्रेक्षक सुधाकर शुक्ला के पर्यवेक्षण में शनिवार को रफीगंज, ओबरा एवं गोह विधानसभा क्षेत्रों के सभी अभ्यर्थियों की तृतीय लेखा जांच संपन्न की गई। यह जांच औरंगाबाद जिले के वाणिज्य कर कार्यालय परिसर स्थित निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग में की गई। इस अवसर पर प्रत्येक अभ्यर्थी तथा उनके अधिकृत लेखा प्रतिनिधि उपस्थित रहे। व्यय प्रेक्षक श्री शुक्ला द्वारा अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय से संबंधित सभी अभिलेखों कैश बुक, व्यय रजिस्टर, वाउचर, बिल, प्रचार सामग्री, पोस्टर-बैनर व्यय, वाहन उपयोग एवं ईंधन संबंधी विवरण, सभा आयोजन व्यय, प्रचार वाहन परमिट एवं अन्य सभी लेखा दस्तावेजों की बिंदुवार एवं गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निर्वाचन व्यय सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक व्यय का उचित अभिलेख रखें और उसे निर्वाचन व्यय अनुश्रवण शाखा में निर्धारित समय पर प्रस्तुत करें ताकि व्यय लेखा की पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने उपस्थित सहायक व्यय प्रेक्षक लेखा संधारण प्रकोष्ठ तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्रत्येक अभ्यर्थी के व्यय की निरंतर निगरानी हो और सभी रिपोर्ट समय पर आयोग को प्रेषित की जाए। इस अवसर पर राज्य कर संयुक्त आयुक्त सह नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग रवि रंजन आलोक, ज्ञानी दास राज कर संयुक्त आयुक्त, संतोष कुमार राज कर उपायुक्त, राज्य कर सहायक आयुक्त गुंजन कुमार, राज्य कर सहायक आयुक्त अनामिका कुमारी, सहायक व्यय प्रेक्षक, वाणिज्य कर विभाग के पदाधिकारीगण, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रतिनिधि तथा अनुश्रवण कोषांग के कर्मी उपस्थित रहे। निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि रंजन आलोक ने बताया कि समन्वय और सहयोग की भावना के साथ कार्य हो रहा है।